राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 13
लखनऊ, सोमवार 21 सितम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



व्यापारियों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन 11

यूपी के दो दिवसीय दौरे पर आज से रहेंगे भाजपा अध्यक्ष 03

## एशियन गेम्स | भारत की झोली में डबल सिल्वर, क्रिकेट फाइनल में

**हर्ष**

- महिला क्रिकेट ने स्वर्ण पदक की ओर बढ़ाया कदम
- हॉकी में महिला टीम 19-0 और पुरुष टीम 13-1 से जीती



**एजेंसी, नागोया।**

एशियन गेम्स-2026 के पहले दिन भारतीय खिलाड़ियों ने पदकों के साथ दमदार शुरुआत की। भारत ने निशानेबाजी में दो रजत पदक जीते और दोनों ही पदक इलावेनिल वलारिवान के नाम रहे। महिला 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में इलावेनिल, सोनम मस्कर और विदर्सा विनोद की तिकड़ी ने रजत दिलाया। इसके बाद इलावेनिल ने व्यक्तिगत स्पर्धा में भी रजत पदक जीतकर एक ही दिन दो पदक अपने नाम किए। व्यक्तिगत फाइनल में उन्होंने 252.4 अंक बनाए, जबकि जापान की हिनाता ताइची ने 253.0 अंक के साथ स्वर्ण जीता।

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 114 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। शेफाली वर्मा ने 49 गेंद में नाबाद 100 रन की तूफानी पारी खेली, जबकि स्मृति मंधाना ने 19 गेंद में 37 और हरमनप्रीत कौर ने 33 गेंद में 40 रन बनाए। भारत ने चार विकेट पर 195 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश 15.4 ओवर में 81 रन पर सिमट गया।

अब 22 सितंबर को फाइनल में भारत का सामना श्रीलंका से होगा। भारत का कम से कम रजत पदक पक्का हो चुका है। महिला हॉकी टीम ने उज्बेकिस्तान को 19-0 से रौंदकर अभियान शुरू किया। दीपिका ने अकेले आठ गोल दागे। पुरुष टीम ने भी इंडोनेशिया को 13-1 से हराया। दिलप्रीत सिंह ने चार गोल किए।

### सुचिका ने पक्का किया पदक

मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में सुचिका तरियाल ने मंगोलिया की अल्तानचिमेग बैगलमा को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इसके साथ उनका कम से कम कांस्य पदक पक्का हो गया।

### कबड्डी में आज स्वर्ण की चुनौती

भारत की पुरुष और महिला कबड्डी टीमें 21 सितंबर से अभियान शुरू करेंगी। दोनों टीमें 2022 एशियन गेम्स की स्वर्ण पदक विजेता हैं और इस बार भी खिताब बचाने उतरेंगी। पुरुष टीम का पहला मुकाबला मेजबान जापान से, जबकि महिला टीम का सामना बांग्लादेश से होगा। कबड्डी में भारत ने अब तक 13 में से 11 स्वर्ण पदक जीते हैं। पुरुष और महिला दोनों फाइनल 26 सितंबर को होंगे।

## टाटा ट्रस्ट ने चंद्रशेखरन की दोबारा नियुक्ति को बताया गैरकानूनी

**एजेंसी, मुंबई।**



टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन के कार्यकाल को पांच साल बढ़ाने के फैसले पर टाटा समूह में टकराव खुलकर सामने आ गया है। टाटा ट्रस्ट्स ने रविवार को चंद्रशेखरन की दोबारा नियुक्ति को गैरकानूनी बताते हुए कहा कि टाटा संस के निदेशक मंडल का बहुमत से लिया गया फैसला कंपनी के आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन (एओए) की शर्तों को पूरा नहीं करता। ट्रस्ट्स के अनुसार, उसके नामित निदेशकों के बहुमत का समर्थन जरूरी था।

17 सितंबर को टाटा संस के बोर्ड ने चंद्रशेखरन को फरवरी 2027 के बाद पांच वर्ष के लिए फिर चेयरमैन बनाए रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। मतदान में चार निदेशकों ने समर्थन किया, जबकि टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन और नामित निदेशक नोएल टाटा ने विरोध किया। ट्रस्ट के दूसरे नामित निदेशक वेणु श्रीनिवासन ने प्रस्ताव का समर्थन किया था। इसी मतभेद को लेकर ट्रस्ट्स ने प्रस्ताव की वैधता पर सवाल उठाया है।

### सर्राफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,55,990/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,43,000/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,17,030/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,55,000/किग्रा |



### संक्षिप्त समाचार

**इमरान की बहन अलीमा गिरफ्तार**

**इस्लामाबाद।** 27 सितंबर के पीटीआई प्रदर्शन से पहले पुलिस ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खान को लाहौर स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया। प्रशासन ने उन्हें 30 दिन हिरासत में रखने का आदेश दिया है। पीटीआई के अनुसार, अलीमा प्रदर्शन की तैयारियों में जुटी थीं। इससे पहले चार पीटीआई कार्यकर्ताओं को भी गिरफ्तार किया गया है।

**यूपी में 7600 और होमगार्डों की होगी भर्ती**

**लखनऊ।** प्रदेश में 7600 और होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती होगी। राज्य में कुल 1,18,348 पदों के सापेक्ष 69,324 होमगार्ड कार्यरत हैं। 41,424 पदों पर भर्ती प्रक्रिया पहले से चल रही है। इसके बाद भी जनवरी 2026 के नियतन के अनुसार 7600 पद रिक्त रहेंगे, जिन्हें नई भर्ती से भरा जाएगा।

**'हनुमान अंश' 15 बार देखी**

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता रागिनी सोना के मुताबिक, नीम करौली बाबा की बेटी गिरिजा जी ने फिल्म 'हनुमान अंश' करीब 15 बार देखी और हर बार भावुक होकर रोईं। रागिनी ने बताया कि फिल्म रिलीज से पहले उन्होंने गिरिजा जी से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया था। फिल्म अब तक दुनिया भर में 329.30 करोड़ रुपये से अधिक कमा चुकी है।

**2747 भूखंडों की रजिस्ट्री नहीं होगी निरस्त**

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी के 2747 भूखंडों की रजिस्ट्री निरस्त नहीं होगी। शासन ने एलडीए के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अंसल द्वारा बंधक रखे गए भूखंडों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत अवमुक्त किया जाएगा। अधूरे और अविकसित क्षेत्रों का विकास एलडीए कराएगा।

**नकली नोट मामले में दो और गिरफ्तार**

**लखनऊ।** सहारनपुर के पीएनबी करेंसी चेस्ट से 17.29 करोड़ रुपये के नकली नोट मिलने के मामले में एनआईए ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुकेश कुमार और राजेंद्र कुमार की गिरफ्तारी के बाद मामले में अब तक चार आरोपी पकड़े जा चुके हैं। एनआईए ने तीन सितंबर को जांच अपने हाथ में ली थी।

**दो नेपाली महिलाएं चरस के साथ गिरफ्तार**

**गोरखपुर।** डीआरआई ने जननायक एक्सप्रेस से दो नेपाली महिलाओं को 6.078 किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया। दोनों महिलाएं चरस के 12 पैकेट जांघों के चारों ओर बांधकर ले जा रही थीं। पूछताछ में उन्होंने बिहार से ट्रेन में सवार होकर लुधियाना जाने की बात बताई। बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब छह करोड़ रुपये बताई गई है।

### प्रदेश में कानून-व्यवस्था पर सीएम योगी का बड़ा बयान

# बेटी से छेड़छाड़ यानी मौत का फरमान : मुख्यमंत्री

- 912 नवनियुक्त पुलिसकर्मियों को बांटे नियुक्ति पत्र
- कहा, उपद्रवग्रस्त प्रदेश को उत्सवपूर्ण प्रदेश में बदला
- यूपी पुलिस बनी 25 करोड़ लोगों के भरोसे का प्रतीक

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था में बदलाव का दावा करते हुए कहा कि प्रदेश में दंगे अब अतीत की बात हो चुके हैं। अपराधियों में कानून का भय है और सड़क पर चलती बेटी से छेड़छाड़ करने की हिम्मत करने वाला अपने हाथों अपनी मौत का फरमान लिख रहा है। लोकभवन में उत्तर प्रदेश पुलिस के 912 नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस ने प्रदेश की छवि बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यूपी पुलिस 25 करोड़ लोगों के भरोसे का प्रतीक बन चुकी है और देश में शासन व्यवस्था की चर्चा होने पर यूपी पुलिस माडल का भी उल्लेख होता है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में दंगे, लंबे कर्फ्यू और माफिया का प्रभाव बड़ी चुनौती थे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में दावा किया कि पहले हर दूसरे दिन दंगे होते थे और मुजफ्फरनगर में छह महीने तक दंगे चले। उन्होंने कहा कि माफिया का काफिला गुजरने पर न्यायिक अधिकारियों तक के वाहन रोक दिए जाते थे। कार्यक्रम में पुलिस उपनिरीक्षक (गोपनीय), सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) और सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) पदों पर चयनित 912 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए गए। चयन उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की प्रक्रिया के तहत हुआ है। मुख्यमंत्री ने भर्ती व्यवस्था में बदलाव का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले युवाओं में भर्ती प्रक्रिया को लेकर निराशा थी और भाई-भतीजावाद तथा प्रश्नपत्र लीक जैसी शिकायतें सामने आती थीं। सरकार ने भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और योग्यता आधारित बनाने के लिए बदलाव किए तथा समूह 'ग' और 'घ' की भर्तियों में साक्षात्कार व्यवस्था समाप्त की।

#### अब त्योहार से पहले अशांति फैलाने की हिम्मत नहीं

योगी ने कहा कि आज कोई गुंडा खुलेआम असलहा लहराकर उत्पात नहीं मचा सकता और न ही त्योहार से पहले अशांति फैलाने की हिम्मत करता है। उन्होंने कहा कि उपद्रवग्रस्त प्रदेश को उत्सवपूर्ण प्रदेश में बदलने में पुलिस की बड़ी भूमिका है।

#### हिंदू परंपरा को आतंकवाद से जोड़ने की कोशिश : योगी


**हामिद अंसारी के बयान पर भड़के सीएम**

**ग्रेटर नोएडा।** पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी की हिंदू दक्षिणपंथी सांप्रदायिकता को लेकर की गई टिप्पणी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। रविवार को ग्रेटर नोएडा में 'प्रेरणा विमर्श-2026' के समापन समारोह में मुख्यमंत्री ने अंसारी के बयान को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि हिंदू परंपरा को आतंकवाद से जोड़ने का प्रयास किया गया है। योगी ने कहा कि हामिद अंसारी के वक्तव्य भारत और भारत की परंपरा के लिए डरावने हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे बयान दुनिया में भारत की छवि खराब करने के लिए चलाए जा रहे दुष्प्रचार का हिस्सा हैं। योगी ने कहा कि अंसारी ने भारत की सनातन परंपरा को कोसने और हिंदू परंपरा का अपमान करने का कुत्सित प्रयास किया है। अंसारी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित एजी नूरानी स्मृति कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के हवाले से कहा था कि भारत के लिए खतरा वामपंथ नहीं, बल्कि हिंदू दक्षिणपंथी सांप्रदायिकता है। उन्होंने एजी नूरानी की पुस्तक द आरएसएस : ए मेनेस टू इंडिया का भी उल्लेख किया था। विश्व हिंदू परिषद के प्रवक्ता सुरेंद्र जैन ने भी अंसारी की टिप्पणी की आलोचना करते हुए इसे देश की परंपराओं का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे वक्तव्यों की कड़ी निंदा की जानी चाहिए।

## दिल्ली में 33 लाख मतदाताओं को नोटिस

### एसआईआर : आडवाणी, सिसोदिया, कपिल सिब्बल भी दायरे में

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



- मतदाता सूची के विवरण में विसंगतियों पर मांगा गया जवाब
- सत्यापन के बाद तय होगी मतदाताओं की स्थिति

दिल्ली में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान करीब 33 लाख मतदाताओं के विवरण में विसंगतियां मिलने के बाद उन्हें नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

इस सूची में पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल समेत कई प्रमुख नाम शामिल हैं। निर्वाचन कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि नोटिस मिलना मतदाता का नाम अंतिम सूची से हटना नहीं है।

संबंधित दस्तावेजों और तथ्यों के सत्यापन के बाद ही अंतिम निर्णय होगा। 98 वर्षीय लालकृष्ण आडवाणी, उनकी बेटी प्रतिभा और बहू गीतिका के नाम 2002 की पिछली एसआईआर सूची से मिलान नहीं होने के कारण नोटिस पाने वालों में शामिल हैं। हालांकि, उनके बेटे जयंत का नाम सफलतापूर्वक मैप हो गया है। इसी तरह मनीष सिसोदिया, उनकी पत्नी सीमा और बेटे मीर के रिकॉर्ड में भी अलग-अलग तरह की विसंगतियां सामने आई हैं। अरविंद केजरीवाल, उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल और परिवार के अन्य सदस्यों के नाम भी एसआईआर के दौरान विसंगति वाली प्रविष्टियों में सामने आए हैं। केजरीवाल के मामले में पुराने एसआईआर से नाम लिंक नहीं होने की बात सामने आई है। वहीं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को उम्र से संबंधित विवरण में विसंगति के कारण नोटिस दिया गया था। अधिकारियों के अनुसार दस्तावेजों के सत्यापन के बाद उनकी प्रविष्टि को मान्य कर दिया गया है। दिल्ली निर्वाचन कार्यालय के अनुसार एसआईआर के दौरान लगभग 33.13 लाख मतदाताओं को नोटिस के लिए चिह्नित किया गया है और 31.63 लाख से अधिक नोटिस वितरित किए जा चुके हैं।

इनमें वे मतदाता भी शामिल हैं जिनका नाम पिछली एसआईआर सूची से मैप नहीं हुआ या नाम, जन्मतिथि अथवा अन्य विवरण में तार्किक विसंगति पाई गई। मतदाताओं को संबंधित निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के समक्ष आवश्यक दस्तावेज जमा कर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जा रहा है।

### 10 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के विभागों में फेरबदल

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने रविवार रात 10 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के विभागों में फेरबदल किया। कई अधिकारियों से महत्वपूर्ण विभाग लेकर दूसरे अधिकारियों को सौंपे गए हैं, जबकि कुछ को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। फेरबदल में उच्च शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, पंचायती राज, खाद्य एवं रसद, ऊर्जा और श्रम जैसे विभाग शामिल हैं। अमित कुमार घोष को अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा बनाया गया है। अमृत अभिजात को वर्तमान पद के साथ परिवहन विभाग का अतिरिक्त प्रभार मिला है। वी. हेकाली झिमोमी को चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। महेंद्र प्रसाद अग्रवाल को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग सौंपा गया है। अनिल कुमार को पंचायती राज से हटाकर प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद तथा उपभोक्ता मामले आयुक्त बनाया गया है। रविंद्र को प्रमुख सचिव पंचायती राज की जिम्मेदारी दी गई है। डॉ. एमकेएस सुंदरम को कृषि से जुड़े कई अहम विभागों का दायित्व मिला है।

## मध्य-पूर्व में फिर तनाव, अमेरिका ने दूतावासों को भेजा अलर्ट

- ट्रंप छुट्टी बीच में छोड़कर व्हाइट हाउस लौटे
- ईरान ने युद्ध खत्म करने के लिए सात शर्तें रखीं



**एजेंसी, वॉशिंगटन/तेहरान।**

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच मध्य-पूर्व में हालात एक बार फिर गंभीर होते दिख रहे हैं। अमेरिका ने क्षेत्र में अपने दूतावासों और नागरिकों को सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी है। इसी बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कैंप डेविड में अपना सप्ताहांत प्रवास तय समय से एक दिन पहले खत्म कर शनिवार को व्हाइट हाउस वापसी की। प्रशासन ने उनकी अचानक वापसी की वजह स्पष्ट नहीं की है।


अमेरिकी चेतावनी इराक, बहरीन, ओमान, सऊदी अरब, ईरान, कतर, लेबनान, कुवैत और जॉर्डन में मौजूद अमेरिकी नागरिकों तथा इन देशों की यात्रा करने वालों के लिए है। लोगों से उड़ानों और हवाईअड्डों की ताजा स्थिति पर नजर रखने को कहा गया है। ईरान के सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव मोहसिन रेजाई ने कहा है कि कतर के माध्यम से अमेरिका तक सात शर्तें पहुंचाई गई हैं। रेजाई के मुताबिक, इन शर्तों के आधार पर बातचीत का रास्ता खुल सकता है। उन्होंने सार्वजनिक रूप से तीन प्रमुख मांगों का उल्लेख किया– सभी मोर्चों पर युद्ध रोकना, विदेशों में जमा ईरानी धन को मुक्त करना और अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी समाप्त करना। तेहरान अब ट्रंप के जवाब का इंतजार कर रहा है।

## यूपी नीट यूजी : काउंसलिंग कार्यक्रम जारी

- आज से च्वाइस फिलिंग 24 सितंबर तक भर सकेंगे विकल्प

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

यूपी नीट यूजी-2026 की दूसरे चरण की ऑनलाइन काउंसलिंग का संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार राजकीय व निजी मेडिकल एवं डेंटल कॉलेजों तथा चिकित्सा विश्वविद्यालयों में एमबीबीएस और बीडीएस की राज्य कोटे की सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।



संशोधित कार्यक्रम के मुताबिक दूसरे चरण की मेरिट सूची 21 सितंबर 2026 को जारी होगी। इसी दिन दोपहर दो बजे से च्वाइस फिलिंग शुरू होगी, जो 24 सितंबर को सुबह 11 बजे तक चलेगी। सीट आवंटन का परिणाम 25 सितंबर को जारी किया जाएगा। सीट पाने वाले अभ्यर्थी 26 सितंबर से एक अक्टूबर तक आवंटन पत्र डाउनलोड कर प्रवेश की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। सीटों का आवंटन दूसरे चरण की मेरिट सूची के आधार पर होगा और पहले से निर्धारित नियम-शर्तें लागू रहेंगी।

### 30 लाख का इनामी नक्सली कमांडर बृजेश गंझू मुठभेड़ में ढेर

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ/वाराणसी।** उत्तर प्रदेश एटीएस ने वाराणसी में कार्रवाई करते हुए झारखंड के प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय प्रस्तुति कमेटी (टीपीसी) के कमांडर बृजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता को मुठभेड़ में मार गिराया। उस पर कुल 30 लाख रुपये का इनाम घोषित था। झारखंड सरकार ने 25 लाख और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पांच लाख रुपये का इनाम घोषित किया था।

**पहल** | 23 अक्टूबर से लखनऊ में दुनिया की टेक ताकत का जमावड़ा

# अमेरिका-ब्रिटेन-जर्मनी समेत 1,200 टेक दिग्गज जुटेंगे लखनऊ में

- यूपीएसआईएफएस में तीन दिन चलेगा इंटरनेशनल डायलॉग
- एआई, रोबोटिक्स व ड्रोन से लेकर साइबर फॉरेंसिक पर होगा महामंथन



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

राजधानी लखनऊ अगले महीने दुनिया की उभरती तकनीकों पर होने वाले बड़े वैश्विक संवाद का केंद्र बनेगी। अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी समेत कई देशों के नीति-निर्माता, उद्योगपति, वैज्ञानिक, शोधकर्ता और तकनीकी विशेषज्ञ 23 से 25 अक्टूबर तक उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) में जुटेंगे। तीन दिवसीय इंटरनेशनल डायलॉग-2026 में देश-विदेश के करीब 1,200 प्रतिनिधियों के शामिल होने की तैयारी है। एआई, रोबोटिक्स, ड्रोन, त्रि-आयामी प्रिंटिंग, क्वांटम कंप्यूटिंग और क्वांटम कम्युनिकेशन के साथ साइबर फॉरेंसिक, डिजिटल साक्ष्य, डाटा सुरक्षा और कानूनी अनुपालन जैसे विषयों पर विशेषज्ञ मंथन करेंगे।

यूपीएसआईएफएस के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी के अनुसार, आयोजन का उद्देश्य सरकार, उद्योग और शिक्षण संस्थानों को एक साझा मंच पर लाना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर युवाओं को नई तकनीकों में दक्ष बनाने पर जोर दिया जा रहा है। संवाद के जरिए तकनीकी शिक्षा को रोजगार, शोध, नवाचार और निवेश से जोड़ने की कोशिश होगी।

खास तौर पर विद्यार्थियों और युवा पेशेवरों के लिए उद्योग से सीधे जुड़ने के अवसर तैयार किए जाएंगे। 23 अक्टूबर को आयोजन का पहला दिन प्रतिभा और उद्योग के बीच संवाद पर केंद्रित रहेगा। विद्यार्थी और युवा पेशेवर कंपनियों तथा तकनीकी विशेषज्ञों से सीधे बातचीत करेंगे। इंटर्नशिप, रोजगार, तकनीकी मार्गदर्शन और मास्टरक्लास के साथ प्रशिक्षण के अवसरों पर चर्चा होगी। स्टार्टअप को अपनी तकनीक और नवाचार प्रदर्शित करने का मंच मिलेगा। उद्योग और शिक्षण संस्थानों के बीच शोध, पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण में सहयोग की संभावनाएं भी तलाशी जाएंगी।

24 अक्टूबर को मुख्य शिखर सम्मेलन होगा। इसमें केंद्र और राज्य सरकार के प्रतिनिधियों के साथ वरिष्ठ नीति-निर्माता, उद्योगपति और स्टार्टअप प्रतिनिधि शामिल होंगे। नीति-उद्योग गोलमेज, तकनीकी प्रदर्शन, निवेश संवाद और ज्ञान-विनिमय सत्र आयोजित किए जाएंगे। कंपनियों और संस्थानों के बीच समझौता ज्ञापन तथा साझा शोध की संभावनाओं पर भी बातचीत होगी।

#### फॉरेंसिक से क्वांटम तक तकनीक पर नजर

तीन दिन के संवाद में भविष्य की उन तकनीकों पर चर्चा होगी, जिनका असर उद्योग, सुरक्षा और न्याय व्यवस्था पर बढ़ रहा है। एआई और रोबोटिक्स से लेकर ड्रोन व त्रि-आयामी प्रिंटिंग तक के उपयोग पर विशेषज्ञ विचार रखेंगे। क्वांटम कंप्यूटिंग और क्वांटम कम्युनिकेशन के साथ पोस्ट-क्वांटम तैयारियों और राष्ट्रीय तकनीकी क्षमता विकसित करने पर भी चर्चा होगी। फॉरेंसिक डीएनए, साइबर फॉरेंसिक, डिजिटल साक्ष्य और आधुनिक जांच प्रणाली भी प्रमुख विषय होंगे। डाटा सुरक्षा, निजता, लेखा-परीक्षण, शासन और कानूनी अनुपालन के जरिए नई तकनीक के सुरक्षित और जिम्मेदार इस्तेमाल पर भी जोर रहेगा।

### मायावती ने एंट्री से पहले ही भतीजी को किया आउट



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपने परिवार को लेकर एक बार फिर बड़ा फैसला किया है। उन्होंने रविवार को स्पष्ट किया कि उनके छोटे भाई आनंद कुमार के बेटे आकाश आनंद और बेटी दीपिका आनंद को अब बसपा में कोई जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी। परिवार से केवल ईशान आनंद को पार्टी में सम्मानजनक जिम्मेदारी देकर आगे बढ़ाया जाएगा। मायावती ने एक्स पर जारी अपनी पोस्ट में कहा कि इस फैसले में अब कोई फेरबदल नहीं होगा। खास बात यह है कि 12 सितंबर को मायावती ने अपने दोनों भतीजों आकाश और ईशान को पार्टी में किसी भी छोटे-बड़े पद पर राजनीतिक जिम्मेदारी देने से इनकार किया था।

# विशेश्वरगंज में सियार का आतंक, 4 घायल

- गन्ने के खेत के पास अचानक लोगों पर झपटा
- गांव में मची दहशत, वन विभाग ने शुरू की कॉम्बिंग
- वन अधिकारियों ने घिसनीपुरवा का किया भ्रमण




**समृद्धि न्यूज विशेश्वरगंज, बहराइच।**

समृद्धि और विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के धनुही चौकी क्षेत्र के अमकोलवा ग्राम पंचायत के मजरा घिसियावन पुरवा में रविवार को सियार के हमले से हड़कंप मच गया। गन्ने के खेत के पास अचानक सियार ने लोगों पर हमला कर दिया। घटना में मां-बेटी समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर किया गया है। घायलों में सुनीता देवी (39), माधुरी (10), दीपक कुमार (7) और अंजनी (15) शामिल हैं।

ग्रामीणों के अनुसार, सियार अचानक गन्ने के खेत से निकलकर लोगों पर झपटा। देखते ही देखते मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने किसी तरह सियार से बचकर घायलों को उपचार के लिए पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

टीम ने आसपास के गन्ने के खेतों और संभावित ठिकानों में सियार की तलाश के लिए कॉम्बिंग अभियान शुरू किया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव, उत्तर प्रदेश अनुराधा वैमूरी, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/मुख्य वन संरक्षक (मध्य क्षेत्र) उत्तर प्रदेश डॉ. रेणु सिंह एवं एवं वन संरक्षक, देवीपाटन वृत्त, गोण्डा डॉ. सेम्मारन एम. द्वारा पहुँचकर मौके का निरीक्षण किया और घटनास्थल का जायजा लिया ग्रामीणों से जानकारी ली।

वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है। लोगों से अकेले खेतों की ओर न जाने और बच्चों को विशेष सावधानी के साथ घर से बाहर भेजने को कहा गया है। आवश्यकता होने पर समूह में आने-जाने की अपील की गई है। सियार की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए क्षेत्र में गश्त और निगरानी बढ़ाई जा रही है। संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी लगाने की तैयारी भी की जा रही है। घटना के बाद ग्रामीणों में सियार को लेकर भय बना हुआ है। फिलहाल वन विभाग की टीम सियार की तलाश में जुटी है। घायलों की वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति के संबंध में विस्तृत चिकित्सकीय जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

## युवाओं को राष्ट्रहित के लिए संगठित रहने का आह्वान



**समृद्धि न्यूज, बहराइच।** फखरपुर ब्लॉक के कुंडासपारा गांव में हिंदू जागरण मंच की संगठन विस्तार बैठक हुई। अध्यक्षता जिला संयोजक धनंजय सिंह एडवोकेट ने की। मुख्य अतिथि आरएसएस के खंड कार्यवाह वरुण शुक्ला ने युवाओं से हिंदू हित और राष्ट्र के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

बैठक में फखरपुर खंड की 11 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। अजय को खंड संयोजक तथा राहुल, दिलीप, पवन वर्मा और पुष्कर को सह संयोजक बनाया गया।

कृष्ण कुमार, ऋषभ, ननके पाठक, अंकित, सुधीर गौतम और पप्पू शर्मा को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया।

# तीन दिवसीय प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित

- प्रभारी मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का किया उद्घाटन
- प्रतियोगिता में 13 जनपदों के छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



शिवपुर ब्लॉक के बरदहा कला गांव स्थित मां पार्वती देवी इंटर कॉलेज के खेल मैदान में विद्या भारती/जन शिक्षा समिति अवध प्रांत के तत्वावधान में तीन दिवसीय 37वीं प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में 13 जनपदों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। विधायक रामनिवास वर्मा, एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी सहित अन्य अतिथियों का छात्रों ने स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में थारू जनजाति की छात्राओं ने अपनी परंपराओं की झलक प्रस्तुत की।

प्रभारी मंत्री ने विद्यालय में 125 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज लगाने की मांग एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी से की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से भारतीय सभ्यता और संस्कृति को मजबूत करने की जरूरत है। विधायक रामनिवास वर्मा ने कहा कि विद्यालय में योग्यता को प्राथमिकता दी जाती है और किसी तरह का भेदभाव नहीं होता।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर यज्ञसैनी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सालिकराम लोधी, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश पांडेय, घनश्याम सिंह चौहान, एसडीएम प्रकाश सिंह, सीओ पवन कुमार सहित अभिभावक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


## खबरें एक नजर में

### झाड़ियों में मिला युवक का शव



**बहराइच।** रुपईडीहा कोतवाली क्षेत्र के रंजीत बोझा गांव में रविवार सुबह प्राथमिक विद्यालय जाने वाले रास्ते के किनारे झाड़ियों में 22 वर्षीय तसव्वर उर्फ शब्बीर का शव मिला। शव मिलने से गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी हरेंद्र मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट होगी।

### एक माह में 11 तेंदुए पकड़े, जंगल में छोड़े



**बहराइच।** कतर्नियाघाट वन्यजीव क्षेत्र से सटे आबादी वाले इलाकों में लगातार पहुंच रहे तेंदुओं को वन विभाग ने रेस्क्यू अभियान चलाकर पकड़ा। बीते एक माह में अलग-अलग स्थानों पर पिंजरे लगाकर 11 तेंदुओं को सुरक्षित पकड़ा गया, जिन्हें आवश्यक प्रक्रिया के बाद प्राकृतिक वास में छोड़ दिया गया। वन विभाग के अनुसार बारिश के दौरान जंगल में पानी भरने और नदियों का जलस्तर बढ़ने से जंगली जानवर आबादी की ओर आ रहे हैं। विभाग ने संवेदनशील इलाकों में गश्त और निगरानी बढ़ा दी है। डीएफओ अपूर्व दीक्षित ने ग्रामीणों से जंगल के आसपास सतर्क रहने और सुनसान स्थानों पर अकेले न जाने की अपील की है।

### सीएचसी अधीक्षक ने आरोग्य मंदिरों का किया निरीक्षण



**सिरौलीगौसपुर-बाराबंकी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरौलीगौसपुर के अधीक्षक डॉ आरिफ सिद्दीकी ने शनिवार को क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने मरौचा, तेलवारी,सरदहा, बरौलिया,मेलारायगंज, भवानीपुर ददरौली, किसुन्दासपुर, बदोसराय,तुरकानी सहित कई आरोग्य केंद्रो का जायजा लिया।केंद्रो पर दवाओ की उपलब्धता, साफ-सफाई, उपस्थिति पंजिका और मरीजो को मिलने वाली सुविधाओं को बारीकी से परखा।निरीक्षण के दौरान दो आरोग्य सेंटरों पर तैनात सीएचओ अनुपस्थित मिले, जबकि बाकी सभी केंद्रों पर सीएचओ मौजूद मिले और ड्यूटी करते पाए गए।अनुपस्थित मिले सीएचओ को लेकर अधीक्षक ने नाराजगी जताई और स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने की बात कही।उन्होने सभी केंद्र प्रभारियो को निर्देश दिए कि केंद्र पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए और निरीक्षण मे जो कमियां मिली हैं,उन्हें जल्द दूर किया जाए।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहकि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### सड़क पर बना जानलेवा गड्ढा, हादसे की दे रहा दावत



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** कोटवाधाम से बदोसराय जाने वाले मुख्य मार्ग पर सत्यनाम पुरवा बाईपास के पास सड़क पर बड़ा गड्ढा हो गया है।गड्ढे के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और हादसे की आशंका बनी हुई है।यह मार्ग क्षेत्र का महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है, जहां दिन-रात छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता है। सड़क के बीचों-बीच हुए गड्ढे में बारिश का पानी भरने से वह और खतरनाक हो गया है।रात के समय अंधेरे में वाहन चालकों को गड्ढे का अंदाजा नहीं लग पाता,जिससे दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ गया है।बाइक सवारों को सबसे अधिक दिक्कत हो रही है।स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग और प्रशासन से तत्काल मरम्मत की मांग की है।भाजपा नेता नागेंद्र सिंह ने जनहित में गड्ढे की मिट्टी भराई व सड़क की मरम्मत जल्द कराने की मांग उठाई है,ताकि किसी बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके और लोगों को सुरक्षित आवागमन मिल सके।

### सर्वेश्वर महादेव मंदिर बनेगा पर्यटन का नया केंद्र



**बाराबंकी।** दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के आलियाबाद ग्राम पंचायत स्थित सर्वेश्वर महादेव मंदिर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जा रहा है। पर्यटन विभाग की ओर से 92.94 लाख रुपये की लागत से मंदिर परिसर में यात्री निवास, हॉल निर्माण और जीर्णोद्धार का कार्य कराया जा रहा है। कार्यदायी संस्था सीएनडीएस द्वारा 24 अप्रैल 2026 से शुरू परियोजना की भौतिक प्रगति आठ प्रतिशत है। यात्री निवास का फाउंडेशन और प्लिंथ बीम का काम पूरा हो चुका है, जबकि चिनाई का कार्य जारी है। जल्द ही स्लैब निर्माण भी शुरू होगा। परियोजना प्रबंधक देवव्रत पवार ने बताया कि कार्य निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार चल रहा है और गुणवत्ता के साथ इसे समय से पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। पर्यटन अधिकारी मनीषा चौधरी ने कहा कि विकास कार्य पूरा होने से स्थानीय के साथ दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को भी सुविधाएं मिलेंगी। स्थानीय लोगों ने मंदिर के विकास पर खुशी जताई है।

# गर्भावस्था में एनीमिया से निपटने को सक्रिय स्वास्थ्य तंत्र

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



गर्भावस्था में एनीमिया मातृ-शिशु स्वास्थ्य के लिए बड़ी चुनौती है। स्वास्थ्य विभाग जांच, नियमित दवा और फॉलोअप के जरिए गर्भवती महिलाओं का उपचार कर रहा है।

कैसरगंज ब्लॉक के हातिसा गांव की 26 वर्षीय रूबी राव ने पहली गर्भावस्था में आयरन की गोलियां छोड़ दी थीं, जिससे हीमोग्लोबिन 6.7 ग्राम प्रति डेसीलीटर रह गया और समय पूर्व प्रसव हुआ। दूसरी गर्भावस्था में उन्होंने नियमित जांच और आयरन-कैल्शियम की दवाएं लीं। परिवार के सहयोग से हीमोग्लोबिन 8.7 से बढ़कर 10 ग्राम हुआ और 19 अगस्त को उन्होंने 3.100 किलोग्राम के स्वस्थ शिशु को जन्म दिया।

सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि जुलाई में जिले की 67,118 गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन जांच हुई। इनमें 3,141 एनीमिया और 3,230 गंभीर एनीमिया से पीड़ित मिलीं। सभी का आयरन टेबलेट, आयरन सुक्रोज और एफसीएम इंजेक्शन से उपचार कराया गया। एसीएमओ डॉ. संतोष राना ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को समय पर जांच और नियमित दवा के साथ परिवार का सहयोग भी जरूरी है।

# जुमलेबाज सरकार को उखाड़ फेंके जनता : गौरव

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**



समाजवादी पार्टी विधानसभा जैदपुर की ओर से रविवार को विश्वनाथ मैरिज लॉन, मसौली में पीडीए जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गौरव रावत ने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में एकजुट होकर जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सपा कार्यकर्ता हमेशा अन्याय के खिलाफ संघर्ष करते हुए लोगों को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए काम करते हैं। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए जनता से आगामी चुनाव में उसे उखाड़ फेंकने की अपील की।

विधायक ने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा को कमजोर नहीं समझना चाहिए और चुनाव को लक्ष्य बनाकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना होगा। उन्होंने बूथ, सेक्टर और जोन प्रभारियों से नए मतदाताओं को जोड़ने का अभियान तेज करने को कहा। प्रत्येक बूथ पर कम से कम 10 नए मतदाताओं के फार्म भरवाने का लक्ष्य भी दिया। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सोच विकास और तरक्की की रही है तथा सभी वर्गों को सम्मान देने का प्रयास किया गया। इस दौरान भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री अरुणेश कुमार रावत ने भाजपा छोड़कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

### पारदर्शिता मांगने वाले युवाओं पर कार्रवाई

सपा प्रदेश सचिव बलराम मौर्य ने युवाओं के मुद्दे पर सरकार को घेरा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हुए, जिससे युवाओं के भविष्य पर असर पड़ा। उन्होंने कहा कि पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था की मांग करने वाले युवाओं पर कार्रवाई की गई। सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने प्रदेश में अपराध और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मुद्दे पर सरकार को घेरा। पूर्व ब्लॉक प्रमुख यासिर अराफात किदवई ने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर जनता की समस्याएं उठाने और संगठन को मजबूत करने की अपील की।

## किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट ने जेल का किया निरीक्षण



**समृद्धि न्यूज, बहराइच।** किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट निधि वर्मा ने सदस्य संजय अवस्थी के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने बैरकों की साफ-सफाई, भोजन, प्रकाश, वेंटिलेशन, पेयजल और चिकित्सा सुविधाओं का जायजा लिया। बालकों के लिए खेल व पुस्तकालय सुविधाएं बढ़ाने के सुझाव दिए। महिला बैरक में महिलाओं और बच्चों की व्यवस्थाएं देखीं तथा बच्चों को पौष्टिक आहार देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक राजीव सिंह, जेलर अजय कुमार झा समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# शातिर चोरों का गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**



थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस टीम द्वारा 03 शातिर चोर/अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से 05 अदद मोबाइल, तीन हजार चार सौ रूपये नगद, तीन अदद आधार कार्ड व घटना में प्रयुक्त तीन अदद मोटरसाइकिल बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना मो0पुर खाला पुलिस टीम द्वारा 03 शातिर चोर/अभियुक्तों 01.लवकुश मिश्रा उर्फ नवीन कुमार पुत्र रामू मिश्रा निवासी ग्राम चन्द्रसिहाली थाना मो0पुर खाला जनपद बाराबंकी, 2.आजाद पुत्र भुलई निवासी ग्राम मुकौली थाना रामनगर जनपद बाराबंकी, 3.विशाल कुमार पुत्र सजीवन निवासी ग्राम जगजीवनपुर थाना मो0पुर खाला जनपद बाराबंकी को बरुहा मोड़ पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी से सम्बन्धित 05 अदद मोबाइल, 3400/- रूपये नगद, 03 अदद आधार कार्ड व घटना में प्रयुक्त 03 अदद मोटरसाइकिल बरामद किया गया। पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 27.08.2026 को ग्राम भटुवामऊ से एक महिला से एक मोबाइल व मोबाइल कवर में रखे रूपये चोरी कर लिये गये थे तथा दिनांक 30.08.2026 को ग्राम सूरतगंज से एक व्यक्ति से रास्ता पूछने के बहाने बातों में उलझाकर मोबाइल चोरी कर लिया था व दिनांक 16.09.2026 को ग्राम बैरानामऊ मंझारी से एक मोबाइल व आधार कार्ड चोरी किया गया था। उक्त घटनाओं के सम्बन्ध थाना मो0पुर खाला पर क्रमशः मु0अ0सं0 443/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस, मु0अ0सं0 433/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस व मु0अ0सं0 442/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस पंजीकृत है।

# 2027 की तैयारी में जुटा अपना दल एस




- अनुप्रिया ने दिया संगठन मजबूत करने का मंत्र

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**

आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर अपना दल (एस) ने भी संगठनात्मक तैयारियों को तेज कर दिया है। रविवार को अम्बेडकरनगर पहुंचीं अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कार्यकर्ता सम्मेलन में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अनुप्रिया पटेल ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में एनडीए के सभी सहयोगी दल एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि जिस विधानसभा सीट पर गठबंधन का प्रत्याशी होगा, उसकी सफलता के लिए एनडीए के सभी घटक दलों के कार्यकर्ता मिलकर काम करेंगे।

सीटों के बंटवारे को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी कोई औपचारिक चर्चा नहीं हुई है और समय आने पर सहयोगी दल आपस में बैठकर इस पर निर्णय करेंगे।

### चुनाव को लेकर गतिविधियां तेज

कार्यकर्ता सम्मेलन में अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन की जमीनी मजबूती को आगामी चुनाव की तैयारियों का अहम हिस्सा बताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव, क्षेत्र और बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने तथा संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। अम्बेडकरनगर में अनुप्रिया पटेल का कार्यक्रम ऐसे समय हुआ है, जब विभिन्न राजनीतिक दल 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर रहे हैं। जिले में अपना दल (एस) की सक्रियता को भी इसी चुनावी तैयारियों के क्रम में देखा जा रहा है।

### एनडीए के साथ कदमताल का संदेश

अनुप्रिया पटेल ने कहा कि अपना दल (एस) भाजपा का पुराना सहयोगी है और एनडीए के सभी घटक दल मिलकर चुनावी तैयारियों में जुटे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को गठबंधन की साझा रणनीति के अनुरूप अपने संगठन को मजबूत करने का संदेश दिया। कार्यकर्ता सम्मेलन के जरिए अनुप्रिया पटेल ने जहां पार्टी संगठन की सक्रियता बढ़ाने का संदेश दिया, वहीं 2027 के लिए एनडीए के सहयोगी दलों के बीच समन्वय और संयुक्त चुनावी तैयारी का संकेत भी दिया।

# 124 कार्यक्रमों से गूंजेगा सेवा संकल्प अभियान

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**

- नाट्य मंचन के जरिए मोदी की 25 वर्षों की सेवा यात्रा और सुशासन का संदेश पहुंचाएगा भाजप



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत जिले में 124 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। चारों विधानसभा क्षेत्रों में 31-31 कार्यक्रम होंगे।

भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने रविवार को जिला कार्यालय अटल भवन में पत्रकार वार्ता में अभियान की रूपरेखा जारी की। उन्होंने बताया कि अभियान के माध्यम से मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन, सेवा कार्यों, सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए आमजन तक पहुंचाया जाएगा। अभियान का प्रमुख आकर्षण 'नमो सेवा-अनकही कहानियां' नाट्य प्रस्तुति होगी। इसमें संवाद, अभिनय, संगीत और मंचन के माध्यम से गुजरात के मुख्यमंत्री से देश के प्रधानमंत्री तक की मोदी की राजनीतिक यात्रा और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े प्रसंग प्रस्तुत किए जाएंगे।

जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री डॉ. अजय सिंह 'पिंकू' ने कहा कि अभियान के जरिए सेवा, सुशासन, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम गांवों, विद्यालयों, सामुदायिक केंद्रों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित होंगे। पत्रकार वार्ता में आद्या सिंह, डीपी सिंह वैस, अवधेश पाण्डेय सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वैष्णो देवी दर्शन को साइकिल यात्रियों का जत्था रवाना



**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।** धनोखर चौराहे स्थित हनुमान मंदिर से अर्जुन रावत के नेतृत्व में 15 तीर्थयात्रियों का जत्था साइकिल से माता वैष्णो देवी दर्शन के लिए रवाना हुआ। वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज श्रीवास्तव व डॉ. सतीश चन्द्रा ने भगवा झंडा दिखाकर यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान तीर्थयात्रियों को माला, अंगवस्त्र व मिष्ठान भेंट कर विदा किया गया। समारोह में पूर्व सभासद चंद्र प्रकाश गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नेपाल एपीएफ ने एसएसबी को वॉलीबॉल में हराया

- रुपईडीहा में दोस्ताना मुकाबला, 2-1 से दर्ज की जीत
- दोनों देशों के सुरक्षा बलों में बढ़ेगा तालमेल



**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**

भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा बलों के बीच दोस्ती और तालमेल बढ़ाने के लिए रुपईडीहा चेक पोस्ट परिसर में दोस्ताना वॉलीबॉल मैच हुआ।

एसएसबी की 42वीं वाहिनी और नेपाल एपीएफ की 30वीं वाहिनी के बीच खेले गए मुकाबले में नेपाल एपीएफ ने एसएसबी को 2-1 से हराया। मैच की शुरुआत दोनों देशों के राष्ट्रगान से हुई। इस दौरान एसएसबी कमांडेंट गिरीश चंद्र पांडेय, नेपाल एपीएफ के एसपी भीमचंद समेत अधिकारी और जवान मौजूद रहे। खेल के बाद विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजन दोनों देशों के सुरक्षा बलों के बीच भरोसा, भाईचारा और समन्वय मजबूत करने में सहायक हैं।

# सेवा संकल्प से सियासी सरगर्मी तेज, बूथ से गांव तक पहुंचेगी भाजपा

- 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा अभियान
- जनसेवा के साथ योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर जोर

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से शुरू हुए एक माह के 'सेवा संकल्प अभियान' को लेकर भाजपा ने जिले में व्यापक कार्यक्रमों की रूपरेखा सामने रख दी है। भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव ने कहा कि 17 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान में जनसेवा, सामाजिक सरोकार और जनभागीदारी से जुड़े कार्यक्रमों को जिलेभर में विस्तार दिया जाएगा। राष्ट्रीय स्तर पर भी भाजपा ने इस अभियान को 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाने की घोषणा की है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा और जनकल्याण से जोड़ते हुए भाजपा कार्यकर्ता पूरे एक माह तक विभिन्न सेवा गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता करेंगे। अभियान का फोकस समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंच बनाने, जरूरतमंदों से जुड़ने तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने पर रहेगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ता सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ अभियान को सफल बनाने के लिए बूथ स्तर तक सक्रिय रहेंगे। भाजपा की हालिया जिला कार्यशाला में भी अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया था। राजनीतिक दृष्टि से देखा जाए तो सेवा संकल्प अभियान भाजपा के लिए केवल कार्यक्रमों की श्रृंखला नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर जनसंपर्क बढ़ाने का भी बड़ा अवसर है। एक महीने तक चलने वाले इन आयोजनों के जरिए पार्टी कार्यकर्ता गांव, बूथ और विभिन्न सामाजिक वर्गों के बीच अपनी सक्रियता बढ़ाएंगे। हालांकि पार्टी की ओर से अभियान का घोषित उद्देश्य जनसेवा, जनभागीदारी और सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। प्रेस वार्ता के दौरान जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव और जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय मौजूद रहे।

### सेवा कार्यक्रमों के साथ जनसंपर्क का विस्तार

अभियान के तहत रक्तदान, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता कार्यक्रम, जरूरतमंदों की सहायता समेत कई सामाजिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही 'मेरे सपनों का भारत—चित्र सेवा', 'नमो सेवा—अनकही कहानियां', 'आंगन मिलन सेवा', 'सेवा की कहानी', 'सेवा ज्योति कलश यात्रा—विकसित भारत का संकल्प', 'वडनगर से वाराणसी यात्रा—जल, जन एवं सेवा', 'सेवा मेरा योगदान', 'सेवा के रंग राष्ट्र के संग', 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज' और 'सुशासन सेवा संवाद' जैसे कार्यक्रम भी प्रस्तावित हैं। खास तौर पर 'आंगन मिलन सेवा' के तहत प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र पर तीन दिवसीय उत्सव एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाने की बात कही गई। वहीं सांस्कृतिक नुक्कड़ नाट्य मंचन के जरिए 'नमो सेवा—अनकही कहानियां' कार्यक्रम के माध्यम से सेवा और जनभागीदारी का संदेश देने की तैयारी है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र विजय कुमार यादव व उसकी पत्नी निशा मेरे कहने सुनने में नहीं है उन दोनों का चाल चलन व व्यवहार ठीक नहीं है जिससे आजीज आकर हम अपने पुत्र व पुत्रवधू को अपने समस्त चल वा अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं उन दोनों के द्वारा किए गए किसी कार्य की जिम्मेदारी या पाबंदी मेरी नहीं होगी।

**प्रार्थी**
**मेला राम पुत्र स्वर्गीय विशंभर निवासी ग्राम सहियापुर थाना गौरा चौराहा जनपद बलरामपुर।**

# अपहरण-फिरौती गिरोह का पर्दाफाश, छह गिरफ्तार

- फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर बदमाशों ने दिया था वारदात को अंजाम

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



उत्तर प्रदेश में लखनऊ के कृष्णानगर थाना पुलिस ने रविवार को अपहरण-फिरौती गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने अन्तराज्यीय गिरोह में शामिल छह आरोपितों की गिरफ्तारी की हैं। गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस अधिकारी बनकर एक युवक का अपहरण करने के बाद परिवार से फिरौती मांगी थी।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिणी) मो. मुश्ताक ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि गिरोह में शामिल आरोपितों में बिहार राज्य का रहने वाला अनुराग कुमार, मनीष कुमार, उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर निवासी अनुराग, लवी कुमार, दीपांशू और आकाश को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से पुलिस अधिकारी के आईडी कार्ड, दो अवैध तमंचा मय तीन जिन्दा कारतूस, 2.50 लाख नकद और एक वाहन के साथ दो नम्बर प्लेट बरामद हुई हैं।

पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि उनके गिरोह में अलग-अलग राज्यों के कई शातिर अपराधी शामिल हैं। ये गिरोह ऐसे लोगों को खोजते हैं, जिनके पास काफी पैसा होता है। उनकी रेकी करने के बाद वारदात को अंजाम दिया जाता है। इसी कड़ी में लखनऊ के साकेत अपार्टमेंट निवासी सुदर्शन घोष का अपहरण इस गिरोह ने किया था। गिरोह में शामिल लखनऊ का रहने वाले गिरफ्तार आरोपित वादी सुदर्शन का करीबी है। उसने ही गिरोह को उसकी गतिविधियों और उसके पास काफी धन होने की जानकारी दी थी। पूरी जानकारी मिलने पर गिरोह ने योजना बनाकर 12 सितंबर को सुदर्शन को ऑफिस के बाहर निकलने पर फर्जी पुलिस अधिकारी का आईडी कार्ड दिखाते हुए कार में बैठकर अपहरण कर लिया था। इसके बाद आरोपितों ने उसी से उसकी पत्नी को फोन करवाकर फिरौती की रकम मांगी थी। 13 लाख रुपये नकदी तथा सोने चांदी के जेवर फिरौती के रुप में मिलने पर सुदर्शन को शहीद पथ के पास छोड़कर गिरफ्तार आरोपित अलग-अलग राज्यों में चले गये थे।

डीसीपी ने बताया कि आरोपितों ने स्वीकार किया है कि घटना में जिन गाड़ियों का हम इस्तेमाल करते है उन पर उन्हीं राज्य या जिले का नम्बर प्लेट लगा देते हैं, जिससे वह पकड़े न जा सके। आरोपित दोबारा किसी बड़ी वारदात करने के इरादे से लखनऊ में डेरा डाले हुए थे, तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पुलिस रिकार्ड में आकाश और अनुराग के खिलाफ पहले भी अपराधिक मामले थानों में दर्ज हैं। इन सभी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है। वहीं इस घटना का सफल अनावरण करने वाली टीम को पुलिस अफसरों ने 25 हजार रुपये इनाम देने की घोषणा की है।

# रक्षा मंत्री से महापौर ने की शिष्टाचार भेंट

- नागरिक सुविधाओं के सुधार पर चर्चा
- विकास योजनाओं व कार्यों से कराया अवगत

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने रविवार को नई दिल्ली में देश के रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के शासकीय आवास पर शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान उन्होंने लखनऊ नगर निगम द्वारा राजधानी में कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को लेकर चर्चा की।

महापौर ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को लखनऊ नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कराए जा रहे जन विकास योजनाओं और कार्यों की जानकारी दी। साथ ही शहर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और नागरिक सेवाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में किए जा रहे कार्यों से भी अवगत कराया।

इस अवसर पर महापौर ने रक्षामंत्री से लखनऊ के विकास को लेकर मार्गदर्शन और आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि लखनऊ के विकास के प्रति रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का निरंतर स्नेह एवं मार्गदर्शन प्रेरणा प्रदान करता है।

## खबरें एक नजर में

### बिजली तार चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार



**मलिहाबाद, लखनऊ।** रहीमाबाद पुलिस ने जल शक्ति मिशन के तहत लगी पानी की टंकियों से सोलर पैनल के केबल व बिजली के तार चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 220 मीटर सोलर डीसी केबल, 10 मीटर बिजली का तार, वायर कटर, प्लास, चाकू, रिंच, आरी और मोटरसाइकिल बरामद की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रवि गौतम, मोहित गौतम और मोनू उर्फ मधुमेश गौतम निवासी गोपारामऊ, थाना माल के रूप में हुई है। पूछताछ में उन्होंने तरौना व उमरावमल गांव में जल मिशन की पानी की टंकियों से चोरी की बात स्वीकार की। मामले में एक अन्य आरोपी उमेश कुमार को माल पुलिस पहले ही चोरी के एक मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। आरोपियों पर रहीमाबाद व माल थाने में कई मुकदमे दर्ज हैं।

### इंडिया स्किल्स के लिए आज तक आवेदन

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत

**लखनऊ।** इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2026–27 में भाग लेने के इच्छुक युवाओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर 22 सितंबर कर दी गई है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने युवाओं से निर्धारित तिथि तक आवेदन करने की अपील की है। अभ्यर्थी स्किल इंडिया डिजिटल पोर्टल अथवा क्यूआर कोड के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। प्रतियोगिता जिला, मंडल, राज्य, रीजनल और राष्ट्रीय स्तर पर होगी। इसमें एआई, रोबोटिक्स, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोन, कोडिंग, वेल्डिंग, ब्यूटी एंड वेलनेस समेत विभिन्न कौशल क्षेत्रों में प्रतिभागी अपनी दक्षता दिखा सकेंगे। राज्य स्तर पर स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक विजेताओं को क्रमशः 20 हजार, 15 हजार और 10 हजार रुपये पुरस्कार दिए जाएंगे। रीजनल स्तर पर पुरस्कार राशि 75 हजार, 50 हजार और 25 हजार रुपये होगी। राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिल सकता है।

### लखनऊ नगर निगम के डंपर ने मजदूर को रौंदा, मौत




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ नगर निगम के डंपर वाहन ने पीजीआई थाना क्षेत्र अंतर्गत एक मजदूर को शनिवार टक्कर मार दी। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीजीआई पुलिस के मुताबिक, रोजाना की तरह कुछ मजदूर तेलीबाग चौराहे पर मजदूरी के लिए खड़े थे। इस दौरान लखनऊ नगर निगम के डंपर (यूपी 35 टी 2143) ने एक मजदूर को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर तत्काल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के पास से कोई पहचान संबंधी दस्तावेज प्राप्त नहीं हुआ है। मृतक के दाहिने हाथ पर विमलेश नाम गुदा हुआ है। मृतक की पहचान के संबंध में अन्य आवश्यक जानकारी की जा रही है। घटना के बाद मामला दर्ज कर फरार डंपर चालक तलाश की जा रही है।

### 25 हजार का इनामी आरोपित गिरफ्तार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चिनहट थाना पुलिस और सर्विलांस ने सयुंक्त कार्रवाई करते हुए युवक की हत्या के मामले में 25 हजार रुपये के इनामी आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी दिनेश चन्द्र मिश्र ने रविवार को बताया कि थाने में जून माह की दो तारीख को सुलतानपुर निवासी इस्तियाक अहमद ने छोटे भाई गुलफाम अहमद के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इस मामले में जांच में पता चला कि लापता युवक की हत्या कर दी गई है। इस आधार पर जांच करते हुए पुलिस ने दो आरोपित समीर और मोहम्मद साहिल को गिरफ्तार कर जेल में भेज दिया था। इस मामले में तीसरा आरोपित फरार चल रहा था। अधिकारियों ने वांछित आरोपित की गिरफ्तारी पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था। मृतक के भाई इस्तियाक ने 19 सितंबर को दोबारा भाई के मामले में वांछित की गिरफ्तारी के लिए शिकायत दर्ज कराई। मामले में पुलिस व सर्विलांस टीम के जरिए वांछित की लोकेशन के आधार पर 25 हजार के इनामी आरोपित बाराबंकी जिले के छिलगंवा छोटी तकिया निवासी तौफीक अहमद को रायपुर बाबू गांव के चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### शिक्षक-कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग

**लखनऊ।** संघटक राजकीय महाविद्यालय शिक्षक एवं कर्मचारी संगठन के प्रथम अधिवेशन में शिक्षकों व गैर–शैक्षणिक कर्मचारियों के नियमितीकरण समेत चार प्रमुख मांगें उठाई गईं। जनेश्वर मिश्र पार्क में आयोजित अधिवेशन में समान वेतनमान, सेवा सुरक्षा और यूजीसी के 2020 विनियम लागू करने की मांग की गई। संगठन ने मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता के लिए समय देने का भी आग्रह किया। महासचिव डॉ. विकास बाजपेयी ने कहा कि मांगों के समाधान से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और शिक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। अधिवेशन में सैकड़ों शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार में संविधान निर्माता का हो रहा अपमान : अखिलेश

- 10 सालों में कई प्रतिमाएं क्षतिग्रस्त की गई
- देश में अगर पेपर लीक हुए हैं तो सबसे ज्यादा यूपी में हुए
- डीजल, पेट्रोल संग हर जरूरत की चीज हो रही महंगी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ना संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जी का सम्मान करती है, ना उनकी मूर्तियों का और ना ही उनके लोगों का। उन्होंने दावा किया कि भाजपा की सरकार में हर साल 15 से ज्यादा मूर्तियां क्षतिग्रस्त की गई है। इस तरह प्रदेश में भाजपा सरकार में अब तक 151 बाबा साहेब की मूर्तियां खंडित की गई हैं।

अखिलेश यादव रविवार को पार्टी की ओर से कराए जा रहे पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) ऑडिट रिपोर्ट को लेकर सपा मुख्यालय लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान दलित मसीहा एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब का भाजपा द्वारा अपमान किए जाने का आरोप लगाते हुए घेरा। सपा अध्यक्ष ने कहा कि 10 सालों की भाजपा सरकार में प्रदेश के 72 जिलों में बाबा साहेब की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त किया गया है। इनमें सबसे ज्यादा अगर इस तरह की घटनाएं सामने आईं हैं तो वह बलिया जनपद में हुई हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि इन प्रतिमाओं के क्षतिग्रस्त एवं अपमान का गुनहगार कौन है। उन्होंने कहा कि इस तरह के मामलों में केवल 14 प्रकरणों में ही गिरफ्तारी की गई हैं, जबकि 45 में मामले अज्ञात हैं। इनमें 08 मामले में नामजद शिकायत की गई हैं। वहीं 84 मामलों में प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई ही नहीं की गई है। भारतीय जनता पार्टी संविधान की दुश्मन तो है ही, गरीबों की भी दुश्मन है इसीलिए डीजल, पेट्रोल हर जरूरत की चीज महंगी हो रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि पिछले 10 साल में जिस तरह से जन विरोधी काम भारतीय जनता पार्टी में हुआ है, उससे हर वर्ग के लोग दुखी हैं। जिन अधिकारियों की ज़िम्मेदारी होती है चुनाव आयोग के नियमों का पालन कराने की, उसमें 10 प्रतिशत भी पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज के अधिकारियों को नहीं रखा गया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने जितनी भी ऑडिट की है, एक का भी जवाब भारतीय जनता पार्टी नहीं दे पायी है। अखिलेश ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से आने वाले विधानसभा चुनाव में जीत का मंत्र देते हुए कि हम सब लोगों ने मिलकर के यह फैसला लिया है कि में हर विधानसभा में 27000 वोट बढ़ाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा दावा किया कि देश में अगर पेपर लीक हुए हैं तो सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में हुए हैं।

# यूपी के दो दिवसीए दौरे पर आज से रहेंगे भाजपा अध्यक्ष

- विस चुनाव की तैयारियों व रणनीति पर होगा मंथन

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 21 व 22 सितंबर को उत्तर प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। मेरठ और सहारनपुर में वे संगठनात्मक बैठकों, युवा सम्मेलन और कार्यकर्ता संवाद में शामिल होंगे। इस दौरान विधानसभा चुनाव की तैयारियों और रणनीति पर मंथन किया जाएगा।

21 सितंबर को मेरठ में नितिन नवीन शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद युवा सम्मेलन और पश्चिम क्षेत्र के शक्ति केंद्र सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसके बाद पूर्व पदाधिकारियों, सांसदों, विधायकों और प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे।

22 सितंबर को मेरठ में प्रबुद्धजनों से संवाद और औघड़नाथ मंदिर में दर्शन के बाद सहारनपुर पहुंचेंगे। यहां पूर्व सांसदों-विधायकों तथा प्रदेश व क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। दौरे के अंत में सिद्धपीठ शाकुम्भरी देवी मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे।

# बप्पा के दरबार में वॉयस ऑफ इंडिया के विजेता ने मचाया धमाल



- सिंदूर से किया अभिषेक, तो गणेश बरसाते हैं कृपा अनेक

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

श्री गणेश प्राकट्य कमेटी के तत्वावधान में झूलेलाल वाटिका, हनुमान सेतु के पास चल रहे मनौतियों के राजा गणेशोत्सव में रविवार को आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह मनौतियों के राजा का सहस्त्र नामों के साथ भव्य सिंदूराभिषेक हुआ।अयोध्या और बनारस से आए आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई। भक्तों ने बारी-बारी से बप्पा को सिंदूर अर्पित किया और फिर उसी सिंदूर को अपने माथे पर लगाया। पंडाल में एक ही स्वर गूंज रहा था - सिंदूर से करते हैं अभिषेक, श्री गणेश कृपा करते हैं अनेक। पूजन में संरक्षक भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, पार्षद रंजीत सिंह, जय करन सिंह, अखिलेश बंसल, संजय सिंह गांधी, गोपाल अग्रवाल, सुधांशु बाथम तथा महिलाओं में संध्या बंसल, उषा अग्रवाल, रुक्मणी अग्रवाल, अंशु बंसल, विमी बंसल, नेहा बंसल, नीरजा सिंह, अंजू गुप्ता, अनुराधा गोयल, कविता अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे। कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि सिंदूराभिषेक से घर-परिवार में सुख-समृद्धि आती है। विगत वर्षों की भांति इस बार भी मनौतियों के राजा के नाम चिट्ठी लिखने की सुविधा रोज सुबह 10 से शाम 6 बजे तक है, जहां श्रद्धालु अपनी मनोकामना लिख रहे हैं।

शाम को भजन संध्या में कोलकाता के संजय शर्मा के निर्देशन में वॉयस ऑफ इंडिया के विजेता सुमित सैनी ने धमाल मचा दिया। गौरा माता दो आंखें दो तारा, मैंने मोहन को बुलाया है और गणपति बप्पा मोरया जैसे भजनों पर भक्त झूम उठे। बाद में श्रीकृष्ण महा रास और राम-केवट संवाद की नृत्य नाटिका ने सबका मन मोह लिया।

# राधा-कृष्ण व भोले की शोभायात्रा बनी आकर्षण का केंद्र

**समृद्धि न्यूज, मलिहाबाद।**



भादों मास में कसमंडी कलां स्थित ऐतिहासिक पापे तालाब पर वर्षों से आयोजित होने वाला पौराणिक मेला इस वर्ष भी श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव पूरे विधि-विधान से मनाया गया।

मेले का शुभारंभ शिव मंदिर से भगवान श्रीकृष्ण, राधा रानी और भोलेनाथ की भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। ढोल-नगाड़ों और लिंगड़े की थाप पर श्रद्धालु झूमते-नाचते नजर आए। शोभायात्रा कसमंडी चौराहा होते हुए क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से निकली और भ्रमण के बाद मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। राधा-कृष्ण की सजीव झांकी श्रद्धालुओं के विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मेले में जलेबी, मिठाई, चाट-पकौड़ी, खिलौने और कॉस्मेटिक की दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ी। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के झूलों का जमकर आनंद लिया। आयोजन को व्यवस्थित बनाने के लिए ग्राम प्रधान रिंकी साहू और प्रधान पति संजय साहू की ओर से चाक-चौबंद व्यवस्थाएं कराई गईं। दुकानदारों के लिए प्रकाश व्यवस्था और दुकानों को क्रमबद्ध तरीके से लगवाने का प्रबंध किया गया, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी न हो। पूरे मेले के दौरान पुलिस बल की निगरानी रही और मेला शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। प्रधान की ओर से मेला कमेटी के सदस्यों व अधिकारियों के लिए भोजन और जलपान की भी व्यवस्था की गई। भाजपा नेता रूपेश मिश्र, प्रवीन द्विवेदी अन्ना, प्रवीन और सोनू सिंह समेत अतिथियों का स्वागत किया गया। मेले को सफल बनाने में रामबहादुर, रोहित राज, अकील अहमद, मुन्ना पासी, संजीत, मोतीलाल, संदीप, आशीष, अंकित, किशोरी नेता, अजय गौतम, देवी, जमुना, नरेश कश्यप, राजेंद्र, डीके, राममिलन, राजकुमार, नाजनी बुआ समेत मेला कमेटी के सदस्यों का योगदान रहा।

### प्रदेश के तीन प्रमुख केंद्रों में प्रशिक्षणार्थी प्राप्त कर रहे मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** समृद्धि न्यूज, लखनऊ। किसानों और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रदेश में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है। बस्ती, सहारनपुर और प्रयागराज के प्रशिक्षण केंद्रों में कुल 76 प्रशिक्षणार्थियों को 90 दिवसीय मौनपालन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उद्यान निदेशक भानु प्रकाश राम ने बताया कि योजना के तहत लाभार्थियों को 50 मधुमक्खी कालोनियों की इकाई स्थापित करने के लिए लागत का 40 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। इसमें मधुमक्खी गृह, शहद निष्कर्षण व रख–रखाव के उपकरण शामिल हैं।

# यात्री की तबीयत खराब होने पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

- बैंकॉक से दिल्ली की फ्लाइट का मामला
- एंबुलेंस से यात्री को भेजा गया अस्पताल

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



बैंकॉक से दिल्ली जा रही इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान के एक यात्री की अचानक तबीयत बिगड़ गई। जानकारी होने पर विमान के पायलट ने चैधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की एटीसी से संपर्क कर पर मेडिकल इमरजेंसी लैंडिंग करने का अनुरोध किया। इसके बाद विमान चैधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतारा गया। बीमार यात्री को आनन-फानन एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया। करीब एक घंटे बाद विमान को दिल्ली के लिए रवाना कर दिया गया।

एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट संख्या (6ई-1054) बैंकॉक से रात करीब 8:15 बजे रवाना होकर रात 11:10 बजे दिल्ली पहुंचती है।

शनिवार रात रास्ते में अचानक यात्री राजेशन अग्रवाल (34) को अचानक सांस लेने में दिक्कत होने लगी। पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर (एटीसी) को इसकी जानकारी दी। इसके बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग लखनऊ एयरपोर्ट पर कराने की अनुमति मांगी। मेडिकल इमरजेंसी को देखते हुए एटीसी ने लैंडिंग की अनुमति दे दी। इसके बाद विमान को रात करीब 10:55 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारा गया।

### यात्रियों की प्रतिक्रिया

अचानक विमान लखनऊ डायवर्ट होने पर कुछ यात्री असहज भी हुए। विमान के लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंड होते ही मेडिकल इमरजेंसी टीम ने मोर्चा संभाला। विमान से यात्री को उतारकर एंबुलेंस से गोमतीनगर स्थित एक प्राइवेट अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने यात्री की हालत खतरे के बाहर बताई है। इस दौरान तकरीबन एक घंटे तक विमान एयरपोर्ट पर रुका रहा। अन्य यात्री विमान में ही बैठे रहे। आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद विमान को रात 12:05 बजे दिल्ली के लिए रवाना कर दिया गया।स

**अभियान** — प्रदेश में शिक्षा की पहुंच को समाज के प्रत्येक वर्ग तक विस्तार देने की कवायद

# नव भारत साक्षरता के तहत प्रदेश में 5.10 लाख शिक्षार्थियों ने दी परीक्षा

- स्कूलों से कारागारों तक पहुंचा साक्षरता अभियान
- 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों को साक्षर बनाने की पहल

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

प्रदेश में शिक्षा की पहुंच को समाज के प्रत्येक वर्ग तक विस्तार देने के प्रयासों के क्रम में उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को मूलभूत साक्षरता परीक्षा आयोजित की गई। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में एक साथ आयोजित इस परीक्षा में लगभग 5.10 लाख शिक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। परिषदीय विद्यालयों के साथ कारागारों और बाल सुधार गृहों में भी परीक्षा केंद्र बनाए गए, जिससे साक्षरता अभियान को समाज के विविध वर्गों तक पहुंचाया जा सके।

विदित हो कि उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का उद्देश्य 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान उपलब्ध कराना है। रविवार को हुई परीक्षा के साथ प्रदेश के सभी 75 जनपदों में साक्षरता की इस प्रक्रिया का महत्वपूर्ण चरण पूरा हुआ। विद्यालयों, कारागारों और बाल सुधार गृहों तक पहुंचे इस अभियान के माध्यम से पढ़ने-लिखने की बुनियादी क्षमता को जीवन के आवश्यक कौशल से जोड़ने की दिशा में प्रयास आगे बढ़ाया गया है।




### 75 जिलों में एक साथ परखी गई साक्षरता

उल्लास–नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित परीक्षा में शिक्षार्थियों के मूलभूत पढ़ने–लिखने तथा संख्यात्मक ज्ञान का आकलन किया गया। प्रदेश के सभी जनपदों में निर्धारित केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ परीक्षा संपन्न कराई गई। लगभग 5.10 लाख शिक्षार्थियों की सहभागिता ने प्रदेश में संचालित वयस्क साक्षरता अभियान के व्यापक दायरे को रेखांकित किया।

### विद्यालय से कारागार तक पहुंचा साक्षरता का संदेश

इस परीक्षा की विशेषता यह रही कि साक्षरता का अवसर परिषदीय विद्यालयों तक सीमित न रहकर कारागारों एवं बाल सुधार गृहों तक भी पहुंचा। अलग–अलग सामाजिक परिस्थितियों से आने वाले शिक्षार्थियों को मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान से जोड़ने के उद्देश्य से इन स्थानों पर भी परीक्षा आयोजित की गई।

### चंदौली-जौनपुर में भारत सरकार की टीम ने किया निरीक्षण

परीक्षा के निरीक्षण एवं निगरानी के लिए भारत सरकार की टीम जनपद चंदौली एवं जौनपुर में उपस्थित रही। टीम द्वारा निर्धारित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा संचालन एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। प्रदेश स्तर पर साक्षरता एवं वैकल्पिक शिक्षा निदेशालय/राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ से भी अधिकारियों ने विभिन्न जनपदों में पहुंचकर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अनिल भूषण चतुर्वेदी, शिक्षा निदेशक बेसिक/साक्षरता ने जनपद लखनऊ, नीलम, उप निदेशक, साक्षरता ने जनपद प्रतापगढ़ तथा प्रतिमा मिश्रा, सहायक निदेशक, साक्षरता ने जनपद सोनभद्र में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

# तीन किमी तक पीछा करके छात्रा से छेड़छाड़

- शिकायत करने पर कार चढ़ाने की भी कोशिश
- छात्रा ने मोबाइल से कार के नंबरप्लेट की फोटो खींची

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



पारा थाना क्षेत्र में कॉलेज जा रही बीएससी नर्सिंग की छात्रा का कार सवार युवक ने तीन किलोमीटर तक पीछा कर छेड़छाड़ की। ई-रिक्शा में बैठने के बाद भी आरोपी अभद्र टिप्पणी करते हुए कार में बैठने का दबाव बनाता रहा।

छात्रा ने आगे जाकर ट्रैफिक कर्मियों से शिकायत की, तो आरोपी ने कर्मियों पर कार चढ़ाने का प्रयास किया। पारा निवासी युवती आईआईएम रोड स्थित कॉलेज में बीएससी नर्सिंग की छात्रा है। शनिवार सुबह करीब 8 बजे वह घर से कॉलेज जाने के लिए पैदल निकली थी। तभी एक कार सवार युवक उसका पीछा करने लगा।

हंसखेड़ा मोड़ तक पैदल आने के बाद छात्रा ई-रिक्शा में बैठ गई। आरोप है कि कार सवार युवक ई-रिक्शा का पीछा करते हुए अभद्र और आपत्तिजनक कमेंट कर उसे परेशान करने लगा। वह कार को छात्रा के आगे-पीछे लगाकर लगातार परेशान करता रहा। लगातार पीछा किए जाने से घबराई छात्रा ने तिकोनिया के पास ऑटो रुकवाया और आसपास मौजूद लोगों से मदद मांगी। मौके पर तैनात ट्रैफिक कर्मियों ने आरोपी की कार को रोकने का प्रयास किया। आरोप है कि चालक ने ट्रैफिक कर्मियों पर ही कार चढ़ाने का प्रयास किया और भाग निकला।

आरोपी कार लेकर भागा तो छात्रा ने अपने मोबाइल से कार और उसके नंबर की फोटो खींच ली। छात्रा ने परिजनों को जानकारी दी। छात्रा की मां ने पारा थाने में अज्ञात कार सवार युवक के खिलाफ तहरीर दी है। चौकी प्रभारी मुन्नालाल ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर कार नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले ही इस तरह की घटना को अंजाम देने का दुस्साहस हुआ था।

# सीएमओ ने पीएचसी जलीकोठी व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

सीएमओ डा. विवेक कुमार मिश्रा द्वारा अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र-जलीकोठी पर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी डा.निखिल दीक्षित, फार्मासिस्ट अभिषेक श्रीवास्तव, मनीषा देवी व शिल्पी वर्मा स्टाफ नर्स, बुलबुल, प्रतीक्षा, गीता, नूरबानो अन्य संबंधित स्टाफ उपस्थित पाया गया।ओपीडी में 51 मरीजों को देखा जा चुका था। हेल्थ एटीएम में 6 मरीजों की जांच की गई। सीएमओ ने रोशनी और प्रेमचंद नामक मरीजों को




स्वयं देखकर दवा लिखी। लैब में मलेरिया , टाइफाइड, शुगर तथा सीबीसी सहित 10 जांचे की गई थी। एआरवी 25 मरीजों को लगाई गई तथा 1 गर्भवती और 3 बच्चों का टीकाकरण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने स्वाइन फ्लू से बचाव एवं सतर्कता के निर्देश दिये और सभी स्टाफ ड्यूटी के समय एप्रेन अवश्य पहनने का निर्देश दिया।

अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जलालनगर पुलिस लाइन में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टाफ उपस्थित पाया गया। ओपीडी में केवल 8 मरीजों को ही देखा गया था । प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं सभी स्टाफ को मरीजों के प्रति मधुर एवं सहयोगात्मक व्यवहार रखने हेतु निर्देशित किया गया। 7 बच्चों का टीकाकरण किया गया। मुख्य गेट पर क्षतिग्रस्त बेंच देखकर नाराजगी व्यक्त की तथा तुरंत बदलने का आदेश दिया तथा अस्पताल की साफ़ सफाई हेतु निर्देशित किया गया। मरीजों व तीमारदारों से अच्छा बर्ताव करने हेतु निर्देश दिया गया।

### 22 साल पुराने शीशम के पेड़ को काटने का आरोप

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव शिबनगर के ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर करीब 22 वर्ष पुराने शीशम के पेड़ को कथित रूप से काटे जाने की शिकायत की है। ग्रामीणों का आरोप है कि पेड़ की कीमत करीब एक लाख रुपये बताई जा रही थी, जिसे कुछ लोगों की मिलीभगत से काट दिया गया। प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पेड़ काटने के बाद उसकी लकड़ी को मौके से हटा दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि मामले की जानकारी होने पर उन्होंने संबंधित लोगों से पूछताछ की, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला। उन्होंने मामले की जांच कर पेड़ की लकड़ी बरामद कराने तथा दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। लेखपाल ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को फोन करने पर उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया आरा मशीन से लकड़ी बरामद नहीं हो सकी। इस संबंध मे क्षेत्राधिकार पुवायां प्रवीण मलिक को अवगत कराना चाहा मीटिंग में होने के कारण बात नहीं सकी उनके गनर ने फोन उठाया। एसडीएम पुवायां सदानंद सरोज से इस संबंध में बात करनी चाही, लेकिन उनका फोन नहीं लगा।

# योग के प्रति किया गया जागरूक

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

लायन क्लब शक्ति शाहजहांपुर के द्वारा राजकीय बाल गृह में मेडिटेशन योगा और पढ़ाई के प्रति बच्चों को जागरूक करने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष शिक्षिका लायन ललिता यादव ने बताया कि लायन क्लब शक्ति के द्वारा राजकीय बाल गृह में बच्चों को मेडिटेशन योगा आर्ट ऑफ़ लिविंग टीचर लायन शुभांगी गुप्ता लायन ललिता यादव के द्वारा कराया गया। लायन ललिता यादव ने बताया कि इस मौसम में बीमारियों का खतरा बहुत अधिक बढ़ जाता है बीमारियों से बचने के लिए अगर हम रोज मेडिटेशन योगा करते हैं और स्वच्छता का ध्यान रखते हैं तो हम बीमारियों से बच सकते हैं। इसीलिए हम लोगों ने इन बच्चों के लिए यह कार्यक्रम रखा तथा



स्वास्थ्य ,शिक्षा और अच्छे संस्कारों के प्रति बच्चों को जागरूक किया तथा बच्चों से पौधारोपण भी कराया इसके साथ ही बच्चों को जूस फल बिस्किट आदि वितरित किए। इस कार्यक्रम में बाल गृह के वार्डन राम विनय यादव एवं पूरे स्टाफ और बच्चों का पूर्ण सहयोग रहा ललिता यादव ने सभी का धन्यवाद आभार व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### धूमधाम से मनाई श्री राधा अष्टमी

**शाहजहांपुर।** क्षेत्र में श्री राधा अष्टमी का पर्व अत्यंत श्रद्धा, हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मटिया के महाराज मंदिर को आकर्षक फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया था। सुबह से ही राधा रानी और भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। विशेष पूजा-अर्चना, महाअभिषेक और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने झूमते हुए भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर विशाल आरती के बाद भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय भजनों की गूंज से माहौल राधा रानी के जयकारों से गुंजायमान रहा।

### टीन शेड गिरने से पशु घायल, मुआवजे की मांग

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव रतनपुर कुंडा में शनिवार रात करीब 11 बजे सुखदेव उर्फ छुन्ने का टीन शेड अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे के समय शेड में कई गाय और एक भैंस बंधी थीं। मलबे में दबने से पशु घायल हो गए। शेड में भूसा और अनाज भी रखा हुआ था। सुखदेव उर्फ छुन्ने ने बताया कि रात में पशुओं को चारा डालने के बाद वह टीन शेड में सोने चला गया था। कुछ देर बाद अचानक शेड भरभराकर गिर पड़ा। टीन का एक तख्ता उसके ऊपर आ गिरा। दीवार की आड़ और उस पर बांस रखे होने के कारण वह बाल-बाल बच गया। हादसे में उसकी भैंस भी घायल हो गई। तेज आबाज सुन ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मालवे में दबे गाय और भैंस को बाहर निकाला। अगर टीन शेड दिन मे गिरता तो कोई घटना घटित हो सकती थी। पीड़ित के अनुसार हादसे के समय तेज हवा भी नहीं चली थी। अचानक टीन शेड गिरने से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। उसने तहसील प्रशासन से मौके पर जांच कराकर नुकसान का आकलन कराने और नियमानुसार मुआवजा दिलाने की मांग की है। पीड़ित ने लेखपाल उत्कर्ष वर्मा को फोन कर जानकारी दी। और मुआवजा दिलाने की मांग की है। लेखपाल उत्कर्ष वर्मा ने मौके पर पहुंचकर जांच कर कार्यवाही करने की बात कही है। अब देखना होगा कि प्रशासनिक जांच में हादसे की वजह और नुकसान की तस्वीर क्या सामने आती है।

### ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार होमगार्ड समेत दो घायल

**तिलहर - शाहजहांपुर।** ई-रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार होमगार्ड समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची ने एंबुलेंस से दोनों घायलों को सीएचसी भिजवाया । जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर दोनों को गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।



जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह हाईवे स्थित भुड़ेली पेट्रोल पंप के पास जेतीपुर थाने में बाइक से ड्यूटी पर जा रहे होमगार्ड मोहल्ला बारह पत्थर निवासी झंकार सिंह 55 की बाइक में ई-रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में झंकार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं टक्कर के बाद ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें शाहजहांपुर के आवास विकास कॉलोनी निवासी ई-रिक्शा चालक ओमकार 38 भी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में दोनों को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत

- एक मृतक डभौरा निवासी जावेद, दूसरे की नहीं हो सकी शिनाख्त

**तिलहर - शाहजहांपुर।** अलग अलग जगहों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई । जिसमें एक की डभौरा निवासी जावेद के रूप में पहचान हुई । जबकि दूसरे की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। जानकारी के मुताबिक रविवार सुबह करीब पांच बजे हाइवे पर कपसेड़ा गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप तिलहर से शाहजहांपुर जाने बाली लेन पर एक अज्ञात व्यक्ति की अज्ञात वाहन से टकराकर मौके पर ही मौत हो गई । जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। बकौल पुलिस ग्रामीणों ने बताया कि वह घुमंतू व्यक्ति इसी क्षेत्र में अक्सर दिखाई देता था। उधर सुबह करीब छह बजे थाने के सामने तिलहर जैतीपुर तिराहे पर एक व्यक्ति के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची । मौके पर शव बरामद हुआ । जिसकी गांव डभौरा निवासी जावेद पुत्र हिदायतुल्ला 28 के रूप में परिजनों ने शिनाख्त की । बकौल पुलिस मृतक जावेद के परिजनों के मुताबिक वह मानसिक रूप से विक्षिप्त था । मृतक की बहन सायमा ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# यूजीसी नेट क्वॉलीफाई कर सदफ सिद्दीकी ने बढ़ाया गांव का मान

**समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।**

विकास खंड सिंधौली के गांव मूड़ा हारिस निवासी सदफ सिद्दीकी ने यूजीसी नेट परीक्षा क्वालीफाई कर अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जोड़ते हुए परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता पर परिजनों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने खुशी जताई है। सदफ सिद्दीकी पुत्री मोहम्मद आरिफ ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव के प्राथमिक विद्यालय मूड़ा हारिस से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं की शिक्षा श्री फूल सिंह शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज से संबद्ध एम.ए. पब्लिक स्कूल से पूरी की। दोनों कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उन्होंने विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके बाद सदफ ने गांधी फैज-



ए-आम कॉलेज से अंग्रेजी विषय में बीए और एमए की पढ़ाई पूरी की। उन्होंने स्वामी सुखदेवानंद कॉलेज से बीएड की डिग्री प्राप्त की। वर्तमान में वह अपनी ही ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक के पद पर कार्यरत हैं। नौकरी के साथ पढ़ाई जारी रखते हुए यूजीसी नेट परीक्षा क्वालीफाई करना उनकी मेहनत और लगन का परिचायक है। सदफ के पिता मोहम्मद आरिफ एलआईसी एजेंट हैं, जबकि माता आलिया बेगम आशा कार्यकर्ता हैं। उनके भाई स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) में कार्यरत हैं। सदफ अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को देती हैं। उनका कहना है कि परिवार के सहयोग, शिक्षकों के मार्गदर्शन और निरंतर मेहनत ने उन्हें लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उनकी सफलता से गांव में खुशी का माहौल है और ग्रामीणों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### दशनीत ने उत्तीर्ण किया यूजीसी नेट



**शाहजहांपु।** यूजीसी नेट जून 2026 की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए दशनीत कौर ने वाणिज्य विषय में यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होने परीक्षा में 192 अंक प्राप्त कर 98.63 पर्सेंटाइल हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ वह असिस्टेंट प्रोफेसर पद तथा पीएचडी में प्रवेश के लिए पात्र हो गई हैं। उल्लेखनीय है कि दशनीत ने स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज से वर्ष 2026 में एम.कॉम. की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उपलब्ध विवरण के अनुसार यूजीसी नेट जून 2026 के लिए वाणिज्य विषय में कुल 73,899 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 47,215 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। दशनीत की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पुष्पेंद्र बहादुर सिंह, कॉलेज प्राचार्य प्रो आर के आजाद, वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ अनुराग अग्रवाल, वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रो देवेंद्र सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो कमलेश गौतम सहित समस्त शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# टीकाकरण से झिझक दूर करेंगे, हर बच्चे को लगेगा समय पर टीका

- यूपीएचसी ककरा कला में जीरो डोज
- वीएबी फैमिली को लेकर हुई इंफ्लुएंसर ओरिएंटेशन ट्रेनिंग

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाने और टीकाकरण से वंचित परिवारों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से ADRA India की ओर से यूपीएचसी ककरा कला में 'जीरो डोज' और VAB फैमिली को लेकर इंफ्लुएंसर ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में क्षेत्र की आशाओं से जुड़े प्रभावशाली लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की जिम्मेदारी और उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में प्रत्येक आशा के क्षेत्र से पांच-पांच प्रभावशाली व्यक्तियों का चयन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि कुछ परिवार अब भी बच्चों का टीकाकरण नहीं कराते हैं। कई बार इसके पीछे टीके को लेकर झिझक, गलतफहमी या पर्याप्त जानकारी का अभाव रहता है। ऐसे परिवारों तक सही और विश्वसनीय जानकारी पहुंचाकर उन्हें नियमित टीकाकरण के लिए प्रेरित करने में स्थानीय प्रभावशाली लोगों की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। प्रशिक्षकों ने बताया कि 'जीरो डोज' बच्चों तक पहुंच बनाना विशेष रूप से जरूरी है, ताकि जो बच्चे टीकाकरण अभियान से पूरी तरह छूट गए हैं, उन्हें भी समय से आवश्यक टीके मिल सकें। साथ ही परिवारों को समझाया जाए कि बच्चों को निर्धारित टीकाकरण कार्यक्रम के अनुसार टीके लगवाने से गंभीर बीमारियों से बचाव में मदद मिलती है। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों से अपील की गई कि वे अपने-अपने क्षेत्र में परिवारों से संवाद करें, टीकाकरण को लेकर मौजूद भ्रांतियों और झिझक को दूर करने में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें तथा जरूरत पड़ने पर परिवारों को स्वास्थ्यकर्मियों से सही जानकारी लेने के लिए प्रेरित करें। उद्देश्य यह है कि कोई भी बच्चा केवल जानकारी के अभाव या झिझक के कारण टीकाकरण से वंचित न रहे। कार्यक्रम में MO शुभम दीक्षित, DC जुबेर अहमद, आशा नीलोफर, नीतू पाल, पुष्पा मिश्रा, विटान श्री तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ममता सक्सेना सहित संबंधित लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का समन्वय अन्नपूर्णा की ओर से किया गया।

### खेत से सामान चोरी करने के आरोप में गिरफ्तार

- फावड़ा, लोहे की फ्लैंच और पाइप बरामद

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना खुटार पुलिस ने खेत से सामान चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ पहले से भी आबकारी अधिनियम और आर्म्स एक्ट समेत कई मामले दर्ज बताए गए हैं।पुलिस के मुताबिक, 20 सितंबर को एक ग्रामीण ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके खेत से एक फावड़ा, एक फ्लैंच और लोहे का पाइप समेत अन्य सामान चोरी कर लिया गया है। मामले में पुलिस ने रामकिशोर पुत्र रामभजन और रामकिशन पुत्र रामबाबू निवासी नरौठा हंसराम के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। पुलिस के अनुसार वादी ने



रामकिशोर को चोरी के सामान के साथ पकड़ लिया और उसे थाने लेकर पहुंचा। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की और बरामद सामान को कब्जे में लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ वर्ष 2021, 2022, 2024 और 2025 में आबकारी अधिनियम के तहत मामले दर्ज हैं। इसके अलावा वर्ष 2008 में आर्म्स एक्ट के तहत भी मामला दर्ज हुआ था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# नीचे लटक रहे बिजली के तार से हादसे का खतरा, शिकायतों के बाद भी समस्या बरकरार

**समृद्धि न्यूज़, खुदागंज शाहजहांपुर।**

नगर के मोहल्ला कायस्थाना, वार्ड नंबर 6 स्थित चौक के पास बिजली के नीचे लटकते तार लोगों के लिए परेशानी और संभावित खतरे का कारण बने हुए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार यहां कुछ वर्ष पहले पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। टंकी के पीछे लगे बिजली के खंभे पर पहले तार व्यवस्थित रूप से बंधे हुए थे, लेकिन टंकी निर्माण के दौरान तारों को हटाकर बिजली लाइन से जोड़ दिया गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि टंकी का निर्माण पूरा होने के बाद तारों को दोबारा खंभे पर सुरक्षित तरीके से व्यवस्थित नहीं किया गया। इस संबंध में कई बार लाइटमैन से



शिकायत और तारों को ठीक कराने का अनुरोध किया गया, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका।

बताया गया कि तार काफी नीचे तक लटक रहे थे। शनिवार को एक चार पहिया पिकअप वाहन की चपेट में आने से तार टूट गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक तार टूटने के बाद भी उन्हें खंभे पर सुरक्षित तरीके से व्यवस्थित नहीं किया गया है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने विद्युत विभाग से मामले को तत्काल संज्ञान में लेकर तारों को खंभे पर सुरक्षित एवं व्यवस्थित कराने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते तारों को दुरुस्त नहीं कराया गया तो किसी अप्रिय घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### नाबालिग किशोरी समेत दो ने संदिग्ध परिस्थितियों में खाया जहरीला पदार्थ

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।**

अलग-अलग स्थानों पर संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग किशोरी व एक अधेड़ व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे । जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

जानकारी के मुताबिक रविवार दोपहर कटरा के ग्रामीण क्षेत्र निवासी एक 15 वर्षीय किशोरी ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। वहीं नगर के मोहल्ला पक्का कटरा निवासी 50 वर्षीय इरफान पुत्र मसीत ने भी संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया।

दोनों की हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर दोनों को गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सीएचसी से सूचना पुलिस को दे दी गई है।

# खनन की कवरेज करने पहुंचे पत्रकार पर ट्रैक्टर चढ़ाने का आरोप

- मुकेश राठौर पर गाली-गलौज करने का भी आरोप
- पत्रकारों के साथ थाने पहुंचकर दी तहरीर

**समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।**

क्षेत्र में कथित अवैध खनन का कारोबार जोरशोर से हो रहा है। जब खनन की कवरेज करने पहुंचे पत्रकार अवनीश त्रिवेदी पर मुकेश राठौर द्वारा ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास करने और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद पत्रकारों के साथ थाना कांट पहुंचकर उन्होंने प्रभारी



निरीक्षक अनुज कुमार तोमर को प्रार्थना पत्र दिया।अवनीश त्रिवेदी के अनुसार वह क्षेत्र में हो रहे खनन की कवरेज के लिए गए थे। इसी दौरान आरोप है कि मुकेश राठौर ने उनके ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया। उन्होंने किसी तरह वहां से हटकर खुद को बचाया। घटना को लेकर उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।प्रार्थना पत्र में क्षेत्र में कथित अवैध खनन जारी रहने का भी उल्लेख किया गया है। तहरीर के अनुसार इससे पहले भी मुकेश राठौर का एक ट्रैक्टर पुलिस थाने लाई थी, जो बाद में छोड़ दिया गया। हालांकि इस संबंध में पुलिस की ओर से पूर्व की कार्रवाई की पुष्टि नहीं की गई है।प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर ने बताया कि प्रकरण की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## तीन भैंस चोरी मामले में पौन माह बाद दो आरोपी गिरफ्तार

- घटना के गांव का ही मुख्य आरोपी टाइगर व साथी फरार

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।**

पौन माह पूर्व एक गांव से दिन दहाड़े चोरी गई तीन भैंसों की हुई चोरी मामले में पुलिस ने कांठ क्षेत्र के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि घटना बाले गांव का ही प्रकाश में आया मुख्य आरोपी व साथी फरार है । गौरतलब है कि कोतवाली क्षेत्र के गाँव राई खेड़ा निवासी सुमन पत्नी स्व वीरपाल की विगत माह 27 अगस्त को दोपहर में गांव की बगिया से तीन भैंस चोरी हो गई थी । उक्त भैंस चोरी कर ले जाये जाने की सीसीटीवी में तस्वीर व वीडियो वायरल होने के बाबजूद तमाम



हीला हवाली के बाद दस सितंबर को भैंस चोरी की अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। उक्त मामले की बायरल वीडियो की पड़ताल और विवेचना में प्रकाश में आए कांठ थाना क्षेत्र के गांव ससयारा गांव निवासी अतुल उर्फ आनंद पुत्र विजेंद्र कुमार व अमित गुप्ता पुत्र गजेंद्र पाल गुप्ता को तिलहर पुलिस ने रविवार को बंथरा पुल के समीप से धर दबोचा। उनके कब्जे से आठ हजार रुपए, मोबाइल व स्प्लेंडर बाइक बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस पूंछताछ में बताया कि राई खेड़ा गांव निवासी राजकमल उर्फ कमल उर्फ टाइगर पुत्र राजेंद्र व सदर क्षेत्र के गांव अब्दुल्लागंज निवासी नन्हे मिश्रा उर्फ पंडित पुत्र छोटेलाल ने पहचाने जाने के डर से भैंस उन्हे दे दीं। दूर जाकर उन दोनों ने उनसे भैंसें वापस ले लीं। जिसके एवज में दोनों को 28 हजार रुपए मिले थे। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# सेवा ही संकल्प कार्यक्रम अन्तर्गत सफाई नायक सम्मानित

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

सेवा ही संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला गंगा समिति के बैनर तले रानी अवंती बाई पार्क, चिनौर में स्वच्छता श्रमदान एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र के विस्तार तथा आमजन में स्वच्छता एवं प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में विभिन्न हितकारी स्वयंसेवी संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों ने पार्क परिसर में स्वच्छता



श्रमदान करते हुए कूड़ा-कचरा एवं अन्य अपशिष्ट एकत्र कर परिसर को स्वच्छ बनाया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए केसिया सेमिया, कटहल, आम व सहजन जैसी प्रजातियों के पौधों का पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में सहकार भारती, मानवता वेलफेयर सोसाइटी एवं गुरुनानक सेवा समिति का विशेष सहयोग रहा। इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भी श्रमदान एवं पौधरोपण में भाग लेकर सेवा कार्य को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित स्वयंसेवकों एवं नागरिकों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे सेवा कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मक सहभागिता और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत किया जा सकता है। इस अवसर पर ''जिला परियोजना अधिकारी डॉ. विनय कुमार सक्सेना'' ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को '''सेवा के संकल्प''' की शपथ ग्रहण कराई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और समाजसेवा के कार्यों में जनभागीदारी बढ़ाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों एवं सामाजिक संगठनों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। कार्यक्रम में अरुण मिश्रा, रमेश कोरी, तरुण शर्मा, सुशील वर्मा, शिवनंदन सागर, राजेश कश्यप, शुभम वर्मा एवं राजू बग्गा का विशेष सहयोग रहा। वहीं मानवता वेलफेयर सोसाइटी की ओर से अमित श्रीवास्तव, आकाश सक्सेना, मो. शादान, अंश सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की।

# वीर अब्दुल हमीद का बलिदान- जीवन युवा वर्ग के लिये प्रेरणा: खन्ना

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

1965 के भारत पाक युद्ध के महानायक परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद के 61 वें शहीद दिवस को कैंट स्थित वीर अब्दुल हमीद पार्क पर सामाजिक संस्था अंजुमन इदरीसिया के तत्वावधान में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री वित्त, एवं संसदीय कार्य सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि वीर अब्दुल हमीद के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने जिस पराक्रम से दुश्मनों के इरादों को नस्तनाबूद किया वो उल्लेखनीय है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शहीद-ए-आजम अशफाक उल्ला खां के पौत्र अशफाक उल्ला खा ने वीर अब्दुल हमीद की कुर्बानी और उनके अदम्य साहस को



बेमिसाल बताते हुए कहा की ऐसे देशभक्त वीर योद्धा सदियों में होते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हाजी याकूब हुसैन इदरीसी ने कहा कि आजादी के 80 साल के बाद भी देश के इस महान सपूल के कबीले यानि सिलाई के पेशे से जुड़ी इदरीसी बिरादरी की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इदरीसी बिरादरी को अत्यधिक पिछड़ा वर्ग में शामिल किया जाये तथा सिलाई के पेशे को दस्तकारी का दर्जा दिया जाये। सामाजिक संस्था अंजुमन इदरीसिया की शाहजहाँपुर यूनिट की तरफ से मुख्यमंत्री उ प्र को संबोधित समाज के विकास हेतु ज्ञापन मंत्री सुरेश कुमार खन्ना जी को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए वसीम इदरीसी ने वीर अब्दुल हमीद के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। 1965 में भारत पाक युद्ध में उनके पराक्रम और कुर्बानी के बारे में बताया। कार्यक्रम में मंत्री जी द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को महबूब हुसैन इदरीसी मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना को इं अहमद मुबीन और समाज के अन्य लोगों ने संस्था की प्रतीक चिन्ह के रूप में शहीद वीर अब्दुल हमीद के जीवन पर आधारित विवरणिका और शाल उढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर छावनी परिषद के उपाध्यक्ष अवधेश दीक्षित, इं अहमद मुबीन, डॉ सुरेश मिश्रा, आफाक उल्लह खान, ताहिर अली, शमसुद्दीन इदरीसी, फैज़ान हुसैन इदरीसी, एड. अनूप कुमार, शमशुद्दीन इदरीसी, शब्बन अली पार्षद, तालिब हसन पार्षद, हारून इदरीसी, ताहिर अली, वसीम अहमद, जगदीश प्रसाद, डॉ राम सागर यादव, हाजी रफ़ीक़ इदरीसी, असगर यासिर आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वसीम इदरीसी ने किया।

# उपलब्धि: खुशी चौधरी ने कुश्ती में बनाई राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पहचान

- राज्य से राष्ट्रीय मंच तक पदकों की फेहरिस्त
- इस्तांबुल में ईरान की खिलाड़ी को हराकर 64 किग्रा वर्ग में जीता स्वर्ण

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



जिले के अगरौली नवादा मोड़ की प्रतिभाशाली खिलाड़ी खुशी चौधरी ने कुश्ती और ग्रैपलिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। हाल ही में इस्तांबुल में आयोजित वर्ल्ड ग्रोपिलिंग चैपियनशिप में खुशी ने 64 किलोग्राम वर्ग में ईरान की खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक हासिल कर भारत का गौरव बढ़ाया।खुशी ने स्टेट अंडर-15 और अंडर-17 में स्वर्ण, अंडर-23 में रजत, सीनियर स्टेट में स्वर्ण तथा अंडर-19 स्कूल स्टेट में रजत पदक जीता है। राष्ट्रीय स्तर पर उन्होंने अंडर-15 और सीनियर वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। वहीं जूनियर नेशनल ग्रैपलिंग रेसलिंग में स्वर्ण पदक जीतने के बाद अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी स्वर्णिम सफलता दर्ज की।

### खेल और सामाजिक क्षेत्र में पहचान रखने वाला परिवार

खुशी चौधरी का परिवार भी खेल और सामाजिक गतिविधियों से जुड़ा रहा है। उनके पिता रामफल चौधरी किसान हैं। वह कई बार गांव के सरपंच और प्रधान की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। खेती के साथ सामाजिक दायित्वों को संभालते हुए उन्होंने अपने बच्चों को शिक्षा और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। बड़े भाई अमित चौधरी राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट खेल चुके हैं। वह पिछले करीब 10 वर्षों से क्रिकेट अकादमी चला रहे हैं, जहां क्षेत्र के बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाता है। अकादमी से प्रशिक्षण लेने वाले कई खिलाड़ी विभिन्न स्तरों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। परिवार के गोविंद चौधरी भी राष्ट्रीय स्तर के बॉक्सिंग चैंपियन रह चुके हैं। कुश चौधरी कबड्डी खिलाड़ी रहे हैं, जबकि लव चौधरी भी कबड्डी के क्षेत्र में सक्रिय हैं। परिवार की एक बेटी नर्सिंग अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। वहीं खुशी की मां गृहिणी हैं और परिवार की जिम्मेदारियां संभालते हुए बच्चों की सफलता में निरंतर सहयोग देती रही हैं। इस तरह चौधरी परिवार में कृषि, सामाजिक सेवा, क्रिकेट, बॉक्सिंग, कबड्डी, कुश्ती और स्वास्थ्य सेवा–अलग-अलग क्षेत्रों में योगदान देने वाले सदस्य हैं। इसी पारिवारिक माहौल में पली-बढ़ी खुशी ने कुश्ती और ग्रैपलिंग को अपनी पहचान बनाया और अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन कर रही हैं। इस्तांबुल में 64 किलोग्राम वर्ग में ईरान की खिलाड़ी को हराकर जीता गया स्वर्ण पदक खुशी के अब तक के खेल सफर की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में शामिल हो गया है।

# महिला थाने के परिवार परामर्श केंद्र पर सुलह से 11 जोड़े दंपतियों की हुई विदाई

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर-खीरी।**

उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के निर्देशन में थानाध्यक्ष महिला थाना बबिता पटेल द्वारा काउंसलर श्रीमती नीति गुप्ता, सुश्री कुसुम गुप्ता,कय्यूम ज़रवानी के द्वारा पारिवारिक विवादों के 22 मामलों में सुलह कराके 11 जोड़े पति पत्नी की विदाई कराके सराहनीय कार्य किया गया है।




बताते चलें कि जनपद मुख्यालय पर पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग के दिशा निर्देशन में महिला थाने के परिवार परामर्श केन्द्र पर थानाध्यक्ष श्रीमती बबिता पटेल व काउंसलर श्रीमती नीति गुप्ता, सुश्री कुसुम गुप्ता, कय्यूम ज़रवानी द्वारा दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के 22 मामलों में सुलह समझौता का प्रयास किया गया , जिसमें से 11 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है, 08 मामले ऐसे थे जिनमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था जिसमें पक्षकारों को सोचने का समय दिया गया है,03 मामलों में जिसमें सुलह प्रयास सार्थक नही हुआ, इस अवसर पर महिला थाने की उपनिरीक्षक दिनेश मणि पाण्डेय, महिला आरक्षी सुमन लता, रेखा गौड़ द्वारा काफी सहयोग किया गया है, सुलह समझौता के समय पक्षकारों के परिवारीजन भी उपस्थित रहे है।

# पत्रकार पर धारदार हथियार से हमला जान से मारने की धमकी देने का आरोप

- खबर प्रकाशित करने के बाद धमकी मिलने का दावा
- जाबिर-अजय समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

सदर बाजार क्षेत्र में शनिवार रात एक पत्रकार पर धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। पत्रकार गोविंद अवस्थी की तहरीर पर पुलिस ने जाबिर, अजय समेत करीब आधा दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पत्रकार ने कुछ दिन पहले प्रकाशित एक खबर के बाद धमकी मिलने और उसी विवाद में हमला कराए जाने की आशंका जताई है। गोविंद अवस्थी के मुताबिक 19 सितंबर की रात करीब आठ बजे वह जजी कचहरी रोड स्थित गट्टू होटल के पास खाना खाकर निकल रहे थे। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद जाबिर ने अपने साथियों से कहा कि यही गोविंद अवस्थी है, इसे जान से मार दो। इसके बाद आरोपितों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि इसी दौरान हमलावरों में से एक ने धारदार हथियार से उनके सिर पर वार कर दिया। चोट लगने से वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। लोगों की भीड़ जुटती देख हमलावर मौके से फरार हो गए।

### प्रसव के बाद महिला की मौत की खबर के बाद मिली थी धमकी

पत्रकार ने तहरीर में बताया कि कुछ दिन पहले पुवायां क्षेत्र में प्रसव के बाद महिला की मौत से संबंधित खबर प्रकाशित की गई थी। मामले में दो डॉक्टरों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा भी दर्ज हुआ था। गोविंद अवस्थी ने आशंका जताई है कि इसी खबर और उससे जुड़े विवाद के चलते उन पर हमला कराया गया। सदर बाजार पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 191(2), 109(1) और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपितों की तलाश के साथ ही हमले के कारणों की जांच कर रही है।

# लखीमपुर में 27 सितंबर को होगा कवि सम्मेलन



- साहित्य प्रेमियों का जुटेगा जमावड़ा

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**

शहर में आगामी 27 सितंबर 2026 को भव्य कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम शाम 6 बजे से विलोबी मेमोरियल लखीमपुर-खीरी में आयोजित होगा।

पोस्टर के अनुसार, कार्यक्रम में विभिन्न कवियों और अतिथियों की सहभागिता रहेगी। आयोजकों की ओर से कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही हैं। साहित्य प्रेमियों को इस आयोजन का इंतजार है। प्रेस वार्ता कर मोहन बाजपेई ने दी जानकारी।

# सीएमओ ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों का किया औचक निरीक्षण

- नगरी स्वास्थ्य केंद्र निर्मल नगर और नौरंगाबाद में परखीं जन आरोग्य मेले की व्यवस्थाएं

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**

रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले के आयोजन के दृष्टिगत मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संतोष गुप्ता ने नगरीय स्वास्थ्य केंद्र निर्मल नगर और नौरंगाबाद का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखी और कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। सीएमओ डॉ. गुप्ता ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता और मरीजों के पंजीकरण व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित डॉक्टरों व स्टॉफ को निर्देश दिया कि मेले में आने वाले किसी भी मरीज को कोई असुविधा न हो और सभी को बेहतर इलाज मिले। बता दें कि मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का उद्देश्य हर जरूरतमंद तक




स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। इस मेले में मरीजों को निःशुल्क ओपीडी, मुफ्त दवाएं, मातृ-शिशु स्वास्थ्य देखभाल, टीकाकरण और परिवार नियोजन परामर्श जैसी कई महत्वपूर्ण सेवाएं दी जाती हैं। इसके साथ ही, मेले में गोल्डन कार्ड (आयुष्मान कार्ड) बनाने, और टीबी, मलेरिया व अन्य मौसमी बीमारियों की निःशुल्क जांच एवं उपचार की सुविधा भी एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जाती है।

# 40 लाख की ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

- पलिया-दुधवा रोड पर रात में पुलिस ने की कार्रवाई



**पलियाकलां-खीरी।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पलिया कोतवाली पुलिस ने आज फिर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे अब 16 अभियुक्तों को मादक पदार्थों के साथ गिरफ्तार करके जेल भेज चुके हैं। आज रविवार की सुबह दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ख्याति गर्ग के निर्देशन में पलिया कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पलिया-दुधवा रोड पर स्थित कर्नल बिली अर्जुन सिंह स्मृति द्वार से पहले पुलिया के पास से नगर के मोहल्ला किसान प्रथम निवासी कुनाल गुप्ता पुत्र विशाल गुप्ता एवं मोहल्ला रंगरेजान द्वितीय निवासी अनुराग कश्यप पुत्र रामगोपाल को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से 186.57 ग्राम ब्राउन शुगर (स्मैक) बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपये बताई गई है। प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे ने बताया कि कुनाल के पास से 93.88 ग्राम और अनुराग के पास से 92.69 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई है। दोनों अभियुक्तों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गयी है।

### जल जीवन मिशन में शिकायतों का डिजिटल समाधान, 'जल सारथी' से घर बैठे होगी सुनवाई

**लखीमपुर-खीरी।** गांव में नल लगा है, लेकिन पानी नहीं आ रहा। पाइपलाइन में लीकेज है या जलापूर्ति बाधित है–अब ऐसी समस्याओं के समाधान के लिए ग्रामीणों को कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। जल जीवन मिशन से जुड़ी समस्याओं को अब 'जल सारथी' ऐप के माध्यम से सीधे दर्ज कराया जा सकता है। डिजिटल माध्यम से शिकायत संबंधित विभाग तक पहुंचने के साथ ही उसके निस्तारण की प्रक्रिया को भी सुगम बनाया गया है। जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में घर–घर तक नल से जल पहुंचाने के साथ ही पेयजल सेवाओं को सुचारु बनाए रखने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में 'जल सारथी' ऐप को जनसामान्य और विभाग के बीच एक डिजिटल सेतु के रूप में उपयोग किया जा रहा है।

# गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंजा पूरनपुर धनाराघाट को रवाना हुई विसर्जन यात्रा

- महाराष्ट्र मित्र मंडल एवं सर्राफा बंधुओं के 19वें गणेश चतुर्थी महोत्सव का हुआ समापन

**समृद्धि न्यूज, पूरनपुर।**



महाराष्ट्र मित्र मंडल एवं सर्राफा बंधुओं की ओर से आयोजित 19वें श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव के समापन पर रविवार को नगर में भव्य विसर्जन यात्रा निकाली गई। दोपहर करीब एक बजे तिरंगा चौराहा स्थित अमोल बैंकट हॉल से शुरू हुई यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों की थाप और भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु लगातार 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारे लगाते रहे। फूलों से सजे वाहन पर भगवान गणेश की प्रतिमा को विराजमान कर विसर्जन के लिए धनाराघाट रवाना किया गया। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर गणपति का स्वागत किया तथा आरती उतारकर आशीर्वाद लिया। भक्ति और उत्साह से सराबोर वातावरण में श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा को भावपूर्ण विदाई दी। आयोजकों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी गणेश चतुर्थी महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। महोत्सव के समापन पर विधि-विधान से धनाराघाट में प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहा। यात्रा में संजय गुप्ता, आशीष रस्तोगी, पुनीत पांडे, विकास गुप्ता, अमोल मराठा, संतोष मराठा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# लिंटर तोड़ते समय भरभराकर गिरा झज्जा, मलबे में दबे युवक की मौत

- शेरपुर कला के नूरगंज में हादसे से मचा हड़कंप
- मलबा हटाकर युवक को अस्पताल ले गए मृत घोषित

**समृद्धि न्यूज, पूरनपुर।**





कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के शेरपुर कला के मोहल्ला नूरगंज में रविवार दोपहर निर्माण कार्य के दौरान हुए हादसे में एक युवक की मौत हो गई। किचन का पुराना लिंटर तोड़ते समय अचानक झज्जा भरभराकर गिर पड़ा। झज्जे के साथ स्लैब का भारी मलबा युवक के ऊपर आ गिरा, जिससे वह उसके नीचे दब गया। परिजन और ग्रामीण उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।नूरगंज निवासी फहीम (35) पुत्र बाबू मियां रविवार को अपने घर में निर्माण कार्य करा रहे थे। बताया गया कि दोपहर करीब 12 बजे वह किचन का पुराना लिंटर तोड़ने में जुटे थे। लिंटर तोड़ने के बाद जैसे ही वह नीचे आने लगे, तभी बगल का झज्जा अचानक असंतुलित होकर भरभराता हुआ उनके ऊपर गिर पड़ा। इसके साथ स्लैब का भी एक बड़ा हिस्सा टूटकर गिर गया।

अचानक हुए हादसे से मौके पर चीख-पुकार मच गई। आवाज सुनकर परिवार के लोग और आसपास के ग्रामीण दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद मलबा हटाकर फहीम को बाहर निकाला। वह गंभीर रूप से घायल हो चुके थे। परिजन उन्हें निजी वाहन से तत्काल सीएचसी पूरनपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

फहीम दो भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटे थे। वह मजदूरी करने के साथ परिवार के कामकाज में भी हाथ बंटाते थे। उनकी अचानक मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा, जबकि पिता बाबू मियां भी बेटे की मौत से सदमे में हैं। घटना के बाद मोहल्ले में शोक का माहौल बना रहा और देर शाम तक मृतक के घर पर लोगों का पहुंचना जारी रहा।स्थानीय लोगों के अनुसार मकान काफी पुराना था और उसका लिंटर कमजोर हो चुका था। इसी कारण उसे हटाकर नया निर्माण कराने की तैयारी की जा रही थी। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# अपनी जड़ों और संस्कृति को सहेजना हम सभी की जिम्मेदारी: डॉ. अंजू सिंह

- 'गांव की गोरी' थीम पर बल्लभ नगर कुटुंब की अनूठी किटी पार्टी
- पारंपरिक वेशभूषा व देशज व्यंजनों तक दिखी ग्रामीण संस्कृति की झलक

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**



आधुनिकता की चकाचौंध और बदलती जीवनशैली के बीच भारतीय संस्कृति एवं ग्रामीण परंपराओं से नई पीढ़ी को जोड़ने के उद्देश्य से बल्लभ नगर कुटुंब की ओर से अनूठी किटी पार्टी का आयोजन किया गया। इस बार कार्यक्रम की थीम 'गांव की गोरी' रखी गई। आयोजन में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों और ग्रामीण जीवनशैली को अपनाकर कार्यक्रम को पूरी तरह देशी रंग में रंग दिया। कार्यक्रम में महिलाएं घाघरा-चोली, सूती साड़ियों, बोरला और पारंपरिक आभूषणों में नजर आईं। आयोजन स्थल को भी गांव का स्वरूप दिया गया। मिट्टी के घड़े, बिजना, ओखली सहित पुराने समय में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं को सजाकर ग्रामीण परिवेश की खूबसूरत झलक प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर डॉ. अंजू सिंह ने कहा कि हमारी संस्कृति केवल किताबों में दर्ज इतिहास नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली, हमारी परंपराओं और हमारी पहचान का हिस्सा है। आज आधुनिकता के दौर में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन इसी भागदौड़ में कहीं न कहीं अपनी जड़ों से दूर भी होते जा रहे हैं। ऐसे आयोजनों का उद्देश्य पुरानी यादों को दोहराना भर नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी को यह समझाना है कि हमारी विरासत कितनी समृद्ध और अनमोल है। उन्होंने कहा कि गांव की मिट्टी, लोकगीत, पारंपरिक पहनावा, देशी खान-पान और पुराने घरेलू उपकरण हमारी संस्कृति की जीवंत तस्वीर हैं। इन्हें सहेजना केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का दायित्व है। यदि हम अपनी परंपराओं को अगली पीढ़ी तक नहीं पहुंचाएंगे तो आधुनिकता के बीच हमारी कई अनमोल सांस्कृतिक धरोहरें धीरे-धीरे स्मृतियों का हिस्सा बन जाएंगी। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि परिवार और समाज में बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के लिए ऐसे प्रयास निरंतर किए जाने चाहिए। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने पुराने लोकगीत गाए और पारंपरिक खेलों का आनंद लिया। मिट्टी के चूल्हे पर तैयार किए गए देशज व्यंजनों का स्वाद लेकर सभी ने ग्रामीण जीवन की पुरानी यादों को ताजा किया। पारंपरिक वेशभूषा और ग्रामीण साज-सज्जा ने आयोजन को विशेष आकर्षण प्रदान किया। आयोजकों ने बताया कि 'गांव की गोरी' थीम के माध्यम से आधुनिक जीवनशैली के बीच भारतीय ग्रामीण संस्कृति की सहजता, सादगी और परंपराओं को सामने लाने का प्रयास किया गया। आयोजन ने मनोरंजन के साथ-साथ संस्कृति संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. अंजू सिंह, पूजा अग्रवाल, पूर्णिमा अग्रवाल, पुष्पा, पूनम अग्रवाल एवं निमिषा के सहयोग से किया गया।

# नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव: डॉ. अलका तोमर

**पीलीभीत।** मेरा युवा भारत, पीलीभीत की ओर से नशा मुक्त युवा-विकसित भारत अभियान के तहत पुष्प कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में करीब 200 युवाओं एवं प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि डॉ. अलका तोमर ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और अपने आसपास के लोगों को भी नशामुक्ति के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।जिला युवा अधिकारी, मेरा युवा भारत, पीलीभीत शिवम शर्मा ने युवाओं को नशे के दुष्परिणामों की



जानकारी देते हुए कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। नशामुक्त युवा ही स्वस्थ, सशक्त और विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में नशामुक्ति विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता भी कराई गई, जिसमें युवाओं ने प्रभावशाली स्लोगनों के माध्यम से नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।


### सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1230904167 का प्रमाणपत्र सहअंकपत्र वास्तव में खो गया है। **तनु गुप्ता पुत्री सुरेशचंद्र गुप्ता नि. ग्रा. महाऊदुर्ग थाना सिधौली, पुवायां- शाहजहांपुर।**

### सूचना

मेरा वास्तविक नाम चिमा राय है, जबकि कुछ अभिलेखों में चिमा राय चित्तरंजन राय अंकित है, दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। **चिमा राय उर्फ चिमा राय चित्तरंजन राय पुत्र चित्तरंजन राय नि. मो. रामनगर कालोनी कस्बा बंडा, तह. पुवायां शाहजहांपुर।**

## न्याय में देरी की कीमत

देश की अदालतों में लंबित मुकदमों का आंकड़ा पांच करोड़ के पार पहुंच जाना केवल न्यायिक व्यवस्था की कमजोरी का संकेत नहीं है, यह उस व्यवस्था के लिए गंभीर चेतावनी है जो नागरिकों को न्याय का भरोसा दिलाती है। उच्च न्यायालयों में 65 लाख से अधिक मामले लंबित होना बताता है कि समस्या कितनी गहरी हो चुकी है। चिंता की बात यह भी है कि लंबित मामलों का यह पहाड़ लगातार ऊंचा होता जा रहा है और हर बार चिंता जताने के बाद व्यवस्था फिर उसी ढर्रे पर लौट आती है। प्रश्न यह है कि आखिर कब तक?

न्याय में देरी का अर्थ केवल फैसला देर से आना नहीं है।

कई मामलों में देरी ही एक तरह का अन्याय बन जाती है। जिस व्यक्ति की जमीन पर विवाद है, जिस परिवार का संपत्ति या वैवाहिक विवाद अदालत में है, जिस कारोबारी का करोड़ों रुपये का भुगतान अटका है या जो किसी आपराधिक मामले में वर्षों से निर्णय की प्रतीक्षा कर रहा है, उसके लिए अदालत की हर तारीख जीवन के एक और हिस्से के बीत जाने का संकेत होती है। ऐसे में तारीख पर तारीख केवल फिल्मों का संवाद नहीं, बल्कि न्यायिक व्यवस्था के सामने खड़ी वास्तविक चुनौती बन जाती है। स्थिति इसलिए और गंभीर है क्योंकि समस्या किसी एक स्तर की अदालत तक सीमित नहीं है। उच्चतम न्यायालय से लेकर निचली अदालतों तक मुकदमों का बोझ है। राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण और अन्य न्यायाधिकरण भी लंबित मामलों से जूझ रहे हैं। कारोबारी विवादों के लंबे समय तक अटके रहने से बड़ी मात्रा में पूंजी फंसती है। सरकार और कंपनियों, निवेशकों और शेयरधारकों के बीच विवादों का समय पर निपटारा न होना आर्थिक गतिविधियों को प्रभावित करता है। जिस देश को तेज आर्थिक विकास और बड़े निवेश की आवश्यकता है, वहां विवादों के समाधान में वर्षों लगना निश्चित रूप से अनुकूल स्थिति नहीं। उच्च न्यायालयों की स्थिति तो विशेष रूप से चिंता पैदा करती है। इलाहाबाद और राजस्थान उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या बड़ी है। बंबई, मद्रास, कर्नाटक और मध्य प्रदेश समेत अन्य उच्च न्यायालय भी मामलों के भारी बोझ से दबे हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय जैसे विशाल न्यायालय में न्यायाधीशों के सामने मामलों का दबाव कितना अधिक है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि एक पीठ को एक दिन में बड़ी संख्या में मामलों पर सुनवाई करनी पड़ती है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक मामले पर पर्याप्त समय देना अपने आप में चुनौती बन जाता है। यह तर्क सही है कि न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए, लेकिन केवल यही समाधान नहीं है। न्यायालयों में कर्मचारियों और आधारभूत सुविधाओं की कमी, तकनीकी संसाधनों का अपर्याप्त उपयोग, प्रक्रिया की जटिलता और अनावश्यक स्थगन भी समस्या को बढ़ाते हैं। मुकदमे की सुनवाई बार-बार टलती रहे तो नए मामलों के लिए जगह कम होती जाती है और लंबित मामलों का बोझ बढ़ता जाता है। इसलिए सुधार का दायरा न्यायाधीशों की नियुक्ति से कहीं बड़ा होना चाहिए। सबसे बड़ा सवाल न्यायिक प्रक्रिया की गति का है। गंभीर मामलों के साथ पुराने मुकदमों के निस्तारण की अलग रणनीति क्यों नहीं बन सकती? जिन मामलों में वर्षों से कोई निर्णायक प्रगति नहीं हुई, उनकी पहचान कर समयबद्ध सुनवाई क्यों नहीं हो सकती? तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल के बावजूद न्यायालयों में ऐसी व्यवस्थाएं क्यों न विकसित हों, जिनसे मामलों की निगरानी और प्राथमिकता तय करना अधिक प्रभावी हो? न्यायिक सुधार को केवल बैठकों और समितियों तक सीमित रखने के बजाय उसके परिणाम भी दिखाई देने चाहिए। यह भी विचार करना होगा कि न्यायालयों पर अनावश्यक मुकदमों का बोझ कैसे कम किया जाए।

हर विवाद का अंतिम समाधान अदालत में ही हो, यह जरूरी नहीं। मध्यस्थता, सुलह और अन्य वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र को प्रभावी बनाया जाए तो बड़ी संख्या में मामलों को अदालत तक पहुंचने से पहले ही सुलझाया जा सकता है। इससे न्यायालयों का समय गंभीर और संवेदनशील मामलों के लिए बचाया जा सकेगा। न्याय में देरी का सबसे बड़ा नुकसान आम आदमी को होता है। आर्थिक रूप से मजबूत व्यक्ति वर्षों तक मुकदमा लड़ सकता है, लेकिन सीमित साधनों वाला व्यक्ति अदालत के चक्कर काटते-काटते टूट जाता है। आपराधिक मामलों में तो स्थिति और गंभीर है। ऐसे मामले सामने आते रहे हैं, जिनमें विचाराधीन बंदियों ने वर्षों जेल में बिताए और बाद में उन्हें राहत मिली या वे दोषमुक्त हुए। किसी निर्दोष व्यक्ति का जीवन केवल इसलिए प्रभावित हो कि न्यायिक प्रक्रिया समय पर पूरी नहीं हो सकी, इससे अधिक गंभीर विडंबना क्या होगी?

भारत ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखा है। विकसित भारत की कल्पना केवल ऊंची इमारतों, एक्सप्रेसवे, निवेश और बड़े उद्योगों से पूरी नहीं होगी। उसके लिए ऐसी संस्थागत व्यवस्था भी चाहिए, जिसमें नागरिक को कानून पर भरोसा हो और कारोबारी को यह विश्वास हो कि विवाद होने पर उसका समाधान अनिश्चित काल तक नहीं खिंचेगा। तेज और भरोसेमंद न्याय आर्थिक विकास का भी आधार है। इसलिए अब केवल यह कहने से काम नहीं चलेगा कि लंबित मामले बहुत अधिक हैं। आंकड़े वर्षों से सामने हैं। चिंता भी वर्षों से जताई जा रही है। जरूरत अब ठोस कार्ययोजना की है। न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका को अपनी संवैधानिक सीमाओं का सम्मान करते हुए ऐसे सुधारों पर सहमति बनानी होगी, जिनसे न्यायालयों की क्षमता बढ़े, अनावश्यक स्थगन घटे, पुराने मामलों के लिए विशेष रणनीति बने और वैकल्पिक विवाद समाधान को प्रभावी बनाया जाए।

## दो टूक




# हनुमान अंश की सफलता से बदला सिनेमा परिदृश्य


मृत्युंजय दीक्षित

निर्माता-निर्देशक विशाल चतुर्वेदी की आध्यात्मिक संत बाबा नीब करौली के जीवन पर बनी फिल्म हनुमान अंश सफलता के नये आयाम छू रही है। फिल्म के प्रति आम जनमानस में इतना उत्साह है कि एक लंबे अंतराल के बाद कोई फिल्म 5वां सप्ताह छू सकी है। देश के अनेकानेक सिनेमाघरों में हनुमान अंश अभी भी हाउसफुल चल रही है तथा अनेक सिनेप्रेमी फिल्म देखने के लिए कतार में लगे हैं। बॉलीवुड के इतिहास में लंबे अंतराल के बाद कोई ऐसी फिल्म आई है जिसके विषय में हर कोई बात कर रहा है हर जगह बात हो रही है।



हनुमान अंश ने सिनेमा जगत के कई मिथकों को ध्वस्त कर दिया है। हनुमान अंश की सफलता से यह बात स्पष्ट हो गई है कि भारत का जनमानस बॉलीवुड सिनेमा की गंदगी व बेसिरपैर की कहानियों से ऊब चुका है तथा कुछ अच्छा देखना चाहता है। हनुमान अंश ने अपनी लोकप्रियता के माध्यम से फिल्मों की सफलता के लिए लंबी रेखा खींच दी है। फिल्म के सफलता के लिए किसी बड़े नायक-नायिका, हिंसा और अश्लीलता परोसने वाला फार्मूला टूट गया है। हनुमान अंश की सफलता सिर्फ करोड़ों की कमाई तक ही सीमित नहीं है।

फिल्म की शुरुआत बहुत छोटी थी, न बड़े स्टार का सहारा था, न हजारों स्क्रीन और न ही सुनियोजित प्रचार फिर भी मात्र दो करोड़ में बनी हनुमान अंश ने करोड़ों की कमाई वाली फिल्मों के क्लब में स्थान बना लिया। जिस फिल्म के निर्माताओं ने स्वयं कोई प्रचार नहीं किया उसका प्रचार सोशल मीडिया पर उसके दर्शक कर रहे हैं। बॉलीवुड के बड़े-बड़े दिग्गज फिल्म की सफलता को लेकर हैरान हो रहे हैं।

**हनुमान अंश की यात्रा:** बिना किसी भारी-भरकम प्रचार और मात्र 2 करोड़ के बजट से बनी यह फिल्म केवल 3 से 25 सिनेमाघरों में घिसट-घिसट कर शुरू हुई थी और आज देश के 1200 से 1500 स्क्रीन और रोजआना 5,000 से 9,000 शो तक जा पहुंची है। एक अनुमान के अनुसार प्रदर्शन के 40वें दिन तक एक करोड़ लोग इस फिल्म को देख चुके हैं तथा इतने ही लोग अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। फिल्म की सफलता का यह आलम है कि अब नीब करौली बाबा से जुड़े सभी स्थलों का पर्यटन की दृष्टि से विकास किया जा रहा है तथा बाबा के कैंचीधाम में भी भक्तों व पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। उत्तराखंड व छत्तीसगढ़ में हनुमान अंश को टैक्स फ्री कर दिया गया है। पहले बॉलीवुड में 10 साल की बड़ी हिट फिल्मों में दंगल, धुरंधर, एनिमल, पठान, छावा, कंतारा, धारा 370 पर बनी फिल्मों के नाम लेते थे किंतु इस एक फिल्म ने इस लिस्ट को सदा-सदा के लिए बदल दिया है ।

कई स्थानों पर हनुमान अंश के दर्शक भगवा वस्त्र व महिलाएं साड़ी पहन कर नंगे पांव जा रही हैं, कई जगह सिनेमा हॉल मंदिर में परिवर्तित हो गए हैं जहां हनुमान चालीसा का पाठ तथा फिल्म के समापन के बाद हनुमान चालीसा व प्रसाद का वितरण हो रहा है। बहुत दिनों बाद दर्शकों को ऐसी फिल्म देखने को मिली है जो परिवर के साथ बैठकर देखी जा सकती है।

हनुमान अंश की कहानी हनुमानभक्त बाबा नीब करौली के जीवन प्रसंगों पर आधारित है। फिल्म में नये कलाकार हैं, जिनकी कभी कहीं चर्चा नहीं हुई फिर भी फिल्म में कहीं कोई ऊबासी का क्षण नहीं आया। हनुमान अंश मनोरंजक, ज्ञानवर्धक व नये आध्यात्मिक विचारों को जन्म देने वाली फिल्म है। फिल्म की सफलता का सबसे बड़ा कारण यह है कि आज घरों में इस प्रकार के आध्यात्मिक चमत्कारों पर कोई चर्चा नहीं होती और सभी के लिए इसमें नयापन है।

अभीतक लोग केवल महात्मा गांधी के विषय में जानते थे कि उन्हें दक्षिण अफ्रीका में भारतीय होने के नाते ट्रेन से नीचे फेंक दिया गया था किंतु इस फिल्म के माध्यम से दर्शकों को पता चल रहा है कि ऐसी ही एक घटना बाबा नीब करौरी के साथ भी घटित हुई थी। जब बाबा एक ट्रेन के एसी डिब्बे में चढ़ गए थे और अपने सहयोगी के साथ भजन गा रहे थे। वह डिब्बा अंग्रेज अफसरों के लिए था। ट्रेन में सफर कर रहे अंग्रेज अफसर को यह बात नागवार गुजरी और उसने जबरदस्ती ट्रेन रुकवा कर बाबा को उतरवा दिया जिसके बाद वह ट्रेन आगे बढ़ ही नहीं सकी। बाद में बाबा को मनाया गया और उन्हें वापस ट्रेन पर बिठाया गया तब ट्रेन दोबारा चल सकी।

बाबा नीब करौली की भूमिका निभाने वाले शोभिनव सत्य व फिल्म में बाबा की पत्नी की भूमिका निभाने वाली पूर्णिमा तिवारी ने अद्भुत अभिनय किया है। लखनऊ रंगमंच के बड़े चेहरे अनिल रस्तोगी ने भी अपनी भूमिका के साथ न्याय किया है। बाबा के पिता बने लखनऊ के सामान्य से दिखने वाले रंगमंच कलाकार आजाद मिश्रा अपनी छोटी भूमिका में भी अत्यंत प्रभावशाली रहे हैं।

हनुमान अंश की सफलता में संगीतकार धीरेंद्र मुलकलवार की मेहनत रंग लाई है। उन्हें कई बार असफलता का सामना करना पड़ा किंतु इस फिल्म ने उनका भाग्य चमका दिया है। फिल्म के नेत्रहीन गायक सुनील लोधी के भजन आज घर-घर में गाए जा रहे हैं। नेत्रहीन सुनील लोधी ट्रेनों में ही भजन गाया करते थे, हनुमान अंश की सफलता से उनके भी अच्छे दिन आ गए हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें बुलाकर सम्मानित किया है तथा उनके नेत्रों का सर्वश्रेष्ठ उपचार कराने की घोषणा की है।

हनुमान अंश की सफलता से गदगद फिल्म की दूसरी निर्माता और सहयोगी अनुप्रिया नागर ने कैंचीधाम जाकर बाबा का आशीर्वाद लिया। आज हर कोई मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान गाकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त कर रहा है। अनुप्रिया नागर फिल्म बनाने से पहले प्रेमानंद महाराज से भी मिलने गई थीं। मुंबई में जन्मीं अनुप्रिया ने ब्रिटेन में पढ़ाई की है वो अर्थशास्त्री, कलाकार और फिल्म प्रोड्यूसर हैं।

हनुमान अंश ने सिद्ध कर दिया है कि फिल्म की सफलता के लिए हिंसा और अश्लीलता का मसाला, बड़े चेहरे और वीएफएक्स की नहीं बल्कि अच्छी कहानी और सही तरीके से उसे दिखाने की भावना ही काफी है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# यूपीआई भुगतान शुल्क पर बढ़ी आशंका

दीपिका अरोड़ा




सरकार और एन.पी.सी.आई. द्वारा लिए गए फैसले के तहत 15 अक्टूबर 2026 से यू.पी.आई. भुगतान पर मामूली शुल्क संबंधी निर्णय यथावत बने रहने का संकेत मिलने से आम-ओ-खास में चर्चाएं भी जोर पकडने लगी हैं। 2,000 रुपए से अधिक यू.पी.आई. भुगतान पर 0.4 प्रतिशत मर्चौंट शुल्क वसूलने के फैसले पर जन साधारण से लेकर विशेषज्ञों तक की राय बंटी हुई है।

सरकार तथा वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि 'पर्सन-टू-पर्सन' कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा, बल्कि 2,000 रुपए से ऊपर की राशि पर भुगतान फीस लोगों की बजाय व्यापारियों को चुकानी होगी। पृष्ठभूमि खंगालें तो यू.पी.आई. (यूनिफाइड पेमैंट्स इंटरफेस) के रूप में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा एक ऐसी उत्कृष्ट प्रणाली विकसित की गई, जिसने लेन-देन की परिभाषा ही बदल कर रख दी। यह एक ऐसा मॉडल है, जिसकी वजह से भारत की गणना आज विश्व के सबसे बड़े रियल-टाइम पेमैंट बाजारों में शीर्षस्थ होती है। स्मार्टफोन के माध्यम से किन्हीं भी 2 बैंक खातों के बीच धन हस्तांतरण को त्वरित, सुविधाजनक एवं सरल बनाना किसी क्रांति से कम न था।

यू.पी.आई. की सबसे बड़ी विशेषता है इसका 'एकल-क्लिक' टू-फैक्टर प्रमाणीकरण के साथ कार्य करना, जोकि लेन-देन के लिहाज से सुरक्षाचक्र साबित होता है। डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण उपकरण साबित होने वाले यू.पी.आई. की लोकप्रियता में प्रमुख कारण रहा, पिछले लगभग 6 वर्षों में इसका पूरी तरह निःशुल्क होना। इससे भारत में वित्तीय समावेशन को खासा बल मिला। एन.पी.सी.आई. के आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2026 में यू.पी.आई. पर लगभग 2,450 करोड़ लेन-देन हुए। आज सड़क किनारे सब्जी बेचने वाले से लेकर बड़े मॉल तक में 'क्यू.आर. कोड' देखा जा सकता है।

निःसंदेह, किसी भी व्यवस्था के संचालन की एक लागत होती है, जो प्रबन्धन व्यवस्था सुचारू बनाए रखने हेतु अनिवार्य भी है। सरकार तथा वित्त मंत्रालय के तर्क अनुसार, अरबों ट्रांजैक्शन के बढ़ते दबाव के बीच, साइबर सुरक्षा, सर्वर अपग्रेड, धोखाधड़ी आदि रोकने तथा भविष्य में भी इस प्रणाली को निर्बाध चलाए रखने के लिए शुल्क के तौर पर राजस्व उगाही समय की मांग बन चुकी है, हालांकि अभी तक इस लागत राशि का एक हिस्सा, जो सबसिडी के रूप में सरकार बैंकों और फिनटेक कंपनियों को चुकाती आई है, अप्रत्यक्षतः वह पैसा भी जनता का ही है। आम आदमी तथा व्यापारी वर्ग के नजरिए से विचारें तो उनकी चिंता भी वाजिब है। ग्राहकों का मानना है कि विक्रेता यह शुल्क अंततरू उनसे ही वसूलेंगे।

वहीं व्यापारियों के अनुसार, एम.डी.आर. शुल्क का सीधा असर उनके लाभांश पर पड़ सकता है। ऐसे में छोटे व मध्यम उद्यमी कोई अतिरिक्त भार वहन करने की बजाय 2,000 से अधिक के लेन-देन हेतु यू.पी.आई. की अपेक्षा नकदी या अन्य भुगतान विधियों को प्राथमिकता दे सकते हैं। इससे डिजिटल समावेश के प्रयासों में गतिरोध उत्पन्न होने का संशय है। इससे भारत को नकदी रहित अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य प्रभावित होने के साथ, काले धन वाली आध्थकी उभरने की आशंकाएं भी घेरने लगी हैं।

कुछ विशेषज्ञों के मुताबिक, यू.पी.आई. भुगतानों पर शुल्क लेने का फैसला विगत 8 माह से चरम पर रही महंगाई में और उछाल ला सकता है। अनाज से लेकर दैनिक उपभोग की वस्तुओं तक के दाम में बढ़ौतरी हो सकती है। ऐसा इसलिए, चूंकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल तथा उर्वरक लगातार महंगे हो रहे हैं। कृषि सैक्टर में निवेश पहले ही कम हो चुका है। यह भी विचारणीय है, क्या व्यापारी कोई भी नया शुल्क अपनी जेब से भरने पर सहमत होगा? यानी 'मर्चौंट डिस्काऊंट रेट' नाम के बावजूद, इसका वास्तविक भुगतान उपभोक्ता को ही करना होगा। असल में, यह फैसला सरकार के लिए डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने एवं विस्तार करने के मध्य संतुलन बनाने की चुनौती प्रस्तुत करता दिखाई पड़ता है।

विपक्ष के इन आरोपों को, कि अमरीका के दबाव में यह निर्णय लिया गया है, निराधार मानते हुए खारिज कर भी दिया जाए तो इस बाबत क्या गारंटी है कि इससे आम लोग व व्यापारी पुनरू कैश इकोनॉमी की ओर लौटने की चेष्टा नहीं करेंगे? मात्र बैंकों को यह सुनिश्चित करने की ताकीद करना, कि विक्रेता किसी भी प्रकार यह शुल्क उपभोक्ता को हस्तांतरित न करने पाएं, देश की इतनी बड़ी जनसंख्या के दृष्टिगत दुष्कर एवं अपर्याप्त होगा। ध्यान रहे, ऑनलाइन भुगतान की इस भारतीय प्रणाली को दुनिया भर से सराहना मिल रही है। ऐसी स्थिति में यू.पी.आई. भुगतान-शुल्क लगाने का विचार कहीं महंगा सौदा न बन जाए। अत्यावश्यक है कि सरकार शुल्क के संभावित प्रभावों का मूल्यांकन करते हुए, इस संदर्भ में हितधारकों से भी परामर्श करे। विशेषज्ञों की दक्षता का लाभ उठाते हुए एक ऐसे राजस्व मॉडल पर विचार किया जाए, जो डिजिटल भुगतान को गति देने के साथ-साथ प्रणाली की स्थिरता भी सुनिश्चित कर पाए।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोरस


पूजा चक्रवर्ती

### मेरा मन

मेरे मन, तू बहुत झूठ बोलता है,
तू डराता है, बहकाता है,
सच भी बोलता है,
मोह भी लगाता है, फिर समझाता है,

मन के भीतर, बनकर दूजा,
तू बहुत कुछ तोलता-मोलता है,
मेरे मन, तू बहुत झूठ बोलता है।
करता है परेशान मुझे,

कभी खुद तू थक जाता,
मेरी उदासी में क्यों तू,
खुशी के झूठे रंग घोलता है,
मेरे मन, तू बहुत झूठ बोलता है।

माना गलती तेरी भी नहीं,
तू मान, गलती मेरी भी नहीं,
जब ज़िंदगी में साथ ही चलना है,
तो क्यों बेवजह इधर-उधर डोलता है,
मेरे मन, तू बहुत झूठ बोलता है



# क्या कमजोर हो रही अध्ययन-चिन्तन की इच्छाशक्ति?

हृदयनारायण दीक्षित


बुद्धि कृत्रिम नहीं होती। संसार से हमारे परिचय की मध्यस्थता इन्द्रियबोध द्वारा होती है। हम देखते हैं। हम कान से सुनते हैं। त्वचा से स्पर्श करते हैं। नाक से सुगंध या गंध का अनुभव करते हैं। जिह्वा से स्वाद का अनुभव होता है। रूप, रस, गंध का बोध क्या वास्तविक बुद्धिमत्ता है। जबतक इन्द्रियबोध से प्राप्त सूचनाएं उपयोग में आती रहेंगी, उन्हें वास्तविक माना जाएगा। मोटे तौर पर इन सूचनाओं को वास्तविक बुद्धि या यथार्थ बुद्धि माना जाएगा। इससे परे तकनीकी के माध्यम से प्राप्त सूचना कृत्रिम बुद्धि या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कहा जा रहा है।

वास्तविक बुद्धि की कोई परिभाषा नहीं है। हम आँख से देखते हैं। यह वास्तविक बुद्धि है। हम किसी उपकरण का सहारा लेकर आंख की क्षमता बढ़ा सकते हैं। क्या देखने में सहायक इस उपकरण और तकनीकी को कृत्रिम मेधा कहेंगे। कृत्रिम मेधा आखिरकार है क्या? ब्रह्माण्ड बड़ा है। जिज्ञासु इस ब्रह्माण्ड के रहस्य जानने को इच्छुक हैं। आदिम काल से लेकर अब तक ब्रह्माण्ड के रहस्यों के प्रति सतत जिज्ञासा है। अभी बहुत कुछ जानना जिज्ञासा की परिधि में है। पृथ्वी आदि ग्रहों की गति क्षमता जान ली गई है। सोचने के वैज्ञानिक दृष्टिकोण का काफी विकास हो चुका है। ब्रह्माण्ड के रहस्यों का ज्ञान मानव कल्याण के लिए उपयोगी है। अध्ययन की पारम्परिक शैली अपनी ज्ञान यात्रा में कालवाह्य होने के करीब है। हम अपनी बुद्धिमत्ता को और गहरा करने के लिए सक्रिय हैं।

मनुष्य हजारों वर्ष से अमृत्व की खोज में है। सौ वर्षों से ज्यादा जीने की अभिलाषा सर्वविदित है। रोबोट मनुष्य की तरह काम करता है लेकिन मनुष्य की तुलना में ज्यादा मजबूत, ज्यादा शक्तिशाली है। मनुष्य की तुलना में रोबोट में कमियां भी हैं। वह शक्तिशाली है लेकिन प्यार नहीं कर सकता। इंटेलिजेंट कोशेंट है लेकिन इमोशनल कोशेंट बिल्कुल भी नहीं। काम करने से प्रत्येक मनुष्य दूर रहना चाहता है। लेकिन बड़े-बड़े सपने देखता है। एआई या कृत्रिम मेधा की उपयोगिता से इनकार नहीं किया जा सकता। उसके गर्भ में अनंत सूचनाएं हैं। इन सूचनाओं का आधार है। वे निराधार नहीं हैं। बेशक वे किसी अन्य स्रोत से प्राप्त की गई हैं। उन सूचनाओं की उपयोगिता है। मनुष्य जीवन का कल्याण ही मनुष्य के सारे प्रयासों का लक्ष्य है। इसलिए एआई की उपयोगिता को सहज मन से थोड़ा झिझकते हुए स्वीकार करना चाहिए।

जीवन को सुखद बनाने में सूचनाओं का उपयोग है। लेकिन सूचना और ज्ञान में अंतर है। भारतीय ज्ञान परम्परा में ज्ञान को सामान्य सूचना नहीं माना गया। दुनिया के सबसे प्राचीन ज्ञान का संग्रह वेद कहलाता है। वेद का अर्थ ज्ञान है। वेद से अभिप्राय ब्रह्म सत्ता के आत्मदर्शन से है। उपनिषदों में ज्ञान को दो हिस्सों में बांटा गया है। पहले का नाम विद्या है और दूसरे का नाम अविद्या है। सारी सांसारिक जानकारियों को अविद्या कहा गया है। अविद्या का अर्थ झूठ नहीं है। सारे सांसारिक विषय, सारे शास्त्र, पुराण, विज्ञान और वेद भी अविद्या बताए गए हैं। अविद्या के परे आत्मतत्व आता है। आत्मतत्व का ज्ञान ही वास्तविक बोध है। लेकिन आत्मतत्व को उपलब्ध होना बहुत कठिन बताया गया है।

कठोपनिषद में बताया है कि, यह आत्मतत्व प्रवचन सुनकर नहीं मिलता। बहुत सुनकर भी यह आत्मतत्व नहीं मिलता। सम्प्रति भारत में कथा और वार्ता का वातावरण है। महंगे प्रवचन है। श्रद्धालुओं की भीड़ है। लेकिन कठोपनिषद का ऋषि कहता है, नायेनात्मा प्रवचनेन लभ्यो न बहुना श्रुतेन। ऋषि आगे कहता है, न मेधया-यह मेधा से भी नहीं मिलता। मेधा की बात ध्यान देने योग्य है। कृत्रिम मेधा अथवा वास्तविक मेधा से भी ज्ञान नहीं मिलता। कैसे मिलता है? ऋषि कहते हैं, आत्मदर्शन से मिलता है। भारत का आधुनिक काल तमाम तनाव और आपाधापी से गुजर रहा है। सूचना का विस्फोट काफी पहले ही हो चुका है। एआई ने सूचनाओं की नई दुनिया गढ़ी है। कृत्रिम मेधा के युग में लिखने, विश्लेषण करने और अनेक प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों में मशीनों की भूमिका तेजी से बढ़ रही है। वास्तविक चुनौती केवल यह नहीं है कि तकनीक हमारा काम आसान कर रही है चुनौती यह भी है कि कहीं सुविधा की अधिकता हमारे मौलिक चिन्तन व हमारी अध्ययन प्रवृत्ति को कमजोर तो नहीं कर रही। देखना यह चाहिए कि अध्ययन और चिन्तन की स्वाभाविक इच्छाशक्ति कमजोर तो नहीं हो रही है। पुस्तकों से हमारा रिश्ता आत्मीय रहा है। पढ़ना-लिखना गहन अध्ययन करना इस देश की प्रकृति रही है। इसी आधार पर एक लोकमंगलकारी संस्कृति का विकास हुआ है।




खतरा ये है कि हम पठन-पाठन से दूर हो रहे हैं। बहुत से सुयोग्य मित्र डींग हांकते हैं कि वे अखबार नहीं पढ़ते। यह भी कि वे किताब नहीं पढ़ते। वे पूरी शान से बताते हैं कि वे मोबाइल इंटरनेट से सूचनाएं प्राप्त कर लेते हैं। वे यह नहीं बताते कि अखबार या पुस्तकें पढ़ने या न पढ़ने का काम कौन करता है। दरअसल, तकनीकी तमाम सुविधाओं के साथ तमाम कठिनाइयाँ भी लाती है। एआई द्वारा पेश की गई तकनीकी में भी तमाम अड़चनें हैं। पारिवारिक नेह स्नेह के बंधन भी टूट रहे हैं। किसी व्यक्ति या दृश्य को विकृत रूप में दिखाना रोज का तमाशा बन गया है। फोटो को वास्तविक साक्ष्य मानने में दिक्कतें आ रही हैं।

राष्ट्रजीवन के सभी अंगों पर कृत्रिम मेधा का प्रभाव पड़ रहा है। साहित्य भी प्रभावित हुआ है। मशीनें सृजन नहीं कर सकतीं लेकिन एआई रेडीमेड कविता लेकर आपके सामने 'जी सर' कह रही है। मौलिक चिन्तन और दर्शन पर इसके प्रभाव स्वाभाविक हैं। सचिंना मनुष्य की प्रकृति है। पशु-पक्षी भी संभवतः सोचते होंगे। नई तकनीकी ने मनुष्य के सोचने की क्षमता को घटाया है। हमारा सोचना, हंसना, बोलना भाववाची नहीं रहा। साहित्य शब्दों का रेडीमेड संयोजन नहीं होता। मशीन हमारी संवेदनाओं को अभिव्यक्ति नहीं दे सकती। यह जीवन संघर्ष के आनंद को भी अभिव्यक्त करने में सक्षम नहीं हैं। तकनीकी संवेदनशीलता का विकल्प नहीं हो सकती। जिज्ञासा मनुष्य चिन्तन की श्रेष्ठतम उपलब्धि है। तकनीकी जिज्ञासु नहीं होती। पुस्तक संस्कृति पर खतरा है। पुस्तकें हमारी मार्गदर्शक मित्र और आत्मीय की भूमिका निभाती हैं। तकनीकी पुस्तक का विकल्प नहीं हो सकती। सूचनाओं के साथ स्वाध्याय भी जरूरी है।

गंभीर पठन एक विशेष प्रकार का एकांत देता है। ऐसा एकांत, जिसमें वह लेखक के विचारों के साथ संवाद करता है। प्रश्न उठाता है और धीरे-धीरे अपने भीतर उतरता है। इसके विपरीत, छोटे-छोटे दृश्य और संदेशों के अंतहीन संसार में मस्तिष्क लगातार एक सूचना से दूसरी सूचना की ओर दौड़ता रहता है। इंटरनेट ने हमें गति अवश्य दी है लेकिन गहराई के लिए आवश्यक धैर्य का अभ्यास कठिन बना दिया है। गहन पठन मनुष्य को ठहरना, विचार करना और किसी विषय को उसके मूल तक समझना सिखाता है। हम सब समग्रता में सोचें।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### वांछित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के जखेला गांव निवासी वांछित आरोपी योगेश उर्फ चक्कू पुत्र जवाहर लाल को पुलिस ने बेरी तिराहा के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज है और वह वांछित चल रहा था। आरोपी जनपद कौशांबी के कोखराज थाना क्षेत्र के कसिया गांव में रह रहा था। पुलिस ने उसे कुरारा के बेरी तिराहा के पास गिरफ्तार किया।

### सूने घर में 15 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर जान दी

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के हरौलीपुर गांव में रविवार को 15 वर्षीय किशोरी ने सूने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय उसकी चाची और दादी बाजार गई थीं। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। हरौलीपुर निवासी अवध नारायण शुक्ला वर्तमान में अपनी पत्नी के साथ अपने ससुराल बड़ागांव पत्योरा में रहते हैं। उनकी 15 वर्षीय पुत्री मानसी गांव में अपने चाचा तेज प्रकाश शुक्ला के घर रह रही थी। तेज प्रकाश मथुरा में रहकर ड्राइविंग करते हैं, जबकि उनकी पत्नी और मां गांव में रहती हैं। रविवार को मानसी की चाची और दादी मुसानगर बाजार गई थीं। दोपहर करीब तीन बजे मानसी ने सूने घर में दुपट्टे के सहारे पंखे के कुंडे से फांसी लगा ली। बाजार से लौटने पर चाची और दादी ने उसे फंदे पर लटका देखा तो चीख-पुकार मच गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची मनकी चौकी पुलिस ने फील्ड यूनिट को बुलाकर साक्ष्य संकलन कराया। चौकी प्रभारी चंद्रभान सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर मर्चरी में रखवाया गया है। सोमवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### गायत्री तपोभूमि में वन्यजीवों की प्रतिमाएं बनीं आकर्षण



**सुमेरपुर।** गायत्री तपोभूमि को आकर्षक बनाने के लिए नगर पंचायत ने रोटी राम वाटिका और पाथवे के बीच वन्यजीवों की आकर्षक प्रतिमाएं लगाई हैं। प्रतिमाएं यहां आने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र शिवहरे ने बताया कि तपोभूमि के बीच से निकले नाले को पक्का कराकर पाथवे के ऊपर इंटरलॉकिंग कराई गई है। पाथवे के किनारे शेर, चीता, हाथी, हिरण और बारहसिंगा समेत अन्य वन्यजीवों की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। प्रतिमाओं के साथ प्रकाश व्यवस्था के लिए 16 इलेक्ट्रिक पोल भी लगाए गए हैं। नए निर्माण से तपोभूमि की सुंदरता बढ़ी है और यहां आने वाले लोगों को आकर्षण का नया केंद्र मिला है।

### पंचायत सहायक को फोन पर जान से मारने की धमकी

**बिवांर (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के ऊपरी (सायर) गांव निवासी पंचायत सहायक अमित कुमार पुत्र मंशाराम ने एक युवक के खिलाफ फोन पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का प्रार्थनापत्र पुलिस को दिया है। अमित कुमार ने बताया कि वह ऊपरी ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक है। आरोप है कि बीते शनिवार को रोहित नामक युवक ने फोन कर गाली-गलौज की और घर पर बम फेंकने तथा जान से मारने की धमकी दी। युवक ने खुद को सिसोलर थाना क्षेत्र के भमई गांव का निवासी बताया। हलका प्रभारी एसआई विजय बहादुर ने बताया कि प्रार्थनापत्र मिला है। आरोपी की लोकेशन गुरुग्राम में मिली है। उसे पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

### नाटक के जरिए जीवंत होगी मोदी की 25 वर्ष की सेवा यात्रा



**गुरसरांय (झांसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा, समर्पण और सुशासन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा 'नमो सेवा झनक की कहानियां' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्रों में 29 नुक्कड़ नाटक एवं एक नाट्य मंच आयोजित किए जाएंगे। इनमें अभिनय, संवाद एवं संगीत के माध्यम से मोदी की 25 वर्ष की सेवा यात्रा, जनकल्याण और सुशासन से जुड़े प्रसंग प्रस्तुत किए जाएंगे। जिला संयोजक बढ़ी प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि नाटकों के लिए स्थान चिन्हित कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। विधायक जवाहरलाल राजपूत ने कहा कि अभियान के माध्यम से सरकार की विकास योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाएगी। इस दौरान भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बुंदेलखंड राज्य की मांग को लेकर निकला मशाल जुलूस



**समथर (झांसी)।** बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाए जाने की मांग को लेकर रविवार को समथर कस्बे में बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष भानुसहाय के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। इस दौरान अलग बुंदेलखंड राज्य के गठन की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की गई।मशाल जुलूस के दौरान 'एमपी-यूपी को तोड़ दो, बुंदेलखंड को जोड़ दो' का नारा प्रमुखता से गूंजता रहा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र लंबे समय से विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है। क्षेत्र के समुचित विकास और समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए अलग बुंदेलखंड राज्य का गठन आवश्यक है। जुलूस कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अलग राज्य की मांग को लेकर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। जुलूस को लेकर कस्बे में भी चर्चा का माहौल बना रहा। इस मौके पर बुंदेलखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता रघुराज शर्मा, केंद्रीय अध्यक्ष विधि प्रवक्ता प्रदीप नाथ झा सहित संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार डंपर से कुचलकर बाइक सवार किसान की मौत

**बांदा।** तिंदवारी थाना क्षेत्र के जसईपुर निवासी महेश पटेल (70) पुत्र जागेश्वर रविवार की दोपहर साइकिल से माटा गांव स्थित खेत देखने जा रहा था। बांदा-टांडा नेशनल हाइवे स्थित तिंदवारी थाना क्षेत्र के जसईपुर गांव के सुर्दशन महाविद्यालय के पास सड़क पार करते समय बांदा से गिट्टी लादकर फतेहपुर जा रहे डंपर ने उसे कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक छोड़ कर चालक मौके से फरार हो गया। घटना आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने मुआवजा और स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग लेकर नेशनल हाइवे पर जाम लगा दिया। जाम लगभग दो घंटे तक लगा रहा। जाम से मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। सूचना पाकर तिंदवारी थानाध्यक्ष संदीप पटेल समेत पुलिस के उच्चाधिकारी मौके पर पहुंच गए। आश्वासन के बाद परिजनो ने जाम खोल दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने डंपर को अपने कब्जे में ले लिया।

### लोहे के दरवाजे में करंट उतरने से महिला की मौत

**नरैनी।** कोतवाली क्षेत्र के राजीव नगर निवासी सुशीला विश्वकर्मा (70) पत्नी बसंतलाल शनिवार रात घर के कमरे का दरवाजा बंद कर रही थीं। इसी दौरान लोहे के दरवाजे में करंट उतर आने से चपेट में आकर वह झुलस गई। परिजनो ने उसे करंट से मुक्त कराया। बेहोशी हालत में सीएचसी से उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजनो ने उसे मेडिकल कालेज लेकर जा रहे थे। तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते की घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# नदी में नहाते समय महिला समेत पांच डूबे, दो बच्चे लापता

**समृद्धि न्यूज़, मौदहा (हमीरपुर)।**



कोतवाली क्षेत्र के परछछ गांव में रविवार शाम चंद्रावल नदी में नहाते समय महिला समेत पांच लोग गहरे पानी में डूब गए। ग्रामीणों ने महिला और तीन बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि तेज बहाव में बहे दो बच्चों की तलाश अंधेरा होने तक जारी रही। रात में रेस्क्यू ऑपरेशन रोक दिया गया। सोमवार सुबह एसडीआरएफ टीम के पहुंचने पर दोबारा तलाश अभियान चलाया जाएगा। परछछ गांव निवासी नीलम (34) पत्नी कमलेश कुशवाहा, अंश (10) पुत्र जय सिंह कुशवाहा, अंशिका उर्फ गिब्बी (11) पुत्री कमलेश भुर्जी तथा खुशी (8) और प्रांशी (5) पुत्रियां कमलेश कुशवाहा रविवार शाम गांव से करीब एक किलोमीटर दूर चंद्रावल नदी में नहाने गए थे। नहाते समय सभी गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीणों ने नदी में उतरकर नीलम, खुशी और प्रांशी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि अंश और अंशिका तेज बहाव में बह गए। सूचना पर एसडीएम, सीओ समेत पुलिस अधिकारी और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस व ग्रामीणों ने बच्चों की तलाश में रेस्क्यू अभियान चलाया, लेकिन उनका पता नहीं चल सका। अंधेरा होने के कारण अभियान रोक दिया गया। सोमवार सुबह एसडीआरएफ टीम के पहुंचने के बाद दोबारा रेस्क्यू अभियान चलाया जाएगा। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है और परिजन नदी किनारे बच्चों की तलाश में डटे रहे।

## 30 सितंबर तक गेहूं जौ के बीज की ऑनलाइन बुकिंग

**हमीरपुर।** रबी 2026-27 में किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग 50 प्रतिशत अनुदान पर प्रमाणित बीज तथा निःशुल्क बीज मिनी किट उपलब्ध करा रहा है। उप कृषि निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि किसानों के लिए ऑनलाइन बुकिंग जारी है। किसान कृषि विभाग की वेबसाइट, जन सेवा केंद्र, राजकीय कृषि बीज भंडार या क्षेत्रीय कृषि कार्मिक के माध्यम से बुकिंग करा सकते हैं। जनपद में गेहूं, चना, जौ, तोरिया, मटर, मसूर और राई-सरसों के कुल 96,689 पैकेट बुकिंग के लिए शेष हैं। इसके अलावा निःशुल्क मसूर के 1,592 और अलसी के 246 मिनी किट उपलब्ध हैं। गेहूं व जौ की बुकिंग 30 सितंबर तक होगी। दलहन-तिलहन में लक्ष्य के भीतर बुकिंग पर ऑटो-कन्फर्म और अधिक बुकिंग पर ई-लॉटरी से चयन होगा।

## समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे सेवा का लाभः रामकिशोर साहू

**समृद्धि न्यूज़, राठ (हमीरपुर)।**



भाजपा के सेवा संकल्प अभियान के तहत रविवार को श्यामला रिसॉर्ट में बैठक हुई। अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद ने की, जबकि मुख्य अतिथि कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू रहे। कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। रामकिशोर साहू ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर जरूरतमंदों की सेवा व सहायता की जाए। उन्होंने बताया कि 'सेवा से समर्पण, समर्पण से सशक्त भारत' के ध्येय के साथ 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद ने कार्यकर्ताओं से अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन तथा सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। बैठक में विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अतिवृष्टि से तिल की फसल बर्बाद सर्वे न होने से किसान परेशान

**सुमेरपुर।** एक माह से अधिक समय तक हुई बारिश से खरीफ की तिल समेत अन्य फसलों को भारी नुकसान हुआ है। मौसम साफ होने के बाद खेतों में नुकसान देखकर किसान परेशान हैं। किसानों का आरोप है कि अब तक अतिवृष्टि से हुए फसल नुकसान का सर्वे नहीं कराया गया है।ब्लॉक के बांकी, बांक, नदेहरा, पलरा, इंगोहटा, बिदोखर पुरई, बंडा, मवई जार, बिदोखर मेदनी, चंदौली जार, कलका पुरवा, खड़ेही जार, कलौली जार, कल्ला, अतरार, छानी खुर्द, छानी बुजुर्ग, स्वासा बुजुर्ग, स्वासा खुर्द, कुंडौरा, नरायनपुर, उजनेड़ी और दरियापुर सहित कई गांवों में तिल की फसल को नुकसान हुआ है। किसानों के अनुसार खेतों में पानी भरने से हजारों बीघे तिल की फसल नष्ट हुई है। किसानों ने करीब पांच करोड़ रुपये की फसल बर्बाद होने का दावा किया है। किसानों का कहना है



कि अब खेतों में बखराई और जुताई शुरू होगी। समय से सर्वे नहीं हुआ तो वे मुआवजे से वंचित हो सकते हैं। भाकियू नेता संतोष सिंह ने प्रशासन पर सर्वे में लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से शिकायत कर किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग करने की बात कही है। उप कृषि निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि सर्वे के लिए टीम गठित है। इसमें कृषि, राजस्व विभाग और फसल बीमा कंपनी के कर्मचारी शामिल हैं। तिल, उड़द, ज्वार और अरहर का बीमा कराने वाले किसानों को फसल बीमा का लाभ मिलेगा।

## तेज रफ्तार बाइक ने स्कूटी में मारी टक्कर तीन घायल

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के पतारा मोड़ के पास तेज रफ्तार अपाचे बाइक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार समेत बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। सभी को सीएचसी कुरारा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेटा प्रसाद और बाइक सवार प्रांशु को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पतारा गांव निवासी बेटा प्रसाद द्विवेदी उर्फ अन्नू महाराज (60) पुत्र लल्लू प्रसाद शनिवार शाम करीब चार बजे कुरारा से सब्जी लेकर स्कूटी से घर लौट रहे थे। पतारा मोड़ पर गांव जाने के लिए सड़क पार करते समय हमीरपुर की ओर से आ रही अपाचे बाइक ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में बेटा प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक सवार प्रांशु (21) पुत्र अखिलेश यादव निवासी बरुआ और पीछे बैठी खुशी (18) पुत्री लाल सिंह भी घायल हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

## कूटरचित ई-केवाईसी से सिम फार्मिंग गिरोह का खुलासा, वांछित गिरफ्तार

**हमीरपुर।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने कूटरचित ई-केवाईसी के जरिए सिम कार्ड एक्टिवेट कर साइबर अपराधियों को बेचने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से आठ ब्लैंक सिम कार्ड बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, 16 सितंबर को मौदहा क्षेत्र निवासी महिला की तहरीर पर साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान राठ थाना क्षेत्र के सिकन्दरपुरा निवासी आशीष (23) का नाम प्रकाश में आया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे हमीरपुर-राठ रोड स्थित संकरी पीपल तिराहा से गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि आरोपी पीओएस एजेंट के रूप में समूह लोन के लिए केवाईसी कराने के



बहाने लोगों की जानकारी व सहमति के बिना उनके नाम पर सिम जारी कराता था और इन्हें साइबर अपराधियों को बेच देता था। जांच में उसके द्वारा जारी तीन सिम कार्डों से तीन राज्यों में साइबर फ्रॉड की तीन शिकायतें सामने आई हैं। पुलिस ने मुकदमे में संबंधित धाराएं बढ़ाते हुए आरोपी को न्यायालय भेज दिया।

## हथौड़ा मारकर डीएम ने परखी निर्माण कार्य की गुणवत्ता

**झांसी।** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने विकासखंड बामौर के ग्राम डुमरई में समग्र शिक्षा के तहत निर्माणाधीन राजकीय हाईस्कूल भवन का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था यूपी सिडको द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। परियोजना की स्वीकृत लागत 132.77 लाख रुपये है और कार्य 31 अक्टूबर 2026 तक पूरा होना है। वर्तमान में करीब 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण बताया गया। डीएम ने स्वयं हथौड़े से दीवारों की मजबूती जांची। एक कक्ष की दीवार के कुछ हिस्से की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं मिलने, बीम से सरिया बाहर निकले होने और ऊपरी हिस्से की कास्टिंग में कमियां मिलने पर तत्काल सुधार कराने के निर्देश दिए। खिड़कियों और जालियों की फिक्सिंग व वेल्डिंग में भी कमियां मिलने पर नाराजगी जताई।टॉयलेट ब्लॉक में कुछ ईंटों की गुणवत्ता मानक के अनुरूप न मिलने पर उन्होंने मानकविहीन सामग्री का प्रयोग रोकने के निर्देश दिए। एक कक्ष की दीवार में नमी मिलने पर प्रभावी उपाय करने तथा छत पर ब्रिक कोबा से वॉटरप्रूफिंग का कार्य शीघ्र पूरा कराने को कहा।विद्यालय भवन में चहारदीवारी का प्रावधान न होने पर डीएम ने भूमि की सुरक्षा के लिए नियमानुसार ग्राम निधि से तार फेंसिंग कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता स्वीकार नहीं होगा और सभी कमियों को दूर कर निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा कराया जाए।निरीक्षण के दौरान एसडीएम सुनील कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक रती वर्मा, यूपी सिडको के प्रोजेक्ट मैनेजर रजनीश कुमार श्रीवास्तव, सहायक अभियंता सौरभ पिपरैया सहित संबंधित अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

## 'सेवा संकल्प उद्यान' के रूप में विकसित होगा कृषि संस्थान का पार्क

**झांसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत कृषि एवं माइक्रोबायोलॉजी भवन के सामने स्थित पार्क में रविवार को सौंदर्यीकरण एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर और सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया।

**कुलपति प्रो. मुकेश पाण्डेय ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश**

कुलपति ने कहा कि पौधरोपण भावी पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदारी और सेवा भाव का प्रतीक है। पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों से परिसर के हरित क्षेत्रों के संरक्षण में सामूहिक सहभागिता की अपील की।इस दौरान कृषि संस्थान के सामने स्थित पार्क का नाम 'सेवा संकल्प उद्यान' रखने का प्रस्ताव रखा गया, जिसका उपस्थित लोगों ने स्वागत किया। विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए और विश्वविद्यालय परिवार ने उनके संरक्षण के साथ परिसर को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाए रखने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में कृषि संस्थान एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग के सुमिरन श्रीवास्तव, स्मृति त्रिपाठी सहित शिक्षक, अधिकारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# अखंड ब्राह्मण महासभा की मासिक बैठक संपन्न, संगठन विस्तार पर बनी रणनीति

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**

अखंड ब्राह्मण महासभा की मासिक बैठक रविवार को प्रधान कार्यालय मुरली मनोहर मंदिर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन प्रमुख मंजुल पुरोहित ने की। बैठक का आयोजन जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा द्वारा किया गया, जबकि संचालन जिला प्रवक्ता ऋतुल त्रिपाठी ने किया। बैठक में संगठन को मजबूत करने, सदस्यता अभियान को गति देने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने पर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संगठन के विस्तार के लिए विभिन्न सुझाव भी प्रस्तुत किए।इस अवसर पर संगठन में विभिन्न दायित्वों की घोषणा की गई। पंडित राहुल शर्मा को महानगर अध्यक्ष, पंडित नितिन भार्गव को युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष, सौरभ व्यास को युवा प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष तथा



मनीष पांडे को महानगर उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन को मजबूत करने और सदस्यता अभियान को व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने का आह्वान किया गया।बैठक में बुंदेलखंड अध्यक्ष अरविंद तिवारी एवं बुंदेलखंड संयोजक प्रसून तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मासिक बैठक में राघव किशोर तिवारी, श्यामबाबू दीक्षित, प्रशांत पांडे, आशुतोष द्विवेदी, अनूप दुबे, मनोज तिवारी, आदित्य नारायण पांडे, प्रदीप चतुर्वेदी, संकल्प तिवारी, यशवंत द्विवेदी, कृष्ण कुमार द्विवेदी, चंद्रशेखर शर्मा, रविकांत बोहरे, राजेश गोस्वामी, आकाश मिश्रा, नवनीत दीक्षित, राहुल शर्मा, हर्षल गोलवलकर, राजेंद्र दीक्षित, रचना शर्मा, कविता मिश्रा, मंजू शर्मा, अर्चना मिश्रा, मधु भार्गव, दीपा तिवारी, सुशील रावत, सुरेश पांडे, विजय उदैनिया, अरविंद तिवारी, सोनू शर्मा, राहुल मिश्रा, नितिन भार्गव, सौरभ व्यास, महेश पटेरिया, विनय तिवारी, शारदा शर्मा, ज्योति रिछारिया, शिवम कौशिक, रूपम शर्मा, भारतीय मृदुल चतुर्वेदी, ऋतुल त्रिपाठी, प्रीति संज्ञा, मनोज संज्ञा, धर्मेंद्र शुक्ला, अर्चना तिवारी, अनुपम शुक्ला सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।बैठक के अंत में संगठन को और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाने तथा समाज के अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का संकल्प लिया गया।

# रंगमंच पर दिखेगी 25 साल सेवा की कहानी

**पीएम की 25 वर्षों की सेवा यात्रा को नाटक के माध्यम से किया जाएगा जीवंत**

**समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा, समर्पण और सुशासन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर भारत में चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत 'नमो सेवा-अनकही कहानियाँ' कार्यक्रम के तहत विशेष नाट्य मंचनों के तहत रविवार को प्रेस वार्ता जिला पंचायत के झलकारी बाई संभगार में सम्पन्न हुई इसके मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित रही। जालौन में भी एक विशेष



एवं भव्य नाट्य प्रस्तुति आयोजित की जाएगी। इस नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की 25 वर्षों की सार्वजनिक जीवन की यात्रा, राष्ट्र सेवा के प्रति उनका समर्पण, जनकल्याण के लिए किए गए प्रयासों व सुशासन के माध्यम से देश में आए व्यापक बदलावों को जीवंत और भावनात्मक रुप में प्रस्तुत किया जाएगा। गुजरात के मुख्यमंत्री के रुप में उनके कार्यकाल से लेकर प्रधानमंत्री के रुप में देश की सेवा तक की यात्रा को संवाद, अभिनय, संगीत और प्रभावशाली मंचन के माध्यम से दर्शकों के सामने रखा जाएगा। 'नमो सेवा-अनकही कहानियाँ' की प्रस्तुति को सरल, संवेदनशील और संगीतमय स्वरूप दिया गया है, ताकि प्रधानमंत्री जी की सेवा यात्रा और जनकल्याण के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक सहजता से पहुँचाया जा सके। कुशल कलाकार अपने जीवंत अभिनय और प्रभावशाली संवादों के माध्यम से उन प्रेरक प्रसंगों को मंच पर साकार करेंगे। स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों, सामुदायिक केंद्रों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर भी इन प्रस्तुतियों के माध्यम से जनसंवाद स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी का यह अभियान सेवा, सुशासन, अंत्योदय और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास है, जिसमें कला और नाट्य के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की 25 वर्षों की सेवा यात्रा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा जनपद में 20जगह जगह नाटक का मंचन किया जायगा।

## भाजपा आई चुनाव मोड पर, भुवन प्रकाश गुप्ता बने भाजपा के जालौन जिला प्रभारी

**उरई (जालौन)।** भारतीय जनता पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर संगठनात्मक फेरबदल शुरु कर दिया है। प्रदेश नेतृत्व ने वरिष्ठ भाजपा नेता भुवन प्रकाश गुप्ता को जालौन जिले का जिला प्रभारी नियुक्त किया है। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के निर्देश पर प्रदेश महामंत्री ने आधिकारिक पत्र जारी किया है। नवनियुक्त जिला प्रभारी भुवन प्रकाश गुप्ता मूल रूप से औरैया के निवासी हैं। वे औरैया जिले के जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। संगठन में कार्य करने का उनका लंबा अनुभव है। पार्टी सूत्रों के अनुसार जिला प्रभारी के रूप में उनकी जिम्मेदारी जिले की तीनों



विधानसभा क्षेत्रों - जालौन, माधौगढ़ और कालपी में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की होगी। वे मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित कर संगठन के अभियानों को गति देंगे। उनकी नियुक्ति पर विधायक गौरीशंकर वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर बनाजी, पूर्व पालिका अध्यक्ष गिरीश गुप्ता, पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, विजेंद्र प्रताप सिंह राजावत, कैलाश पाटकर, मोनू बाबा, सभासद विवेक कंचन, सभासद ललित शुक्ला, पूर्व सभासद पप्पू चौहान, मलखान सिंह दोहरे, अन्नू शर्मा और रामू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है।

# सपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का जगह-जगह हुआ स्वागत

**कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का आह्वान**

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**

समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का लखनऊ से जिले में पहुंचने पर विभिन्न स्थानों पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। जिले की सीमा से लेकर पार्टी कार्यालय तक कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूलों की माला पहना कर जोरदार अगुवानी की। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा कि 2027 विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा। युवाओं और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी पूरी ताकत से चुनाव मैदान में उतरेगी। दावा किया कि जिले की चारों विधानसभा सीटों पर भारी जीत दर्ज कर सपा मुखिया को मुख्यमंत्री बनाने का काम करेंगे। सपा के नवनियुक्त



जिलाध्यक्ष उमेश यादव का लखनऊ से जिले तक पहुंचने पर रविवार को विभिन्न स्थानों पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। जिले की सीमा पर चिल्ला में सपा कार्यकर्ता जावेद ने अपने सैकड़ों साथियों के साथ नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का फूल मालाओं से स्वागत किया। तारा गांव में भी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। उनका कारवां आगे बढ़ा तो अतरहट गांव में सपा कार्यकर्ता मुन्ना सिंह ने अपने साथियों के साथ ढोल नगाड़े के साथ स्वागत सत्कार किया। पपरेंदा गांव में सपा छात्र सभा पूर्व जिलाध्यक्ष यशवंत यादव ने छात्रों के साथ नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत किया। जमालपुर गांव में अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष मुशीर अहमद फारूकी ने अपने साथियों के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया। बीएसए ऑफिस के पास सपा युवजन सभा राष्ट्रीय सचिव ओम नारायण त्रिपाठी विदित ने अपने तमाम समर्थकों के साथ नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया। रेलवे स्टेशन के पास युवजन सभा जिलाध्यक्ष आमिर खान मन्नी ने जिलाध्यक्ष का फूल मालाओं के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। कालूकुआं चौराहे पर जिला प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी प्रमोद गुप्ता राजा, पीयूष आनंद, जिला सचिव कुदरत उल्ला, वीरेंद्र गुप्ता बाबू ने संयुक्त रूप से नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का फूल माला व ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया। बिजलीखेड़ा स्थित जिला सपा कार्यालय में निवर्तमान जिलाध्यक्ष डा.मधुसूदन कुशवाहा व बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव ने बधाई देते हुए सहयोग का भरोसा दिया।

# जनपद के दो अलग-अलग स्थानों पर कुएं में गिरने से दो महिलाओं की हुई मौत

**समृद्धि न्यूज़, ललितपुर।**

जनपद के दो अलग-अलग स्थान पर कुएं में गिरने से दो अलग-अलग महिलाओं की मौत हो गई। बताया गया है कि थाना बार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तुर्का में खेत पर फसल कटाई के दौरान महिला कुएं से पानी भर रही थी और इस समय पैर फिसल कर गिरने से उसकी मौत हो गई। तो वहीं थाना मदनपुर के ग्राम बारही में भी कुएं के पास से निकलते समय महिला का भी पैर फैसलक़र कुएं के पानी में गिने से डूब कर उसकी मौत हो गई। दोनों ही घटनाओं में दोनों मृतक महिलाओं के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया



है। पहली घटना थाना बार क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तुर्का की है, जहां शनिवार की दोपहर करीब 2 बजे कुएं में डूबने से 55 वर्षीय बैनीबाई की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बैनीबाई पत्नी प्रीतम लोधी अपने खेत पर बने घर से कुएं पर पानी भरने गई थीं। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर उनके नातियों ने परिजनों को बताया। परिजन कुएं के पास पहुंचे, तो वहां पानी भरने के बर्तन पड़े मिले। इसके बाद कुएं में कांटा डालकर तलाश की गई, जिसमें महिला की साड़ी फंसकर बाहर आ गई। ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला गया। तो वहीं इसी तरह की दूसरी थाना मदनपुर के बारई गाँव की है, जहां की रहने बाली 26 वर्षीय प्रवेश कुमारी पत्नी हरनाम लोधी शनिवार की सुबह अपने परिवार की महिलाओं के साथ उर्द की फसल की कटाई करने के लिए गई हुई थी। इसी दौरान दोपहर 2:00 बजे किसी काम के लिए वह कुएं के पास गई और फिर वापस नहीं आई। शाम करीब 4:00 बजे जब परेशान उसे ढूंढते हुए कुयें के पास गए तो पास में ही उसकी चप्पल हसिया और चारा पड़ा हुआ था।

## शराबी ने घर में फंखे से फांसी लगा कर दी जान

**ललितपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत शहर के मोहल्ला सिविल लाइन इलाके में एक शराबी ने अपने ही घर में लगे पंखे पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि शराब की लत के कारण उसकी पत्नी मायके गई और वापस नहीं आई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। शहर के मोहल्ला सिविल लाइन इलाके के क्षेत्रपाल मंदिर के पीछे रहने वाला 22 भोला उर्फ़ पवन पुत्र बीरेंद्र रैकवार शराबी किस्म का था और हमेशा ही शराब पीता था। बताया गया है उसकी शादी पांच पूर्व सम्पन्न हुई थी। लेकिन पति की शराब पीने की आदत से दु:खी होकर उसकी पत्नी अपनी मायके की बापिस चली गई थी, उसके बाद वह वापस नहीं आई।

# 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

## घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद

समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।

कादीपुर पुलिस ने 25 हजार के पुरस्कार घोषित आरोपी मनोज कुमार पाण्डेय उर्फ शिवानन्द पाण्डेय को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है। गिरफ्तारी कोतवाली नगर क्षेत्र में गांधी भंडार दुकान के पास मुखबिर की सूचना पर की गई। गिरफ्तार आरोपी मनोज कुमार पाण्डेय पुत्र स्व. शारदा प्रसाद पाण्डेय निवासी राईबीगो, थाना कादीपुर, उम्र करीब 22 वर्ष है। पुलिस के मुताबिक वह मारपीट और जान से मारने की धमकी के मामले में वांछित चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार का पुरस्कार घोषित किया गया था। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक चाकू बरामद किया गया।पुलिस के अनुसार 17 अगस्त को पुरानी रंजिश को लेकर मनोज ने अपने साथियों अंकित पाण्डेय, नित्कर्ष सिंह व कामता प्रसाद पाण्डेय के साथ सुनील पाण्डेय उर्फ महन्थू के साथ मारपीट की थी। तलवार व चाकू से हमला किए जाने में सुनील गंभीर रूप से घायल हुए थे और उन्हें केजीएमयू लखनऊ में भर्ती कराया गया था, जहां उनका करीब एक माह तक उपचार चला। मामले में गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और तमंचे से फायरिंग का आरोप भी लगाया गया था।गिरफ्तारी करने वाली टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक तरुण कुमार पटेल, कांस्टेबल रोहित सिंह, रमन सिंह व प्रमोद यादव शामिल रहे।

## 46 पीएचसी पर लगा मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला

**सुल्तानपुर।** जिले के सभी 46 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को 271वां मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। मेले में 53 चिकित्सकों और 291 पैरामेडिकल स्टाफ ने स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराईं। बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार मेले में कुल 1738 लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इनमें 744 पुरुष, 820 महिलाएं और 174 बच्चे शामिल रहे। इस दौरान पात्र लाभार्थियों के 18 आयुष्मान गोल्डन कार्ड तथा 18 आभा कार्ड बनाए गए। वहीं, सर्वाइकल कैंसर से बचाव और रोकथाम के उद्देश्य से 51 बालिकाओं को एचपीवी (HPV) का टीका लगाया गया।स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं और बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक भी किया। अधिकारियों ने स्वास्थ्य मेलों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनके नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार और जांच की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही।

# युवा रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।



सुल्तानपुर फाउंडेशन के रक्तदान शिविर में शामिल एसपी विनीत जायसवाल

जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में रविवार को घर फाउंडेशन सुल्तानपुर की ओर से युवा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने रक्तदान करने वाले युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए इसे जरूरतमंदों के जीवन बचाने में महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य बताया।

शिविर का विशेष उद्देश्य पहली बार रक्तदान करने वाले युवाओं को नियमित रक्तदान की मुहिम से जोड़ना रहा। पुलिस अधीक्षक ने युवाओं से स्वेच्छा से रक्तदान करने तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाजसेवा के ऐसे कार्यों में युवाओं की सहभागिता सकारात्मक संदेश देती है।शिविर में जिला अस्पताल के चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी तथा घर फाउंडेशन के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। इनमें अध्यक्ष अनुराग गुप्ता, उपाध्यक्ष सौरभ अग्रवाल व हिमांशु श्रीवास्तव, सचिव हिमांशु अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शिव प्रसाद वर्मा समेत अन्य सदस्य शामिल रहे। बड़ी संख्या में युवाओं ने शिविर में सहभागिता की।

## पुलिस ने 23 लाख के 151 गुम मोबाइल बरामद किए

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।** सर्विलांस सेल और जनपदीय पुलिस टीम ने पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के आधार पर कार्रवाई करते हुए 151 गुम मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार बरामद मोबाइल की अनुमानित कीमत करीब 23 लाख रुपये है। बरामद मोबाइल उनके धारकों को सुपुर्द कर दिए गए। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक बृजनारायण सिंह के पर्यवेक्षण में सर्विलांस सेल ने थानों की पुलिस टीमों के साथ समन्वय कर यह कार्रवाई की। बरामद मोबाइल में वीवो के 40, रियलमी के 26, ओप्पो के 20, रेडमी के 15, सैमसंग के 14, पोको के आठ, मोटो के सात और लावा के छह मोबाइल शामिल हैं। इसके अलावा वनप्लस, इनफिनिक्स, आईक्यूओओ, टेक्नो, आईटेल, नथिंग और ऑनर के मोबाइल भी बरामद हुए।

## चंद लम्हों में बिखर गया पूरा परिवार

**समृद्धि न्यूज, प्रयागराज।** आसमानी आफत इसे ही कहते हैं। जिस परिवार में कुछ देर पहले तक खुशहाली अठखेलियाँ ले रही थी। चंद लम्हों में सब कुछ बिखर गया। हर तरफ चीख-पुकार एवं आंसुओं का गुबार। ऐसा ही एक वाक्या सोरांव में घटित हुआ। मिली जानकारी के मुताबिक सोरांव तहसील के गेट सामने मन्नी लाल यादव की शिवम स्वीट्स हाउस के नाम से दुकान है। उनका बेटा शिवम बीती रात किसी काम से घर से निकला। सोरांव तहसील से करीब तीन किमी की दूरी पर सधनगंज के पास सामने से तेज गति से आ रहे चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। वह मौके पर ही सड़क पर गिर गया। इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो वह मौके पर पहुंचे, लेकिन शिवम की मौत हो चुकी थी।

# जनपद स्तरीय खेलकूद समारोह में मायंग का दबदबा

समृद्धि न्यूज, चांदा, सुल्तानपुर।



सिहौली गांव स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटरमीडिएट कॉलेज में रविवार को 37वां जनपद स्तरीय खेलकूद समारोह आयोजित हुआ। विद्या भारती से जुड़े करीब 25 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने दौड़, कूद, फेंक, कबड्डी, बैडमिंटन और खो-खो समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। समग्र परिणाम में मायंग के छात्र-छात्राओं ने सर्वाधिक अंक हासिल कर ओवरऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। कोइरीपुर की टीम ने द्वितीय और कादीपुर खुर्द ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समारोह का शुभारंभ जिला मंत्री राम अग्रवाल द्विवेदी ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का आह्वान किया। समापन समारोह में युवा समाजसेवी राजेश चंद्र मिश्र और प्रदेश निरीक्षक काशी क्षेत्र राज बहादुर दीक्षित ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

# 2 अक्टूबर तक होंगे 150 'नमो सेवा गाथा' नुक्कड़ नाटक

समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भाजपा की ओर से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सुल्तानपुर में 2 अक्टूबर तक 'नमो सेवा गाथा' के 150 नुक्कड़ नाटक और पांच स्थानों पर नाट्य मंचन प्रस्तावित हैं।

रविवार को भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 25 से 30 मिनट के नुक्कड़ नाटक पंचायतों, सामुदायिक केंद्रों, विद्यालयों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर प्रस्तुत किए जाएंगे। इनमें प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन, केंद्र सरकार की योजनाओं और उनसे जुड़े विषयों को प्रस्तुत किया जाएगा।जिलाध्यक्ष के अनुसार जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक स्थान पर नाट्य मंचन तथा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 30-30 नुक्कड़ नाटक होंगे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस का संयोजन जिला मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने किया। इस दौरान संदीप सिंह, आलोक आर्य, आनंद द्विवेदी, आशीष सिंह रानू और राहुल भान मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।




प्रेस वार्ता करते भाजपा जिलाध्यक्ष

# सई नदी को बचाने के लिए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज, बछरावां रायबरेली।



सई नदी में लखनऊ पीजीआई नाले का गंदा व प्रदूषित पानी छोड़े जाने से नाराज स्थानीय लोगों ने आज जोरदार धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि जहरीले नाले के पानी से सई नदी का अस्तित्व खतरे में है और नदी का जल आचमन योग्य भी नहीं बचा है। धरने में शामिल लोगों ने प्रशासन से मांग की कि तत्काल प्रभाव से पीजीआई नाले के गंदे पानी को सई नदी में जाने से रोका जाए और नदी को प्रदूषण मुक्त किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और बड़ा किया जाएगा। धरने में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे हरिओम चतुर्वेदी, अंशुमान सिंह, सचिन रावत, मनीष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण व युवा मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सई नदी केवल नदी नहीं, बल्कि क्षेत्र की आस्था और जीवनरेखा है, इसे बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## खबरें एक नजर में

### बाइक सवार बदमाश महिला के गले से सोने की चेन छीनकर फरार

**प्रयागराज।** मुंडेरा बाजार में बाइक सवार दो बदमाश एक महिला के गले से सोने की चेन झपटकर फरार हो गए। अचानक हुई वारदात से बाजार में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। जानकारी के मुताबिक, विष्णुपुरी निवासी शैल कुमारी पोंगहट पुल से ई-रिक्शा के जरिए मुंडेरा बाजार पहुंची थीं। बाजार में पहुंचने के दौरान पीछे से बाइक पर सवार होकर आए दो युवकों ने मौका पाकर उनके गले से सोने की चेन झपट ली। इसके बाद दोनों बदमाश बाइक से तेजी से फरार हो गए। वारदात के बाद पीड़िता ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। स्थानीय लोगों ने तत्काल 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। पीड़िता ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर आरोपियों की गिरफ्तारी और लूटी गई चेन बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि बाइक सवार बदमाशों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की जा सके।

### सड़क दुर्घटना में बुजुर्ग का पैर टूटा

**डीह-रायबरेली।** थाना क्षेत्र के हरीनाथ नगर मजरे मऊ गांव निवासी दीपक वर्मा ने पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया कि 19जून की शाम उसके पिता श्यामलाल शौच के लिए पैदल जा रहे थे। तभी पुर कलंदर मजरे थऊरी गांव निवासी अरबाज पुत्र मो अनीस मोटर साइकिल को लापरवाही से चलाते हुए पिता के पीछे से टक्कर मार दिया जिससे उनके काफी गंभीर चोटें आई और उनका बायां पैर टूट गया जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए इलाज करवाने के बाद कार्यवाही के लिए सूचना दिया।पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### अर्ध विक्षिप्त नाती ने अपने नाना पर किया फावड़े से हमला, मौत

**डलमऊ रायबरेली।** घर के बाहर बरामदे में सो रहे एक बुजुर्ग पर उसके ही नाती ने फावड़े से हमला कर दिया लहू लुहान स्थिति में उसे अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन इलाज के दौरान बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे भवानी रामपुर गहिर खेत में बुजुर्ग परमेश्वर यादव पुत्र शीतल दिन उम्र करीब 91 वर्ष घर के बाहर बने हुए बरामदे में सो रहे थे। आधी रात के उपरांत नाती सरवन यादव ने फावड़े से हमला कर दिया चीख पुकार सुनकर परिजन पहुंचे और लहूलुहान हालत में डलमऊ अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया जहां से उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया और इलाज के दौरान मौत हो गई। सीओ गिरजाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि युवक विक्षिप्त था लोहे के औजार से हमला कर दिया था मृतक की बहू सुमन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आरोपी को हिरासत में लिया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### नदी में बहे 17 वर्षीय प्रियांशु का 24 घंटे बाद भी सुराग नहीं

**कटरा मेदनीगंज-प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के करौंदी घाट पर सई नदी में शनिवार शाम नहाते समय डूबे 17 वर्षीय प्रियांशु यादव का 24 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई पता नहीं चल सका है। प्रियांशु धारूपुर गांव (कोतवाली देहात क्षेत्र) का निवासी है और अपने घर का इकलौता चिराग था। उसकी तलाश में परिजनों के साथ गांव के प्रधान सुनील यादव व अन्य ग्रामीण नदी किनारे टकटकी लगाए बैठे हैं, वहीं इकलौते बेटे के साथ हुए इस हादसे से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# बनारस से वडनगर जा रही बाइक यात्रा के सेवायात्रियों का हुआ स्वागत

## राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश सिंह ने सेवायात्रियों का किया उत्साहवर्धन

समृद्धि न्यूज, रायबरेली।



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के 25 वर्षों की यात्रा को समर्पित 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत आज जनपद रायबरेली में 'वाराणसी से वडनगर जल, जन और सेवा संकल्प बाइक यात्रा' के सेवायात्रियों का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ यात्रा में शामिल बाइकर्स का स्वागत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सेवायात्रियों को जलपान भी कराया तथा यात्रा के सफल एवं उद्देश्यपूर्ण संचालन के लिए शुभकामनाएं दीं। उद्यान मंत्री ने कहा कि यह यात्रा सेवा, जनसंपर्क और राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में जनसेवा, सुशासन, विकास एवं राष्ट्रनिर्माण से जुड़े कार्यों और उपलब्धियों का संदेश विभिन्न क्षेत्रों के लोगों तक पहुंचाया जाएगा। वाराणसी से वडनगर जल, जन और सेवा संकल्प बाइक यात्रा' में कुल 600 बाइकर्स प्रतिभाग कर रहे हैं। यह यात्रा सात राज्यों से होकर विभिन्न गांवों एवं क्षेत्रों तक पहुंचेगी। यात्रा का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों से संवाद स्थापित करते हुए सेवा एवं जनकल्याण की भावना को मजबूत करना है। यह यात्रा देश की विविधता में एकता और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को और सशक्त करने के साथ ही समाज के विभिन्न वर्गों को सेवा एवं राष्ट्रनिर्माण के संकल्प से जोड़ने का कार्य करेगी।

# केएनआई में आज से ओरिएंटेशन व सेंसिटाइजेशन कार्यक्रम



**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।** कमला नेहरू संस्थान में 21 सितंबर से ओरिएंटेशन एवं सेंसिटाइजेशन प्रोग्राम शुरू होगा। प्राचार्य प्रो. सुनील प्रताप सिंह के संरक्षण में आयोजित यह ऑनलाइन कार्यक्रम 29 सितंबर तक चलेगा। यूजीसी के एमएमटीसी के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का विषय 'एनईपी-2020 ओरिएंटेशन एंड सेंसिटाइजेशन प्रोग्राम ऑन रिसर्च डेवलपमेंट' रखा गया है। कार्यक्रम में देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के करीब 150 शिक्षक एवं शोधार्थी पंजीकृत हैं। शिक्षा संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. बिहारी सिंह ने बताया कि यह साप्ताहिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान विकास कार्यक्रम असम विश्वविद्यालय, सिलचर और कमला नेहरू संस्थान के शिक्षा संकाय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम में प्रतिदिन दो ऑनलाइन सत्र दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होंगे। देश के विभिन्न शिक्षाविद शोध एवं अनुसंधान से जुड़े विषयों पर प्रतिभागियों को जानकारी देंगे।

प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाणपत्र भी प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक असम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजीव मोहन पंत तथा संरक्षक केएनआई प्राचार्य प्रो. सुनील प्रताप सिंह हैं।

## तीन अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही

**समृद्धि न्यूज, डीह-रायबरेली।** जिला अधिकारी के अनुमोदन पर प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र मोहन सरोज की तहरीर पर परसदेपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के तीन युवकों पर उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना क्षेत्र के दोस्तपुर बुढ़वारा गांव निवासी शुभम सरोज उर्फ अजय पुत्र रामसजीवन जो सरगना है अपने सक्रिय सदस्यों में विजय पासी पुत्र शीतला प्रसाद निवासी टांटा पुर नगर पंचायत परसदेपुर व आशीष पासी पुत्र बंशीलाल निवासी दोस्तपुर बुढ़वारा द्वारा क्षेत्र में अपने निजी फ़ायदे के लिए लूटपाट करते थे जिससे समाज के लोगों में भी व्याप्त था जिनके खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही के लिए जिलाधिकारी को भेजा गया था।

# बिड़ला कार्पोरेशन लिमिटेड 25 टीबी मरीजों को लिया गोद

समृद्धि न्यूज, रायबरेली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत जनपद रायबरेली में टीबी उन्मूलन अभियान को जनभागीदारी से जोड़ते हुए महत्वपूर्ण पहल की गई। इस क्रम में बिड़ला कार्पोरेशन लिमिटेड (सीमेंट डिवीजन) रायबरेली द्वारा कुल 25 टीबी रोगियों को गोद लिया गया। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार शुक्ला ने बताया कि टीबी के इलाज में नियमित रूप से दवाओं का सेवन जितना जरूरी है उतना ही जरूरी प्रोटीनयुक्त पौष्टिक भोजन का सेवन करना है। उन्होंने कहा कि 'सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज के लोग टीबी मरीजों के साथ खड़े होकर टीबी उन्मूलन अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आमजन मानस से निरूक्षय मित्र बनने की अपील करते हुए कहा कि टीबी मुक्त जनपद के लक्ष्य को हासिल करने में हर व्यक्ति अपनी भूमिका निभा सकता है। टीबी मुक्त मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से निरूक्षय मित्र बना जा सकता है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनुपम सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मरीजों की पहचान, जांच और इलाज के साथ उन्हें नियमित फॉलोअप एवं परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है।

## सार्वजनिक रास्ते पर कब्जे को लेकर बढ़ा विवाद

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** जनपद के देवकाली गांव में सार्वजनिक रास्ते पर निर्माण कर आवागमन बाधित करने का आरोप लगाते हुए आक्रोशित ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। रविवार शाम करीब 4:30 बजे प्रार्थना-पत्र देकर ग्रामीणों ने रास्ता खुलवाने की मांग करते हुए बताया कि उनके घरों से सरोज चौराहे तक जाने के लिए यही एकमात्र मुख्य पक्का रास्ता है, जिससे करीब 40 घरों के लोग पिछले 23 वर्षों से आवागमन करते आ रहे हैं। ग्रामीणों ने उमेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह डंगाए, विजय सिंह और अन्य लोगों पर रास्ता रोकने और अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है। उनके मुताबिक, बैनामे के समय से ही कागजात में 13 फीट चौड़ा रास्ता दर्ज है और इसी आधार पर खतौनी में भी 13 फीट जमीन घटाकर दाखिला-खारिज किया गया था।

# भारतीय किसान क्रांति यूनियन ने चलाया सदस्यता अभियान

## अभियान चलाकर नियुक्त किए गए पदाधिकारी


समृद्धि न्यूज, बछरावां रायबरेली।



विकास क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत स्थित भारतीय किसान यूनियन के जिला कार्यालय पर रविवार को संगठन के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव एवं प्रदेश संरक्षक बलराम सिंह के द्वारा सदस्यता अभियान चलाकर पदाधिकारी नियुक्त किए गए। संगठन का उद्देश्य संगठन में नए सदस्यों की नियुक्ति कर संगठन को मजबूती देना है। इसी के तहत नए पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें कि संगठन के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव के द्वारा बाबू शुक्ला को लखनऊ मंडल उपाध्यक्ष, राजू पाठक को जिला संरक्षक, मोहित शुक्ला को जिला उपाध्यक्ष, जयशंकर त्रिवेदी को जिला सचिव, अंकित शुक्ला को जिला महासचिव, शिवम त्रिवेदी को जिला सचिव, अखिलेश कुमार को जिला मंत्री, रामदेव को ब्लॉक उपाध्यक्ष, संदीप रावत को युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एवं पवन शुक्ला को ब्लॉक सचिव पद पर नियुक्त किया गया। तथा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियां देते हुए उन्हें अपनी जिम्मेदारी के प्रति पूर्ण निष्ठा के साथ व्यवहार करने के लिए निर्देशित किया गया। इस मौके पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपने पद की गरिमा को बनाए रखते हुए अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभाने की बात कही गई है। इस मौके पर संगठन के तमाम पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भगवत कथा में कथा व्यास ने सुनाई ध्रुव व वाराह अवतार की कथा

समृद्धि न्यूज, बरउवा-रायबरेली।



ग्राम बरउवा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा व्यास अभिषेक आचार्य जी महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान विष्णु के वाराह अवतार तथा भक्त ध्रुव की कथा का भावपूर्ण एवं आध्यात्मिक वर्णन सुनाया। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान की कथा का श्रवण किया और भक्ति के संदेश को आत्मसात किया। कथा व्यास ने भगवान वाराह अवतार की कथा सुनाते हुए कहा कि जब हिरण्याकश्यप के अत्याचार और अहंकार से पृथ्वी संकट में पड़ गई, तब भगवान विष्णु ने वाराह रूप धारण कर हिरण्याकश्यप का वध किया और पृथ्वी को रसातल से निकालकर पुनः स्थापित किया। उन्होंने कहा कि भगवान का यह अवतार केवल एक पौराणिक प्रसंग नहीं, बल्कि मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण संदेश भी देता है। जब समाज में अहंकार, अधर्म और असंतुलन बढ़ता है, तब धर्म और सत्य की स्थापना के लिए ईश्वर का अवतार होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को संदेश देते हुए कहा कि मनुष्य को अपने जीवन से अहंकार और अधर्म का त्याग कर सत्य, धर्म, सेवा और सदाचार के मार्ग पर चलना चाहिए। पृथ्वी और प्रकृति का संतुलन बनाए रखना भी प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

## समाज की शक्ति संगठन, आत्मीयता और सामूहिक सहभागिता में निहित : रमेश

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर सगरा रोड स्थित श्रीहरि पैलेस में 'प्रमुख जन संगोष्ठी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता काशी प्रांत के प्रांत प्रचारक रमेश जी रहे। शुभारंभ भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन से हुआ। जिला कार्यवाह हेमंत कुमार ने शताब्दी वर्ष के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इसके बाद आयोजित संवाद सत्र में प्रांत प्रचारक रमेश जी ने प्रबुद्ध जनों से चर्चा करते हुए कहा कि समाज की शक्ति संगठन, आत्मीयता और सामूहिक सहभागिता में निहित है। शताब्दी वर्ष उत्सव का ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता को मजबूत करने और राष्ट्र दायित्वों को समझने का अवसर है।

# हादसे को दावत दे रहा सड़क की ओर झुका सूखा पेड़

समृद्धि न्यूज, सतांव-रायबरेली।



गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के खागिया खेड़ा गांव में प्राथमिक विद्यालय के पास गंगादीन के दरवाजे बांदा बहराइच मार्ग के किनारे खड़ा एक सूखा पेड़ राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरे का सबब बना हुआ है। पेड़ पूरी तरह सूख चुका है और सड़क की ओर खतरनाक ढंग से झुक गया है। ऐसे में तेज हवा, आंधी या बारिश के दौरान इसके अचानक सड़क पर गिरने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों के मुताबिक पेड़ काफी समय से सूखा पड़ा है। समय बीतने के साथ इसकी शाखाएं और तना कमजोर हो चुके हैं, जिसके चलते यह लगातार सड़क की ओर झुकता जा रहा है। बांदा बहराइच मार्ग पर दिनभर छोटे-बड़े वाहनों के साथ राहगीरों का भी आवागमन बना रहता है। ऐसे में यदि पेड़ अचानक सड़क पर गिर गया तो बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता। ग्रामीणों का कहना है कि रात के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। अंधेरे में सड़क की ओर झुका सूखा पेड़ वाहन चालकों को समय रहते दिखाई नहीं पड़ सकता। अचानक पेड़ गिरने की स्थिति में वाहन चालक को संभलने का पर्याप्त समय भी नहीं मिलेगा।इससे वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने के साथ राहगीरों की जान भी खतरे में पड़ सकती है।ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों से मामले का तत्काल संज्ञान लेने की मांग की है।ग्रामीणों का कहना है कि किसी अनहोनी का इंतजार करने के बजाय समय रहते मौके का निरीक्षण कराया जाए और सड़क की ओर झुके सूखे पेड़ को हटाया जाए।समय रहते कार्रवाई होने से संभावित दुर्घटना को टाला जा सकता है और राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

# प्रभात कुमार अध्यक्ष व श्वेता यादव महामंत्री निर्विरोध निर्वाचित

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**



नगर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय (केंद्रीय) में आयोजित उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अधिवेशन में ब्लॉक स्तरीय चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। अध्यक्ष पद पर कंपोजिट विद्यालय घिलोई के सहायक अध्यापक प्रभात कुमार तथा महामंत्री पद पर कंपोजिट विद्यालय छिबरामऊ की सहायक अध्यापिका श्वेता यादव को निर्वाचित घोषित किया गया। जिले से नामित पर्यवेक्षकों कौशलेंद्र सिंह एवं घनश्याम दास की देखरेख में चुनावी प्रक्रिया पूरी हुई। अध्यक्ष पद हेतु प्रभात कुमार, महामंत्री पद हेतु श्वेता यादव, कोषाध्यक्ष पद हेतु कंपोजिट विद्यालय भौंराजपुर के सहायक अध्यापक संजय कुमार द्विवेदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तीन पदों हेतु पूर्व माध्यमिक विद्यालय फरीदपुर के सहायक अध्यापक अजय सिंह, कंपोजिट विद्यालय काशीराम कॉलोनी सिकंदरपुर निगोह के सहायक अध्यापक मुइनुद्दीन तथा महिला उपाध्यक्ष पद हेतु पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिकंदरपुर की सहायक अध्यापिका अलका रानी ने नामांकन किया। जांच में सभी नामांकन वैध पाए गए। किसी पद के लिए विरोध में अन्य नामांकन न आने पर पर्यवेक्षकों ने सभी को सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विवेक चतुर्वेदी ने कहा कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शिक्षक हितों की रक्षा एवं संगठन को और मजबूत बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने सभी शिक्षकों से सहयोग का आग्रह किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनूप मिश्रा ने कहा कि दोनों संगठनों के समन्वय से शिक्षक समस्याओं का शीघ्र समाधान संभव होगा। उन्होंने नवनिर्वाचित टीम को बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक महामंत्री ओमकार सिंह, गुगरापुर ब्लॉक अध्यक्ष आलोक चतुर्वेदी, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के निवर्तमान महामंत्री श्यामवीर सिंह, प्रधानाध्यापक राजेश पाठक, दिवाकर त्रिपाठी, प्रवीन यादव, अखिलेश शुक्ला, शशिकान्त शुक्ला, रवि दुबे, मो. आकिल, रावेन्द्र राजपूत, अनूप त्रिपाठी, कमलेश पांडेय, अहिबरन सिंह शाक्य, सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

## पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने चुनाव को लेकर की बैठक

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन हुसैन सिद्दीकी ने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ विशेष चर्चा की। बैठक में क्षेत्र के विकास कार्यों, जनसमस्याओं और राजनीतिक परिस्थितियों पर विस्तार से मंथन किया गया इस दौरान तहसीन हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि '2027 का विधानसभा चुनाव सिर्फ सरकार बदलने का चुनाव नहीं है, ये उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदलने का चुनाव है। आज भाजपा सरकार में किसान, नौजवान, बेरोजगार सब परेशान है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने जो विकास का मॉडल दिया था, आज जनता उसी को याद कर रही है।

# बरसात भी नहीं रोक सकी भक्तों की आस्था

**इंदिरा आवास कॉलोनी में गणेश महोत्सव**

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**



जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी में चल रहे गणेश महोत्सव में शामिल होने के लिए बरसात भी भक्तों की आस्था को रोक नहीं सकी।

पूर्व सैनिक जितेंद्र सिंह ने गणेश जी की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में भगवान श्री गणेश जी को रिझाने के लिए 'गजानन कर दो बेड़ा पार आज हम तुम्हें मनाते हैं' भजन पर यशिका रानी तिवारी ने मनमोहन नृत्य प्रस्तुत किया। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' नाटक का प्रभावशाली मंचन काव्या अरोड़ा, यशिका रानी, आरोही, तनु, खुशबू आदि ने किया। फिल्म हनुमान अंश के प्रसिद्ध गीत 'मैंने तेरे ही सहारे हनुमान सागर में नैया डाल दई' पर स्पर्श तिवारी ने खूब तालियां बटोरी। इसके अलावा अमन शर्मा, आयुष, यीशु, दिव्या, कृष्णा, सूरज, स्पर्श तिवारी, यश तिवारी, आरोही व तनु ने भी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने बरसात होने के बाद भी बड़ी संख्या में आए भक्तों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में गोविंद सिंह यादव प्रशांत तिवारी एडवोकेट, जितेंद्र सिंह, हरिओम मिश्रा, राजू गुप्ता, मनु गुप्ता, पवन, रजनी सक्सेना, अनामिका तिवारी, प्रीति सक्सेना, मीना मिश्रा, रंजना गुप्ता, आशू शाक्य, कृष्णा सविता, सूरज व आशिक आदि का विशेष सहयोग रहा।

# बहू-बेटी सम्मेलन में महिलाओं को अधिकारों व हेल्पलाइन की दी जानकारी



**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

थाना विशुनगढ़ क्षेत्र के ग्राम सरदामई में पुलिस टीम ने बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित कर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। सम्मेलन में बच्चियों, महिलाओं और बुजुर्ग महिलाओं को एकत्र कर मासिक धर्म, एनीमिया, पीसीओडी, पीसीओएस तथा परिवार नियोजन की जानकारी दी गई। एक बच्चे के बाद दूसरे बच्चे की योजना में कम से कम तीन साल का अंतर रखने की सलाह दी गई। इसके साथ ही बालिकाओं की शिक्षा, उनके नाराज होकर घर से चले जाने और महिलाओं के साथ होने वाली घरेलू हिंसा व अत्याचार के संबंध में चर्चा की गई। महिलाओं को सरकार की विभिन्न योजनाओं और महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 1930, 1076, 102, 108 व 1098 की जानकारी दी गई। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के बारे में बताया और बेटों को महिलाओं का सम्मान करने तथा बालिकाओं को बहला-फुसलाकर भगाकर न ले जाने की अपील की। इस दौरान पंपलेट भी वितरित किए गए। सम्मेलन में उपनिरीक्षक हृदयराज उपाध्याय, कांस्टेबल मनोज कुमार, महिला कांस्टेबल सुचेता, अंजू और बीना मौजूद रहीं।

# भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत का जोरदार स्वागत

**डॉ. प्रत्युष द्विवेदी नेतृत्व में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**फूल-मालाओं व पटका पहनाकर जताया सम्मान**

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**



भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ.प्रत्युष द्विवेदी के नेतृत्व में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत का जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान चिकित्सा प्रकोष्ठ की टीम ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाई और पटका डालकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है, उसका वह पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सभी कार्यकर्ताओं का संकल्प होना चाहिए। जिला संयोजक डॉ. प्रत्युष द्विवेदी ने प्रदेश उपाध्यक्ष को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी और कहा कि चिकित्सा प्रकोष्ठ पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी भूमिका निभाएगा। इस मौके पर चिकित्सा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तालग्राम में गणेशोत्सव की धूम, छठवें दिन पूर्व विधायक ने की आरती, दिया एकता का बड़ा संदेश

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।**



नगर तालग्राम में गणेशोत्सव के छठवें दिन भक्ति और उल्लास का माहौल देखने को मिला। विराजमान भगवान गणेश के पंडाल में आयोजक सत्यम शर्मा के बुलावे पर विधानसभा 196 छिबरामऊ के पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी पहुंचे और विधि-विधान से भगवान गणेश की आरती कर प्रसाद ग्रहण किया।

इससे पहले पूर्व विधायक अमोलर क्षेत्र के मवैया गांव में रामनिवास यादव की भतीजी के जन्मदिवस समारोह में शामिल हुए और बच्ची को आशीर्वाद दिया।

आरती के बाद पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि 'गणपति बप्पा विघ्नहर्ता हैं, सभी के दुखों को हरने वाले हैं। यह उत्सव हिंदू-मुस्लिम एकता और गंगा-जमुनी तहजीब का प्रतीक है। तालग्राम में सभी समाज के लोग कंधे से कंधा मिलाकर जिस प्रेम से गणेशोत्सव मना रहे हैं, वह पूरे कन्नौज के लिए मिसाल है। मैं भगवान गणेश से प्रार्थना करता हूं कि क्षेत्र में शांति और खुशहाली बनी रहे।इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### 12 स्वर्ण पदकों के साथ तिर्वा का विद्यालय बना ओवरऑल चैंपियन

**तिर्वा/कन्नौज।** विद्या भारती की ओर से सरस्वती विद्या मंदिर, हमीरपुर में आयोजित प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल विधाओं में प्रतिभाग करते हुए 12 स्वर्ण पदक हासिल किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय को ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने खेल कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थी जीवन का अभिन्न हिस्सा है। खिलाड़ियों की मेहनत और प्रतिभा ने विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि खिलाड़ी आगामी क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं में भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। विद्यालय के प्रबंधक त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी ने खिलाड़ियों, प्रधानाचार्य और शारीरिक प्रमुख आचार्य राम कुमार को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 12 स्वर्ण पदक और ओवरऑल चैंपियनशिप विद्यालय के लिए गौरव की उपलब्धि है। शारीरिक प्रमुख राम कुमार ने खिलाड़ियों के नियमित अभ्यास और अनुशासन की सराहना की। विद्यालय परिवार ने विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### जमीन पर कब्जे के विरोध में पानी की टंकी पर चढ़ी महिला

**तिर्वा/कन्नौज।** जमीन के 13 फीट हिस्से पर कब्जे और कार्रवाई न होने से नाराज 56 वर्षीय महिला रविवार को तिर्वा तहसील मुख्यालय स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गई। करीब दो घंटे तक महिला को नीचे उतारने के लिए अधिकारी और पुलिस समझाते रहे। लिखित कार्रवाई के आश्वासन के बाद महिला नीचे उतरी। हालत बिगड़ने पर उसे पुलिस सुरक्षा में राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। बहादुरपुर गांव निवासी स्व. संतोष राजपूत की पत्नी किरन देवी सुबह करीब पौने 11 बजे तहसील के पास स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गई। जानकारी पर नायब तहसीलदार अमित पाठक, सतीश कन्नौजिया, सीओ कुलवीर सिंह, कोतवाली प्रभारी संजय शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने मोबाइल फोन से महिला से बात कर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया, लेकिन वह लिखित कार्रवाई पर अड़ी रहीं। महिला ने आरोप लगाया कि सौरिख क्षेत्र के नगला डडुअन निवासी राजकुमार ने उनकी जमीन के 13 फीट हिस्से पर कब्जा कर निर्माण शुरू किया है। उनका दावा है कि न्यायालय से स्टे के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। महिला ने संबंधित लेखपाल पर जांच रिपोर्ट लगाने के नाम पर रुपये मांगने का भी आरोप लगाया।

### 25 साल की सेवा यात्रा को नाटक के जरिए दिखाएगी भाजपा

**कन्नौज।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र प्रभारी शंकर लाल लोधी के कन्नौज प्रथम आगमन पर रविवार को कार्यकर्ताओं ने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के फगुआ कट पर स्वागत किया। इसके बाद जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ परिचय बैठक हुई। बाद में प्रेसवार्ता में उन्होंने 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। शंकर लाल लोधी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रदेश में 'सेवा संकल्प अभियान' चल रहा है। अभियान के तहत 'नमो सेवा-अनकही कहानियां' कार्यक्रम में नाट्य प्रस्तुतियों और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से प्रधानमंत्री के सार्वजनिक जीवन की यात्रा, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को प्रस्तुत किया जाएगा।

# राधा अष्टमी पर भंडारे का आयोजन, भाजपा नेता देवेंद्र देव ने किया प्रसाद वितरण

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।**



गुरसहायगंज के तिर्वा रोड स्थित कमला शरण स्कूल के पास श्री राधा अष्टमी के पावन पर्व पर विशाल भंडारे और प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी कानपुर बुंदेलखंड के पूर्व क्षेत्र मंत्री देवेंद्र देव, सभासद शिव गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सभी श्रद्धालुओं ने श्री राधा रानी के जयकारे लगाए और भंडारे में सहयोग किया। इस अवसर पर पूर्व क्षेत्र मंत्री देवेंद्र देव ने कहा कि 'श्री राधा अष्टमी प्रेम, भक्ति और त्याग का प्रतीक है। राधा रानी के बिना श्री कृष्ण की भक्ति अधूरी है। आज के इस भंडारे में जिस तरह से सभी लोग जात-पात से ऊपर उठकर एक साथ प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं, यही सनातन धर्म की असली ताकत है। भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के साथ सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। मैं राधा रानी से कामना करता हूं कि पूरे क्षेत्र में सुख-समृद्धि बनी रहे। इस दौरान सभासद शिव गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# सदगुरु के दर पर हो सकती है सत्य की पहचान

**संत निरंकारी भवन में सत्संग**

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**





पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सत्संग में परम पूज्य महात्मा रिंकी यादव ने कहा सत्य की पहचान सदुरु के दर पर ही हो सकती है।

उन्होंने कहा यह पहचान तब तक नही होती है जब तक आत्मा का नाता परमात्मा से नहीं जुड़ता है और जब तक बैर व नफरत की दीवारें बनी रहती हैं। इसलिए संत महापुरुष हर युग में इंसानों का नाता इस परम सत्य के साथ जोड़ते आये हैं और संत महापुरुष हमेशा से जागृति प्रदान करते आये हैं। उन्होंने अपने अनमोल वचनों में कहा ऐ इन्सान अगर तू गफलत की नीद में ही सोता रहा तो खाली हाथ ही बापस जाना पड़ेगा। अभी समय है अपनी मूल को सुधार करने का क्योंकि अभी तेरा बहुत काम पड़ा है। तुझे सत्य की प्राप्ति करनी है। संत महात्माओं के साथ नाता जोडकर इस परम तत्व का बोध हासिल कर लो। इस आत्मा को यह जो इंसानी जन्म मिला है केवल शारीरिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए नहीं मिला बल्कि प्रभु की भक्ति के लिए मिला है। कहा भी है।कि बड़े भाग मानुष तन पावा सुर दुर्लभ सत् गृन्थ हि गावा। कहने का भाव है कि बड़े भाग्य से यह नर तन मिला है। इसमें बोध हासिल करना है। आत्मा के आवागमन का बंधन मिटाना है। इसलिए आज समय का सदगुरु आवाज दे रहा हैं कि हे इन्सान इस नीद से जागो।

महात्मा शशि प्रभाकर के संचालन में हुए सत्संग में अन्य महात्माओं ने भी अपने विचार और भजन प्रस्तुत करके साध संगत को निहाल कर दिया।

# कांग्रेस के सदस्यता अभियान में दर्जनों लोग शामिल

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**



ब्लॉक सौरिख के ग्राम बिजनौरा में जिलाध्यक्ष मो. शाकिर हुसैन एडवोकेट के नेतृत्व में आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

दलित समाज के बीच हुए इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एआईसीसी कोऑर्डिनेटर एससी-एसटी (कांग्रेस) राजकुमार गौतम की उपस्थिति में ब्रजेश यादव, नेमसिंह गौतम, ब्लॉक प्रभारी जिला महासचिव अमोल दीक्षित तथा ब्लॉक अध्यक्ष मायाप्रकाश के सहयोग से दर्जनों लोगों ने जननायक नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय तथा कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर सदस्यता ली। मुख्य अतिथि राजकुमार गौतम और जिलाध्यक्ष ने पार्टी का पटका पहनाकर नए सदस्यों का स्वागत किया तथा कांग्रेस को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत में जिलाध्यक्ष ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कांग्रेस की नीतियों और कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि जब भी गरीब, पिछड़ा, अल्पसंख्यक, आदिवासी, दिव्यांग या दलित समुदाय पर अत्याचार होगा, कांग्रेस और उसके कार्यकर्ता उनके हक व अधिकार की लड़ाई में सदैव साथ रहेंगे। इस अवसर पर प्रमोद शाक्य, इटावा से प्रमोद संखवार, औरैया से सुमित दोहरे, जिला महासचिव मेराज वारसी, सौरिख नगर अध्यक्ष सलमान खान, ब्लॉक उपाध्यक्ष राजू शाक्य, हाकिम रब्बी, आसिफ हुसैन, आमिर खान, शानू, राधारमन फौजी, राजेन्द्र सिंह सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बच्चों को मिलेगी आधुनिक सुविधा, मंत्री ने अलीपुर जलेसर व कटरी दुर्जनापुर में किया आंगनबाड़ी केन्द्रों का शिलान्यास

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज कन्नौज।**



उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने आज विकास खण्ड गुगरापुर के ग्राम अलीपुर जलेसर तथा विकास खण्ड कन्नौज की ग्राम पंचायत गदनपुर नरहा के मजरा कटरी दुर्जनापुर में आधुनिक आंगनबाड़ी केन्द्रों का विधि-विधान एवं हवन-पूजन के साथ शिलान्यास किया। दोनों केन्द्रों का निर्माण कन्नौज खनिज फाउंडेशन न्यास निधि से 9.98-9.98 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा।

इस अवसर पर मंत्री असीम अरुण ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र बच्चों के प्रारंभिक विकास, पोषण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा की मजबूत आधारशिला हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक एवं सुविधायुक्त केन्द्र बनने से नौनिहालों को सुरक्षित, स्वच्छ और बाल-अनुकूल वातावरण मिलेगा। इन केन्द्रों के माध्यम से बच्चों के साथ-साथ गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को भी शासन की योजनाओं का लाभ बेहतर ढंग से मिल सकेगा।

उन्होंने कहा कि खनिज फाउंडेशन न्यास निधि का उद्देश्य खनन प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। जिन क्षेत्रों से खनिज संपदा प्राप्त होती है, वहां के लोगों को उसका लाभ मिलना चाहिए, इसी उद्देश्य से प्रधानमंत्री जी द्वारा इस न्यास की व्यवस्था की गई है।

मंत्री ने अधिकारियों को गुणवत्ता, पारदर्शिता और समय पर निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण केवल भवन खड़ा करने तक सीमित न रहे, बल्कि यह बच्चों के सर्वांगीण विकास का सशक्त केन्द्र बने।

# चुनाव को लेकर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन हुसैन सिद्दीकी ने की चर्चा

**समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज।**



पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन हुसैन सिद्दीकी ने आगामी चुनाव को लेकर क्षेत्र के लोगों से विशेष चर्चा की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विकास कार्यों, जनसमस्याओं और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक परिस्थितियों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि चुनाव में प्रत्येक मतदाता का वोट महत्वपूर्ण होता है और लोगों को सोच-समझकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

तहसीन हुसैन सिद्दीकी ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं और समर्थकों को अभी से जनसंपर्क बढ़ाने तथा आम लोगों की समस्याओं को समझने की आवश्यकता है। उन्होंने पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) को मजबूत करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने और उनके अधिकारों व समस्याओं को प्रमुखता से उठाने की जरूरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ जनसंपर्क बढ़ाने और लोगों के बीच पहुंच मजबूत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि चुनाव में एक-एक वोट की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। लोगों को क्षेत्र के विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और जनहित से जुड़े मुद्दों को ध्यान में रखकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

इस दौरान आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियों, जनसमस्याओं और संगठन को मजबूत करने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

इस मौके पर रमेश ठाकुर, अमरुद्दीन खान, इमरान, पीला कदीर उर्फ करिया, शमशाद, अय्यूब, पूर्व सभासद अनवर, जमाल सिद्दीकी और जावेद सिद्दीकी मौजूद रहे।

## ग्राम ऊंचा निवासी राम जी तिवारी का आकस्मिक निधन, नगर अध्यक्ष ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम ऊंचा निवासी राम जी तिवारी पुत्र अशोक तिवारी के आकस्मिक निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। उनके निधन पर उनके परिचितों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उनके गुरु कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष संजीव दुबे ने सोशल मीडिया पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि पोस्ट करते हुए लिखा है कि 'मेरे प्रिय शिष्य रामजी तिवारी का आकस्मिक निधन' हो गया है। गुरु द्वारा श्रद्धांजलि पोस्ट करते ही सैकड़ों लोगों ने कमेंट में ओम शांति लिखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। बताया जा रहा है कि राम जी तिवारी एक मिलनसार और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे।

# प्रशासनिक लापरवाही से तिलखोर नदी का अस्तित्व संकट में

**नदी पर अतिक्रमण से पानी अवरुद्ध, फसलें जलमग्न**

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

प्रशासनिक लापरवाही और भूमाफियाओं के अवैध अतिक्रमण के कारण तिलखोर नदी का अस्तित्व तेजी से समाप्त होता जा रहा है।

पुराना सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में हुई बैठक में अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद दुबे ने इस गंभीर मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि तिलखोर नदी पर भूमाफियाओं द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण से नदी का पानी अवरुद्ध हो गया है, जिससे आस-पड़ोस की फसलें जलमग्न हो गई हैं।

दुबे ने जिलाधिकारी से समस्या के तत्काल समाधान और नदी को पुनर्जीवित करने की मांग की। नगर के मोहल्ला सराफान निवासी सनी पांडेय ने बताया कि उनका खेत तिलखोर नदी के पास है। भूमाफियाओं ने अवैध रूप से ढोल डालकर प्लाटिंग के उद्देश्य से नदी का पानी रोक दिया है। परिणामस्वरूप आसपास की फसलें डूब रही हैं और क्षेत्र में बने मकानों में भी पानी भर रहा है।

जलभराव से संक्रमण फैलने का खतरा भी मंडरा रहा है।

पांडेय ने कहा कि इससे पहले भी उन्होंने चार बार इस समस्या की शिकायत की है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला।

स्थानीय लोग प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं, ताकि तिलखोर नदी को बचाया जा सके ताकि किसानों को और नुकसान न हो। बैठक में आसाराम यादव, अजय दुबे, सुरेश सिंह तोमर, प्रदीप दुबे, गुलाब सिंह राठौर आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे हाईस्कूल संस्थागत परीक्षा वर्ष 2024 अनुक्रमांक 1241344426 एवं इंटरमीडिएट के वर्ष 2026 अनुक्रमांक 2266131948 के अंकपत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गए है।

**विकास राजपूत पुत्र रामनरेश ग्राम हरिहरपुर मौजा टूसावरी तिर्वा जनपद-कन्नौज।**

# बप्पा की विदाई पर भक्त हुए भावुक

- अटैना गंगा घाट पर हुआ विसर्जन

**समृद्धि न्यूज, कंपिल।**

गणेश महोत्सव के आखिरी दिन नगर से लेकर अटैना गंगा घाट तक गणपति विसर्जन यात्रा निकाली गई। गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आए जैसे जयकारे, भजन और कीर्तन की धूम, हर तरफ उड़ता अबीर गुलाल, भक्ति रस से सराबोर होकर झूमते श्रद्धालु और पुष्प वर्षा के साथ गणपति से जुदा होने के गम में नम हुई आंखें। कुछ ऐसा ही मंजर दिन भर नगर में देखने को मिला।



विसर्जन यात्रा में मौजूद भक्तगण

नगर के रामलीला ग्राउंड व गंगा रोड पर चल रहे श्री गणेश महोत्सव के संपन्न होने पर रविवार प्रातः आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने सभी देवी देवताओं सहित गणेश जी की पूजा अर्चना की। इसके बाद अबीर गुलाल, ढोल नगाड़ों की धूम के साथ गणपति विसर्जन शोभायात्रा आरंभ हुई। यह नगर के विभिन्न मार्गो से होकर प्रतिमा को विसर्जन के लिये अटैना घाट ले जाया गया। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा और नम आंखों से गजानन को विदाई दी। विसर्जन यात्रा के दौरान मटकी फोड़ने के लिए युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विसर्जन यात्रा के चलते कंपिल अटैना मार्ग पर दोपहर के बाद शाम तक जाम की स्थिति बनी रही। व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना पुलिस जगह.जगह मुस्तैद रही।

**कार और रिक्शे से आए गजानन**

प्रतिमा विसर्जन के दौरान आस्था और विश्वास का नजारा आम हो गया था। प्रतिमाओं को कोई रिक्शे पर लेकर जा रहा था तो कोई कार से घाट पर जा रहा था। नगर से कई श्रद्धालु पैदल भी गजानन को लेकर घाट पर पहुंचे और विसर्जन किया। कोई गजानन के कानों में अपनी मनौती बता रहा था तो कई उनके साथ सेल्फी ले रहा था।

# ब्रह्मकुमारीज़ आश्रम में आयोजित हुआ वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह

- बुजुर्ग ओल्ड नहीं, गोल्ड हैं: मंजूनाथ

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व बीके बहनें

फतेहगढ़ जेएनवी रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सेवाकेंद्र पर रविवार को वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल उपस्थित रहीं, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में बेंगलुरु से पधारे मंजूनाथ भाई ने शिरकत की। संचालन आश्रम प्रभारी बीके सुमन बहन की। मुख्य वक्ता मंजूनाथ भाई ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज के लिए ओल्ड नहीं, बल्कि गोल्ड हैं। वे समाज के उस बीज की भांति हैं, जिनके रोपे गए संस्कारों का फल आने वाली पीढ़ियां खाती हैं। बुजुर्ग हमारे समाज की एक मजबूत छत्रछाया हैं। उन्होंने कहा कि जितना व्यक्ति प्रसन्न रहेगा, उतना ही उसका स्वास्थ्य बेहतर होगा और उम्र बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि प्रकृति ने हमें पांच तत्वों का जो शरीर दिया है और उसमें विराजमान आत्मा रूपी ड्राइवर है, उसका हमें प्रतिदिन धन्यवाद करना चाहिए।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत सांसद ने अमर शहीदों को किया नमन

- गोशाला में सफाई अभियान चलाकर किया वृक्षारोपण

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत रविवार को सांसद मुकेश राजपूत के नेतृत्व में विभिन्न श्रद्धांजलि एवं जन-सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। फतेहगढ़ में अमर शहीद की प्रतिमा का स्नान व माल्यार्पण अभियान के तहत प्रातः 11 बजे फतेहगढ़ विकास भवन मोड़ के निकट स्थित शहीद स्थल पर सांसद मुकेश राजपूत के नेतृत्व में अमर शहीद लेफ्टिनेंट कौशलेन्द्र सिंह राठौर की प्रतिमा को स्नान कराकर भावपूर्ण माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई।



गौशाला में साफ-सफाई करते सांसद मुकेश राजपूत

इस अवसर पर रमला राठौर, अविनाश चंद्र, प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत बढ़पुर, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला कंसल्टेंट्स, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान आरजीएसए के जिला परियोजना प्रबंधक एवं क्षेत्र के अन्य प्रबुद्ध जनों ने शहीद को नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मौधा में शहीदों को नमन, गौ-सेवा और एक पेड़ माँ के नाम रोपण फतेहगढ़ के उपरांत सांसद विकासखंड मोहम्मदाबाद की ग्राम पंचायत मौधा पहुँचे। यहाँ स्थित शहीद स्मारक पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्होंने देश के अमर शहीदों के बलिदान को याद किया।

## पुलिस लाइन में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

- सबूतों पर आधारित जांच का हुआ डेमो

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद पुलिसकर्मी

पुलिस लाइन फतेहगढ़ के परेड ग्राउंड में पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की अध्यक्षता में क्राइम सीन मैनेजमेंट और सबूतों पर आधारित जांच विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विवेचनाओं में वैज्ञानिक साक्ष्यों के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देना और अपराधों के सफल अनावरण एवं गुणवत्तापूर्ण जांच प्रक्रिया को सुदृढ़ करना था। अपराध स्थल प्रबंधन और व्यावहारिक प्रशिक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों को अपराध स्थल को सुरक्षित रखने, वैज्ञानिक एवं प्रभावी तरीके से साक्ष्य संकलन, साक्ष्यों के संरक्षण तथा सही पैकिंग करने के संबंध में महत्वपूर्ण और व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। पुलिसकर्मियों को व्यावहारिक ज्ञान देने के लिए तीन अलग-अलग अपराध स्थलों को रिक्रिएट करके प्रदर्शित किया गया। गनशॉट इंजरी हत्या का क्राइम सीन, हैंगिंग आत्महत्या का क्राइम सीन, महिला के साथ यौन उत्पीड़न एवं हत्या से संबंधित क्राइम सीन प्रदर्शित किया गया।

# यूपीआई टैक्स के भ्रम पर सांसद ने रखा पक्ष

- आज प्रदेश महामंत्री जनपद में करेंगे प्रवास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर रविवार को जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने सेवा संकल्प अभियान के संदर्भ में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी।

साथ ही आगामी 21 सितंबर को प्रदेश महामंत्री शंकरलाल लोधी एवं नवनियुक्त जिला संगठन प्रभारी नरेंद्र राजपूत के जनपद प्रवास एवं संगठनात्मक बैठकों के संबंध में जानकारी दी। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया कि पीएम मोदी के



वार्ता करते सांसद मौजूद जिलाध्यक्ष

सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर नमो सेवा अनकही कहानियां कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत 20 कलाकारों की मंडली स्कूलों, पंचायतों आदि में नाट्य मंचन के जरिए प्रधानमंत्री की जीवन यात्रा और सुशासन को दर्शाएगी। 21 सितंबर को प्रदेश महामंत्री शंकरलाल लोधी और नवनियुक्त जिला प्रभारी नरेंद्र राजपूत जनपद में रहेंगे।

वे आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों और सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा करेंगे। सांसद मुकेश राजपूत ने कांग्रेस और सपा पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए स्पष्ट किया कि सामान्य उपयोगकर्ताओं (व्यक्ति से व्यक्ति) और छोटे व्यापारियों के लिए यूपीआई भुगतान पूरी तरह निःशुल्क है और इस पर कोई अतिरिक्त कर 0.4 प्रतिशत नहीं लगाया गया है। इस दौरान शिवांग रस्तोगी, अमरदीप दीक्षित, गोपाल राठौर, रश्मि द्विवे, कृष्ण मुरारी राजपूत मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### युवक की हत्या के मामले में चार पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के हुसैनपुर नौखंडा लंगड़ापुर गांव में एक युवक की हत्या के मामले में मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने तीन भाइयों सहित चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। रविवार को पुलिस ने अपनी निगरानी में शव का दाह संस्कार कराया। जानकारी के अनुसार, हुसैनपुर नौखंडा लंगड़ापुर निवासी प्रीति ने कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसके पति संदीप के साथ बीते 15 सितंबर की सुबह करीब 5:30 बजे जमकर मारपीट की गई थी। पत्नी का आरोप है कि गांव के ही रहने वाले चंद्रपाल, जयचंद और पिंटू तीनों पुत्र रामनाथ के साथ मिलकर चंद्रपाल के साले नन्हे निवासी शाहजहांपुर ने उसके पति को बुरी तरह पीटा था। मारपीट की इस घटना के बाद, 18 सितंबर की सुबह करीब 9 बजे संदीप गांव के ही हरबक्श पुत्र जोगराज के खेत में अचेत अवस्था में पड़े मिले। हालत गंभीर देख परिजन उन्हें तुरंत डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पति की मौत के बाद पत्नी प्रीति ने 19 सितंबर को कोतवाली प्रभारी को तहरीर सौंपते हुए चारों आरोपियों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन भाइयों सहित चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है।

### खेत की मेड़ काटने को लेकर हुआ विवाद, की गाली-गलौज

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के गांव बलीपुर में खेत की मेड़ काटने और जमीन दबाने को लेकर दो पड़ोसियों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने पड़ोसी पर मेड़ काटकर नई मेड़ बनाने और विरोध करने पर गाली-गलौज कर भगा देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। गांव बलीपुर निवासी अवनीश कुमार का खेत उनके पड़ोसी के खेत के ठीक बगल में है। आरोप है कि शनिवार की रात किसी समय पड़ोसी ने अवनीश के खेत की पुरानी मेड़ काटकर अपनी तरफसे नई मेड़ बना ली। जब अवनीश को इस बात की जानकारी हुई, तो वह स्थिति देखने खेत पर गया। वहां मेड़ कटी मिलने पर वह शिकायत करने पड़ोसी के घर पहुंचा। आरोप है कि शिकायत करने पर पड़ोसी आगबबूला हो गया और उसने अवनीश के साथ गाली-गलौज करते हुए उसे वहां से भगा दिया। पीड़ित अवनीश ने रविवार को थाना नवाबगंज पहुंचकर पुलिस को मामले की शिकायत की और कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मकान निर्माण के विवाद में दबंगों ने पिता-पुत्र को पीटा

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा सिरौली में रविवार को मकान निर्माण कार्य कराने के विवाद में दबंग पड़ोसियों ने घर में घुसकर पिता-पुत्र के साथ मारपीट कर दी। मारपीट की इस घटना में दोनों को गुम चोटें आई हैं। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मामले में दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार, खेड़ा सिरौली निवासी गोविंद दीक्षित रविवार को अपने घर पर निर्माण कार्य करा रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी युवक अपने साथियों के साथ पहुंचा और अकारण गाली-गलौज करने लगा। जब गोविंद ने इसका विरोध किया, तो आरोपी जबरन घर में घुस आए और उनके साथ मारपीट करने लगे। बीच-बचाव करने आए गोविंद के पिता ओमप्रकाश के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। जिससे पिता-पुत्र दोनों चोटिल हो गए। जाते-जाते आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी भी दे गए। घटना के बाद पीड़ित गोविंद ने थाने पहुंचकर पड़ोसी युवक और उसके साथियों के खिलाफ लिखित तहरीर दी। वहीं, दूसरी तरफ से अरविंद ने गोविंद के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

### बकाया मांगने पर परचून दुकानदार व पत्नी को पीटा

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के गांव कलौली महबूल्लापुर में उधारी के रुपये मांगना एक दुकानदार को भारी पड़ गया। बकाया मांगने से नाराज होकर एक युवक और उसके साथियों ने दुकानदार और उसकी पत्नी पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में दंपत्ति दोनों घायल हो गए। पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार कलौली महबूल्लापुर निवासी आशुतोष कुमार की गांव में ही परचून की दुकान है। रविवार को दोपहर लगभग 2 बजे आशुतोष ने गांव के ही एक युवक की पत्नी से दुकान के बकाया रुपये मांगे। इस पर महिला ने रुपये देने से साफइंकार कर दिया और गाली-गलौज करने लगी। विवाद से बचने के लिए आशुतोष चुपचाप अपनी दुकान पर आकर बैठ गया। आरोप है कि कुछ समय बाद उक्त महिला का पति अपने अन्य साथियों के साथ दुकान पर आ धमका। दबंगों ने आशुतोष के साथ लात-घूंसों और लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। पति को पिटता देख जब आशुतोष की पत्नी जूली बीच-बचाव करने आई, तो आरोपियों ने उसकी भी पिटाई कर दी। हमले में आशुतोष और जूली दोनों को चोटें आई हैं। घटना के बाद पीड़ित आशुतोष ने थाने पहुंचकर मामले की लिखित तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है।

# सीओ ऑफिस के पास फेरी वालों के घर से हजारों की चोरी

- दरवाजा खुला छोड़ना पड़ा भारी
- रेलवे क्रॉसिंग की झाड़ियों में मिली खाली पैंट

**समृद्धि न्यूज, कायमगंज।**

कोतवाली क्षेत्र में पुलिस की रात्रि गश्त को धता बताते हुए चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। सीओ ऑफिस और रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित मस्जिद के समीप किराए के कमरे में सो रहे बरेली के फेरी वालों के कमरे से देर रात चोरों ने पांच एंड्रॉयड मोबाइल और 13,100 रुपए की नकदी पार कर दी।

गर्मी और थकान के चलते कमरे का दरवाजा बिना कुंडी लगाए छोड़ना पीड़ितों को भारी पड़ गया। बरेली जिले के फरीदपुर थाना क्षेत्र स्थित गांव



घटना की जानकारी देते पीड़ित

मेहतरपुर निजामिया के रहने वाले बबलू अपने चार अन्य साथियों साजिद, इमरान, फरमान और कासिम के साथ पिछले कुछ दिनों से कायमगंज में किराए के कमरे में रह रहे हैं।

ये सभी साइकिल और ठेले पर दरी, चादर और कंबल बेचने का काम करते हैं। पुलिस को दी गई तहरीर में बबलू ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे सभी साथी अपने मोबाइल चार्जिंग पर लगाकर सो गए थे। गर्मी अधिक होने के कारण दरवाजा अंदर से बंद करने के बजाय केवल सटा दिया गया था। रात करीब 2 से 3 बजे के बीच अज्ञात चोर कमरे में दाखिल हुए और सभी 5 मोबाइल तथा दीवार पर टंगी पैंट चोरी कर ली। पैंट की जेब में 13,100 रुपए की नकदी रखी थी।

सुबह करीब 5 बजे जब एक साथी की आंख खुली तो मोबाइल और पैंट गायब देख हड़कंप मच गया।

कमरे से करीब 100 मीटर दूर रेलवे क्रॉसिंग की तरफ जाने वाली झाड़ियों में चोरी गई पैंट पड़ी मिली, लेकिन उसकी जेबें खाली थीं और सारी नकदी गायब थी।

कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पीड़ितों की ओर से तहरीर प्राप्त हो गई है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# रंगेश्वर महादेव मंदिर में धूमधाम से हुआ प्रभु श्री राम का राज्याभिषेक

- गणेश पंडाल में गूंजीं चौपाइयां
- प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि कीन्हा के साथ हुआ राजतिलक

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**



रंगेश्वर महादेव मंदिर स्थित गणेश पंडाल में प्रभु राम का राज्याभिषेक महोत्सव अत्यंत धूमधाम, श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। समूचा पंडाल भक्तिरस में सराबोर नजर आया। शुभारंभ वैदिक परंपरा और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुआ। प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि कीन्हा की गूंजती चौपाइयों के बीच प्रभु श्री राम का विधि-विधान से राज्याभिषेक संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम का तिलक कर आरती उतारी और एक-दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। राज्याभिषेक पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सपरिवार उपस्थित रहे। उन्होंने प्रभु के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धा रानी संस्थान से समाजसेवी संजय गर्ग भी कार्यक्रम में पहुंचे, जहां उनके द्वारा तुलसी के पौधों का वितरण भी किया गया।

### सड़क किनारे सो रहे युवक की बाइक व मोबाइल गायब

**समृद्धि न्यूज, नवाबगंज।** थाना क्षेत्र में सड़क किनारे आराम कर रहे एक युवक की बाइक और मोबाइल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि पास के ही एक खोखा संचालक ने सामान वापस कराने के एवज में उससे 20 हजार रुपये की मांग की। जानकारी के अनुसार थाने के गांव हाइपुर निवासी सदावीर बुधवार शाम करीब साढ़े चार बजे नवाबगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर स्थित ब्रजरानी इंटर कॉलेज के पास पहुंचे थे। वे अपनी बाइक को कॉलेज के पास खड़ी करके वहीं सड़क किनारे लेट गए। शाम लगभग साढ़े छह बजे जब सदावीर की नींद खुली, तो मौके से उनकी बाइक और पास में रखा मोबाइल फोन गायब था।

## भरखा सलेमपुर में आईएमए के स्वास्थ्य शिविर में 400 मरीजों का हुआ उपचार

- जनसेवा का संकल्प धरातल पर उतर रहा

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ0 कविता शर्मा के नेतृत्व में जनसेवा का संकल्प धरातल पर उतरता दिखाई दे रहा है। संगठन की कमान संभालने के बाद से ही जनहित में लगातार चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को भरखा सलेमपुर चौराहे पर आईएमए और इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के क्षेत्रों



स्वास्थ शिविर में मौजूद चिकित्सक

से पहुंचे 400 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श और निःशुल्क दवाएं वितरित की गई। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की बीमारियों का गहनता से परीक्षण किया। आईएमए अध्यक्ष डॉ0 कविता शर्मा ने कहा संगठन का प्रथम और मुख्य उद्देश्य आम जनता की निःस्वार्थ सेवा और उनके स्वास्थ्य का संवर्धन करना है।

### पशु बांधने को लेकर विवाद में मारपीट व फायरिंग

**समृद्धि न्यूज, कंपिल।** थाना कंपिल क्षेत्र के गांव शेखपुर हुसंगा में जमीन पर पशु बांधने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान मारपीट के साथ फायरिंग भी की गई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मामले में पांच नामजद और दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफभारतीय न्याय संहिता बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शिकायतकर्ता सचिन कुमार उर्फ मोनू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि घटना 5 अगस्त 2026 की सुबह करीब सात बजे की है। उनके चचेरे भाई मनोज कुमार अपनी जमीन पर पशु बांध रहे थे। इसी दौरान सत्यवीर, जदवीर, श्रीकृष्ण, राजेश्वर और अमरपाल ने वहां पहुंचकर विरोध किया और गाली-गलौज करने लगे।

### नवीन मंडी में फल आढ़त की दुकान में लगी आग

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नवीन मंडी स्थल स्थित एक फल आढ़त की दुकान में रविवार दोपहर करीब सवा तीन बजे संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक आग लग गई। घटना की भनक लगते ही मंडी में मौजूद व्यापारियों ने तुरंत दुकान संचालक और फायर ब्रिगेड को सूचित किया।



गनीमत यह रही कि मंडी परिसर में मुस्तैद फायर ब्रिगेड की गाड़ी महज 5 मिनट में मौके पर पहुंच गई और समय रहते आग पर पूरी तरह काबू पा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के अनुसार, हादसा नवीन मंडी परिसर स्थित आर्यन ट्रेडिंग कंपनी में हुआ। दुकान के मालिक धर्मवीर यादव ने बताया कि वह सुबह आढ़त का काम खत्म कर दुकान के शटर में ताला लगाकर मंडी के मुख्य गेट के पास बैठे थे। इसी दौरान साथी आढ़तियों ने उन्हें दुकान में आग लगने की जानकारी दी। पीड़ित व्यापारी के अनुसार, दुकान में रखी क्रेट, लकड़ी का तख्त, कुर्सी, कूलर, गद्दा और लकड़ी का टट्टर जल गया। वहीं आग की लपटों से पास बनी भाई मियां की दुकान का टट्टर भी झुलस गया। घटना में लगभग 10 हजार रुपये के नुकसान का अनुमान जताया गया है। दुकान मालिक ने आग लगने के कारणों को संदिग्ध बताया है। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि आग की सूचना मिलते ही वे अन्य व्यापारियों के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे।

# व्यापारियों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

- यूपीआई पर प्रस्तावित एमडीआर शुल्क का किया विरोध

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

जिला भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा के निर्देश पर रविवार को केंद्रीय वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन सांसद मुकेश राजपूत को सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों ने 15 अक्टूबर से यूपीआई लेनदेन पर प्रस्तावित एमडीआर शुल्क पर पुनर्विचार कर इसे वापस लेने की पुरजोर मांग की है।

15 अक्टूबर से 2,000 रुपये से



सांसद को ज्ञापन सौंपते व्यापारी

अधिक के पर्सन-टू-मर्चेंट यूपीआई लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट लागू करने की घोषणा की गई है।

व्यापारियों का कहना है कि एमडीआर पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगने से इसकी प्रभावी लागत लगभग 0.472 प्रतिशत हो जाएगी। इसका सबसे अधिक नुकसान छोटे और फुटकर व्यापारियों को होगा, क्योंकि जो व्यापारी जीएसटी के दायरे में नहीं आते।

वे इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ नहीं ले पाएंगे।

जिससे यह उनके लिए एक वास्तविक अतिरिक्त लागत बन जाएगी।

व्यापारियों ने आगामी दीपावली और त्योहारी सीजन व्यापार के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण होता है।

और ऐसे समय में नई शुल्क व्यवस्था लागू होने से लागत और प्रशासनिक जटिलताएं बढ़ेंगी।

इस अतिरिक्त लागत से यूपीआई के उपयोग पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है और कुछ मामलों में पुनः नकद लेनदेन की प्रवृत्ति बढ़ सकती है।

अतः डिजिटल अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए 2,000 रुपये से अधिक के लेनदेन पर प्रस्तावित 0.4 प्रतिशत एमडीआर शुल्क को तत्काल वापस लिया जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, प्रदेश संगठन मंत्री/जिला मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता, सुशील अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, अतुल शंकर दुबे, प्रीति तिवारी, आनंद मोहन वर्मा, अरुण गुप्ता, महेश गुप्ता, आशीष वर्मा, कन्हैया लाल, अमित वर्मा आदि मौजूद रहे।

# एसएन साध ट्रस्ट का निःशुल्क दिव्यांग शिविर तीन दिन

**महिला स्वास्थ्य शिविर का भी होगा आयोजन**

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

समाज के जरूरतमंद वर्गों की सहायता और स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से एसएन साध ट्रस्ट द्वारा स्थानीय सेवा केन्द्र एनएकेपी डिग्री कॉलेज के सामने में दो महत्वपूर्ण निःशुल्क शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 22 से 24 सितंबर तक दिव्यांग सहायता शिविर और 18 अक्टूबर को प्रिया नारी पहल के तहत महिला स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। ट्रस्टी राकेश साध ने जानकारी देते हुए बताया कि 22, 23 और 24 सितम्बर को प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक दिव्यांग सहायता शिविर आयोजित होगा। मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग



जानकारी देते राकेश साध

उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डा0 सुबोध कुमार वर्मा और ईएनटी विशेषज्ञ डॉ0 शिखर सक्सेना अपनी सेवाएं देंगे। जयपुर फुट के सहयोग से कृत्रिम पैर, कैलीपर, बैसाखी, कृत्रिम हाथ तथा ऑडियोमीटर टेस्ट के बाद कान की मशीनें निःशुल्क वितरित की जाएंगी। ट्रस्ट द्वारा संचालित स्वस्थ नारी, सशक्त नारी, समृद्ध समाज अभियान के तहत 18 अक्टूबर रविवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक महिलाओं के लिए विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट की प्रिया साध, मधु साध एवं गुंजा जैन ने बताया कि महिलाएं परिवार की सेहत का आधार होती हैं, इसलिए उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है। शिविर में सुविधाएं मिलेंगी, जिनमें महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी सामान्य व स्त्री रोग संबंधी समस्याओं पर परामर्श। स्वास्थ्य जांच, एनीमिया एवं पोषण संबंधी मार्गदर्शन। मासिक धर्म एवं रजोनिवृत्ति पर विशेषज्ञों की सलाह। प्रिया साध ने महिलाओं से अपील की है कि वे अपनी स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को नजरअंदाज न करें। उन्होंने कहा अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना स्वार्थ नहीं, अपनी और परिवार की जिम्मेदारी है। उन्होंने महिलाओं से स्वयं आने के साथ-साथ अपनी माँ, बहन और सहेलियों को भी साथ लाने का आग्रह किया। कार्यक्रम की तैयारियों के दौरान उदय पाल, सुजीत, रोहित गर्ग और अमर साध समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## मर्दनपुर से 11 भक्तों का जत्था साइकिल से वैष्णो देवी के लिए रवाना



**समृद्धि न्यूज, कानपुर।** माँ दुर्गा जनकल्याण समिति, मर्दनपुर के तत्वावधान में इस बार 16वीं माता वैष्णो देवी यात्रा बड़े ही अनोखे अंदाज में शुरू होने जा रही है। समिति का नारा है - 'चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है' और माँ की नगरिया, चले साइकिल सवरिया' मर्दनपुर, कानपुर से जम्मू (कटरा) तक की यह यात्रा साइकिल से पूरी की जाएगी मर्दनपुर (कानपुर) से यात्रा मनसा माता, चंडी माता, नैना माता, चिंतपूर्णी माता, ज्वालामाता, कांगड़ा माता आखिरी में वैष्णो देवी (कटरा ) इस यात्रा में कुल 11 भक्त शामिल होंगे।

# सर सैयद अहमद स्कॉलरशिप परीक्षा में 495 छात्रों ने लिया भाग

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

एजूकेशनल मूवमेंट सोसायटी फतेहगढ़ के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक सर सैयद अहमद स्कॉलरशिप प्रतियोगिता परीक्षा रविवार को जनपद के छह विभिन्न केंद्रों पर सफलतापूर्वक संपन्न हुई। सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित परीक्षा के लिए 500 से अधिक बच्चों ने आवेदन किया था, जिनमें से लगभग 495 परीक्षार्थियों ने उपस्थित होकर परीक्षा दी। परीक्षा को सुचारू और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी छह केंद्रों पर व्यवस्थापकों की मौजूदगी रही। कायमगंज केंद्र पर ज़ीशान अंसारी व राजेश यादव, फर्रुखाबाद केंद्र पर अंसार सिद्दीकी, जुबैर खान व असगर हुसैन, फतेहगढ़ में शमीम खान, तैय्यब खान, शकील अहमद व सुहेल आदिल,


परीक्षा देते परीक्षार्थी

मोहम्मदाबाद में सहरोज अहमद व तसब्बर हुसैन, जरारी केंद्र पर मुबीन सिद्दीकी व फरियाब खान तथा कमालगंज केंद्र पर सुहेल अहमद फारूकी, असलम अब्बासी, तौसीफ़ अली, तौहीद खान और आतिफ़हुसैन आदि ने उपस्थित रहकर परीक्षा संपन्न कराई। सचिव सैयद रिजवान अली ने बताया कि सोसायटी द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन हर साल किया जाता है, जिसमें जूनियर, हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मुस्लिम छात्र-छात्राएं शामिल होते हैं। परीक्षा के माध्यम से 50 से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं का चयन कर उन्हें प्रशस्ति पत्र, मेडल, शील्ड व नगद धनराशि देकर सम्मानित किया जाता है। परीक्षा परिणामों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि नतीजे 17 अक्टूबर से पहले घोषित कर दिए जाएंगे।

## वेद सृष्टि का संविधान, पाखंड और सामाजिक कुरीतियों का करें त्याग


कार्यक्रम में मौजूद लोग

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में चल रहे वेद प्रचार महोत्सव के अंतर्गत रविवार को क्षेत्र के ग्राम उद्दी नगला में सामूहिक यज्ञ और वैदिक सत्संग का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने यज्ञ में आहुतियां देकर क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में वेद प्रचार, संस्कार निर्माण और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जन-जागरण अभियान को बढ़ावा देना था। आचार्य संदीप आर्य ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न कराया। उन्होंने कहा कि वेद सृष्टि का संविधान हैं। परमात्मा ने सृष्टि के आदिकाल में संपूर्ण मानव जाति के कल्याण के लिए यह ज्ञान प्रदान किया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि वेद केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं हैं, बल्कि यह श्रेष्ठ जीवन जीने की वैज्ञानिक और नैतिक दिशा प्रदान करते हैं। बालिस्टर सिंह आर्य ने ग्रामीण समाज में व्याप्त कुरीतियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मृतक भोज जैसी कुरीति के कारण निर्धन परिवारों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ता है और कई लोग कर्ज के तले दब जाते हैं। रमेश आर्य, साहिल कुमार, उन्नति आर्या, नेहा आर्या, कृपाल सिंह, रामबरन सिंह, सर्वेश, उदयवीर सिंह, संजीव, सुनील, विनोद, शिवानी, प्रभा और दीक्षा उपस्थित रहे।

# मेरे सपनों का भारत प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत विषय पर विभिन्न रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं और विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, रचनात्मकता, जागरूकता तथा भारत के उज्ज्वल भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना था। विद्यालय में पोस्टर, भाषण और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने सपनों के भारत की कल्पना को आकर्षक चित्रों व संदेशों के माध्यम से प्रस्तुत किया। वहीं, भाषण प्रतियोगिता में विकसित, स्वच्छ, शिक्षित, आत्मनिर्भर एवं सशक्त भारत के निर्माण पर विचार व्यक्त किए गए। क्विज प्रतियोगिता के जरिए छात्राओं के सामान्य


प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रा

ज्ञान व देश से जुड़ी जानकारी का आकलन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित विशेष प्रदर्शनी में कक्षा 8 से कक्षा 12 तक की छात्राओं द्वारा तैयार किए गए सुंदर पोस्टरों और चार्ट्स ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। भाषण प्रतियोगिता में कु0 करीन, महिमा, वैष्णवी, अंजली और आईशा ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय स्तर पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता में कु0 सुनैना ने प्रथम, मनु दीक्षित ने द्वितीय, पालक यादव ने तृतीय, आरती ने चतुर्थ और कु0 नीरज ने पंचम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या डॉ0 नीतू मसीह ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी, सेवा भावना और भविष्य के भारत के निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा जगाते हैं। संचालन में शिक्षिकाओं वीना एडवर्ड, नीतिका सनी, नेहा मिश्रा, ममता पॉल, भावना लाल, लक्ष्मी और पूजा का विशेष योगदान रहा।

## स्वरूप नगर के बोहो रेस्टोरेंट पर पुलिस का छापा, हुक्का और महंगी शराब बरामद

**समृद्धि न्यूज, कानपुर।** स्वरूप नगर स्थित बोहो रेस्टोरेंट में हुक्का और शराब परोसे जाने की सूचना पर पुलिस ने शुक्रवार देर रात छापा मारा। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने रेस्टोरेंट से आठ हुक्के, सात पाइप, कोयले के आठ पैकेट, तंबाकू के 15 पैकेट और चार खुले पैकेट बरामद किए। इसके अलावा 330 एमएल की 57 बीयर की बोतलें और विभिन्न ब्रांड की महंगी शराब भी मिली। एसीपी स्वरूप नगर ज्योति प्रकाश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रेस्टोरेंट में तलाशी ली। पुलिस के अनुसार, मौके से बीयर, जिन, वोडका और व्हिस्की समेत कई ब्रांड की शराब बरामद हुई। जांच में यह भी सामने आया कि रेस्टोरेंट में बार का लाइसेंस नहीं था। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम और तंबाकू उत्पाद संबंधी धाराओं में कार्रवाई की गई है।

# 8वीं एनडीआरएफ टीम ने किया श्रमदान


स्वच्छता अभियान चलाती एनडीआरएफ टीम

**स्वच्छ भारत, विकसित भारत का दिया संदेश**

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

रविवार सुबह 08 एनडीआरएफ की टीम ने स्वच्छता में सहभागिता-स्वच्छ भारत, विकसित भारत अभियान के तहत एक घंटे का श्रमदान कर समाज के सामने स्वच्छता का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया। टीम के जवानों ने सुबह 7:30 बजे से 8:30 बजे तक डॉ0 भीमराव अंबेडकर स्मारक और उसके आसपास के सार्वजनिक क्षेत्रों में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया। इस दौरान जवानों ने न केवल वहां फैला कूड़ा-कचरा हटाया, बल्कि स्थानीय लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया। इस विशेष स्वच्छता अभियान का नेतृत्व एनडीआरएफके टीम कमांडर निरीक्षक भीम सिंह और उपनिरीक्षक जोगिंदर सिंह ने किया। अधिकारियों के मार्गदर्शन में जवानों ने फावड़े और झाड़ू उठाकर श्रमदान किया।

## खबरें एक नजर में

### राजनैतिक दलों के नेताओं ने किया भंडारे का आयोजन

**बांगरमऊ उन्नाव।** श्रीगणेश शोभा यात्रा नगर भ्रमण के दौरान कई जगह पुष्प वर्षा की गई स वहीं नगर पालिका अध्यक्ष रामजी गुप्ता द्वारा स्टेशन रोड चौराहे के निकट व भाजयुमो जिलाध्यक्ष बालाराव गुप्ता ने अपने प्रतिष्ठान के सामने व भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य युवा भाजपा नेता पुनीत गुप्ता द्वारा हरदोई उन्नाव रोड स्थित आशीष सिंह की दुकान के सामने भंडारे का आयोजन कर हजारों भक्तों को प्रसाद वितरित किया स इसी तरह चयनिका कार्यालय के सामने, लखनऊ रोड चौराहा के निकट, सपा नेता के आवास के बाहर, उन्नाव हरदोई रोड किनारे जगह जगह लोगों ने पंडाल लगा कर प्रसाद वितरण किया।

### चोर ने सोने-चांदी के जेवर किये पार

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ रोड स्थित ग्राम मुस्तफाबाद में शनिवार बीती रात को चोर किसी तरह घर में घुसकर लगभग 12 लाख रूपये के सोने चांदी के जेवर और लगभग पांच हजार रूपये नगदी पार कर फरार हो गए। गृह स्वामी द्वारा घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई थी स लेकिन पुलिस द्वारा जांच के बाद कार्यवाही करने का आश्वासन देकर पीड़ित गृह स्वामी को चलता कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुस्तफाबाद निवासी सोनेलाल लोधी पुत्र भारत लोधी द्वारा 19 सितम्बर को दी गई तहरीर में कहा गया कि रात लगभग एक बजे चोर उसके घर में घुस आए तथा घर के कमरों में रखे बक्से, सेफ आदि के ताले तोड़कर उसमें रखी सोने की अंगूठी, चौन, झुमकी,मांग टीका, हथफूल, नथुनी की व सोने का हार तथा चांदी की पायल आदि जेवर जिनकी कीमत लगभग 12 लाख व 5 हजार की नगदी लेकर चोर फरार हो गए स गृहस्वामी के द्वारा दी गई तहरीर के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और छानबीन कर लौट आई। लेकिन पुलिस ने अभी तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नही की है और ना ही उन्नाव से जांच के लिए किसी टीम को बुलाया गया। वहीं परिजनों का अनुमान है कि चोर घर के पीछे से चढ़कर छत पर पहुंचे और पहले आंगन में पड़े जाल का ताला काट कर अन्दर घुसे और उसके बाद कमरों के ताले तोड़कर कर कमरों के बॉक्स व सेफके लॉक तोड़ कर सोने चांदी के जेवर व नगदी पार कर फरार हो गए हैं स पीड़ित का कहना है कि तहरीर दिए जाने के बाद मुझसे कहा गया था स कि जांच करने के बाद कार्यवाही की जायेगी।

### अज्ञात अधेड़ का मिला शव

**बांगरमऊ उन्नाव।** क्षेत्र के ग्राम जगतनगर के सामने बांगरमऊ बिल्हौर मार्ग के किनारे 50 वर्षीय अज्ञात अधेड़ का शव पड़ा होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतक अधेड़ के शरीर पर मात्र जांघिया था इसके अलावा कोई वस्त्र नही पहने था। बताया जाता है कि रविवार सुबह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगतनगर के उत्तर बिल्हौर मार्ग किनारे का 50 वर्षीय अधेड़ का शव पड़ा देख ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई स सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को बुलाकर काफी देर तक शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की स लेकिन उसकी पहचान नही होने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया है लेकिन अभी उसकी पहचान हेतु मरचरी में रखवा दिया गया। शव की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे है स पुलिस के अनुसार मृतक मानसिक विक्षिप्त था स रात्रि में किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से वह घायल हो गया होगा और वह गंभीर हालत में सड़क किनारे खंती में पहुंच गया स जहां किसी की निगाह नही पड़ी और उसकी मौत हो गई।

## मुरी कंपनी पुल से नीचे गिरी टाटा नेक्सॉन, एक युवक घायल

**समृद्धि न्यूज, कानपुर नगर।** थाना छावनी क्षेत्र के मुरी कंपनी पुल पर बुधवार देर रात करीब 2:45 बजे एक टाटा नेक्सॉन कार अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरी। हादसे में कार सवार अमित शुक्ला पुत्र सुरेश शुक्ला घायल हो गए। उन्हें परिजनों द्वारा उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार, कार को अवनीश शुक्ला पुत्र संतोष शुक्ला निवासी डीलक्स टॉकीज के पास, रेलबाजार, कानपुर नगर चला रहे थे। वाहन में उनके साथ अमित शुक्ला भी सवार थे। मुरी कंपनी पुल के ऊपर पहुंचते ही कार अनियंत्रित हो गई और पुल से नीचे जा गिरी। घटना की सूचना मिलते ही थाना छावनी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।**

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर की अध्यक्षता में कार्यकारिणी विस्तार कार्यक्रम का आयोजन जिला कार्यालय निकट मंगलम मैरिज हाल सिविल लाइन में हुआ जिसमें कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो ने सर्व सम्मति से विभिन्न पदों पर पदाधिकारी मनोनीत किए गए। सभी पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर द्वारा माला पहनाकर एवं लड्डू खिलाकर स्वागत किया गया। मनोनीत पदाधिकारी क्रमशः अंगद सिंह चन्देल (जिला महामंत्री), राजेन्द्र बहादुर सिंह (जिला संगठन मंत्री ), रवीन्द्र सिंह जिला उपाध्यक्ष (शिक्षा प्रकोष्ठ), आदित्य सिंह (बिंदकी तहसील उपाध्यक्ष), प्रेम बहादुर सिंह (जिला कार्यालय प्रभारी), विनय कुमार सिंह



(नगर उपाध्यक्ष), हिमांशू सिंह (युवा नगर संगठन मंत्री ) को सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया। सभी पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई गई। जिलाध्यक्ष विजय सिंह गौर ने सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ मिल जुलकर समाज को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। गरीब, असहाय लोगों की मदद की जाएगी। प्रत्येक रविवार को लगातार नगर, जिला, एवं ब्लॉकों के कार्यकारिणी विस्तार का कार्यक्रम चलता रहेगा। इसमें सभी पदाधिकारी आज से ही लोगों को संगठन से जोड़ने का काम शुरू होगा। संगठन का लक्ष्य है एक लाख सदस्य बनाने का है उसे बहुत जल्द पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नागेंद्र सिंह चौहान, तिलकराज सिंह, समरवीर सिंह चौहान, पंकज सिंह तोमर, मयंक सिंह, अमित परिहार, राकेश सिंह भदौरिया, अमित सिंह, आरपी सिंह भदौरिया आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# खाटू श्याम सेना ट्रस्ट की बैठक संपन्न



**आगामी पदयात्रा की तैयारियों पर हुई चर्चा**

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** खाटू श्याम सेना ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार को जेएनवी रोड स्थित माँ गमा देवी मंदिर प्रांगण में बैठक आयोजित की गई। बैठक श्याम बाबा की आगामी पदयात्रा की पूर्व तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर बुलाई गई थी। बैठक के दौरान पदयात्रा की संपूर्ण रूपरेखा, यात्रा मार्ग, श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा तथा खान-पान की व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने सर्वसम्मति से पदयात्रा को भव्य, अनुशासित और सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सागर कश्यप, विवेक गुप्ता, दीपक कश्यप, सनी राजपूत, महेंद्र बाथम, राहुल राठौर उपस्थित रहे।

# शोभायात्रा में गणपति बप्पा मोरया अगले वर्ष तू जल्दी आ की गूंज

**समृद्धि न्यूज, बांगरमऊ उन्नाव।**

गणेश चतुर्थी के दिन नगर के विभिन्न मोहल्लों में परंपरागत रूप से आयोजित सप्त दिवसीय श्री गणेश महोत्सव का आज रविवार को वेद मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में आहुतियां समर्पित कर समापन किया गया। समापन के बाद श्रद्धालु भक्तों द्वारा सभी आयोजन स्थलों से विशाल श्री गणेश प्रतिमा के साथ नगर में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गणपति बप्पा मोरया अगले वर्ष तू जल्दी आ की गूंज सुनाई दी। शोभायात्रा के दौरान जगह जगह लोगों ने पूजा अर्चना व आरती कर प्रसाद का वितरण किया। दोपहर बाद लगभग चार बजे नगर के नानामऊ मार्ग स्थित कल्याणी नदी के पावन तट पर मूर्तियों का विसर्जन किया गया। जिसमें कुछ प्रतिमाओं का विसर्जन क्षेत्र के नानामऊ गंगा तट पर विधि विधान से किया गया स मुस्तफा बाद सहित गांवो से गणेश




प्रतिमाओं के साथ निकाली गई शोभायात्रा में शामिल प्रतिमाओं का विसर्जन गंगा नदी तट पर बड़े ही धूमधाम के साथ किया गया। नगर के मोहल्ला खत्रियाना में गणेश चतुर्थी 14 सितम्बर को स्थापित श्री गणेश भगवान की मूर्ति का विधि- विधान पूर्वक पूजन एवं हवन तथा महाआरती के बाद भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा नगर के मोहल्ला चौघड़ा पहुंचने पर छोटे कैटरर्स के द्वारा आयोजित गणेश महोत्सव की स्तापित गणेश प्रतिमा भी शोभा यात्रा भी शामिल हो गई। इसी तरह शोभा यात्रा में राघव रस्तोगी के मंदिर व फूलमती देवी मंदिर की गणेश प्रतिमा भी शामिल हो गई। वहां से शोभायात्रा मोहल्ला किला शाह जी, चौघड़ा व गुलाम मुस्तफा होते हुए अस्पताल रोड पर पहुंची। जहां अवधेश गुप्ता तूफानी के यहां स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा भी शोभायात्रा में शामिल हो गयी स शोभायात्रा अस्पताल रोड से हरदोई उन्नाव मुख्य मार्ग होते हुए नौनिहाल गंज,लखनऊ रोड चौराहे से उन्नाव रोड से मोहल्ला सराय, टेढ़ा शिवाला, भटपुरी, छोटी बाजार व मस्तू टोला आदि मोहल्लों से होते हुये नानामऊ रोड पहुंची।

वहां से सभी गणेश प्रतिमाओं को कल्याणी नदी तट तक ले जाने के बाद विधि-विधान से विसर्जन कर दिया गया स मोहल्ला सिद्धार्थ नगर में स्थापित गणेश प्रतिमा हरदोई उन्नाव मार्ग से नानामऊ रोड होते हुए कल्याणी नदी पहुंची स वहीं कोतवाली गेट के निकट स्थापित की गई भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा नानामऊ रोड से कल्याणी नदी तट पर पहुंची और गंगन भेदी जयकारों के साथ गणपति बप्पा मोरया अगले वर्ष तू जल्दी आ की गूंज सुनाई दी स इसी के साथ भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन कर दिया गया। वहीं नगर के नानामऊ रोड स्थिति मंदिर पर सिद्ध विनायक समिति के आकाश वर्मा, रिंकू सिंह, अरुणेश पाल व अवनीश द्वारा स्थापित की गई गणेश प्रतिमा के साथ शामिल सैकड़ों लोगों द्वारा शोभायात्रा निकाली गई स जो नानामऊ रोड से कल्याणी नदी पहुंची लेकिन वहां से गणेश प्रतिमा क्षेत्र के नानामऊ गंगा तट पर शोभा - यात्रा पहुंची जहाँ गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। शोभा यात्रा के दौरान उन्नाव हरदोई मार्ग सहित जगह जगह रास्ते में श्रद्धालु भक्तों द्वारा यात्रा को रोक कर दर्शन,पूजन व प्रसाद का वितरण किया गया। शोभायात्रा में जहां डीजे पर मधुर संगीत के कीर्तन बजाए जाते रहे, वहीं बच्चे और युवक - युवतियां कीर्तन की धुन पर नृत्य करती रहीं।

# असोथर ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश प्रताप, हसवा ब्लॉक अध्यक्ष बने विकास सिंह



**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।**

भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक बैठक रविवार को नहर कालोनी में जिलाध्यक्ष राजकुमार गौतम के नेतृत्व में हुई इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान के 63वें जन्मदिन पर पदाधिकारियों ने केक काटकर उन्हें शुभकामनाएं दीं बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए जिला कार्यकारिणी की ओर से नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया दिनेश प्रताप सिंह को असोथर ब्लॉक अध्यक्ष, नीरज सिंह चौहान को तहसील सदर तथा विकास कुमार सिंह को हसवा ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई सभी को मनोनयन पत्र देकर संगठन हित में कार्य करने का आह्वान किया गया। असोथर ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा उन्होंने खेतों तक पानी नहीं पहुंचने की समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए किसानों के खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंचाने के लिए प्रयास करने की बात कही वहीं हसवा ब्लॉक अध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन उनके लिए उत्सव का दिन है संगठन की ओर से मिली जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन करते हुए गांव-गांव संगठन का विस्तार किया जाएगा ताकि किसानों की समस्याओं को मजबूती से उठाकर उनका समाधान कराया जा सके।

# 50 मरीज ऑपरेशन के लिए सीतापुर रवाना



**समृद्धि न्यूज, भरावन, हरदोई।**

संडीला विधानसभा की समाजसेविका व सपा नेत्री रानी रीता सिंह और कुंवर आनंद सिंह 'अन्नू' ने पूर्व विधायक स्वर्गीय कुंवर महावीर सिंह राजा भरावन की 35 वर्ष पुरानी सेवा परंपरा को आगे बढ़ाते हुए रविवार को गढ़ी भरावन में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन कराया। शिविर में 105 मरीजों का पंजीकरण हुआ। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवानी साहू ने मरीजों की नेत्र जांच की। जांच के बाद 50 मरीजों को ऑपरेशन के लिए सीतापुर नेत्र अस्पताल भेजा गया। इस मौके पर अश्वनी मिश्रा एडवोकेट, शैलेश मिश्रा, दिनेश पाल सिंह, मनोज सिंह, जगत द्विवेदी, खुशी राम, संदीप गुप्ता, राम केशन तिवारी रहे।

# रंगमंच पर दिखेगी 25 साल सेवा की कहानी

**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।**

आज पार्टी कार्यकार्य में पत्रकार वार्ता करते हुए जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा, समर्पण और सुशासन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नमो सेवा-अनकही कहानियाँ कार्यक्रम के तहत विशेष नाट्य मंचनों का आयोजन 24 सितंबर से 15 अक्टूबर तक सभी 6 विधानसभाओं में कुल 174 स्थानों पर नुक्कड़ नाटक एवं नाट्य मंचन किए जाएंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक नमो सेवा गाथा जिला उपाध्यक्ष अपर्णा सिंह गौतम और सह संयोजक गौरव शुक्ला, जिला प्रवक्ता प्रसून तिवारी मौजूद रहें।



इस नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक जीवन की यात्रा, राष्ट्र सेवा के प्रति उनका समर्पण, जनकल्याण के लिए किए गए प्रयासों तथा सुशासन के माध्यम से देश में आए व्यापक बदलावों को जीवंत और भावनात्मक रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा तक की यात्रा को संवाद, अभिनय, संगीत और प्रभावशाली मंचन के माध्यम से दर्शकों के सामने रखा जाएगा। नमो सेवा अनकही कहानियाँ की प्रस्तुति को सरल, संवेदनशील और संगीतमय स्वरूप दिया गया है, ताकि प्रधानमंत्री की सेवा यात्रा और जनकल्याण के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक सहजता से पहुँचाया जा सके।

# सीताकुंड में 'सेवा संकल्प' के तहत चला स्वच्छता अभियान

**किया गया आरती और दीपदान**

**समृद्धि न्यूज़, अयोध्या।**



प्रधानमंत्री के जन्म दिवस 17 सितंबर से 31 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे सेवा संकल्प कार्यक्रम के तहत जिला गंगा समिति, नमामि गंगे द्वारा जल निगम ग्रामीण और नगर निगम के सहयोग से अयोध्या स्थित ऐतिहासिक सीताकुंड में एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान सीताकुंड परिसर और उसके आसपास के क्षेत्रों की गहन सफाई की गई। श्रमदान के पश्चात कुंड पर भव्य आरती का आयोजन हुआ और दीप जलाकर स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से के अश्वनी कुमार सहायक अभियंता जल निगम ग्रामीण, श्वेता साहू जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति नमामि गंगे, मनोज कुमार श्रीवास्तव सदस्य जिला गंगा समिति, प्रोजेक्ट मैनेजर बी. जी. विजयकृष्णन, असिस्टेंट मैनेजर एम. सरवनन, सेफ्टी इंजीनियर अमित कुमार मिश्रा, प्रोसेस इंचार्ज अभिषेक दीक्षित, केमिस्ट आदित्य, मैकेनिकल इंजीनियर ऋषभ, नीरज कुमार जलज असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून नमामि गंगे अयोध्या और सुपरवाइजर विनोद मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिला परियोजना अधिकारी श्वेता साहू ने कहा कि, यह हमारा परम कर्तव्य है कि हम बिना किसी स्वार्थ के अपने आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखें। जब हम अपने कुंडों, नदियों और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखेंगे, तभी हमारा देश भी स्वच्छ और स्वस्थ बनेगा। जल निगम (ग्रामीण) के सहायक अभियंता अश्वनी कुमार ने कहा कि, यह सीताकुंड हमारी ऐतिहासिक धरोहर है और इसे स्वच्छ रखना सिर्फ किसी एक व्यक्ति या विभाग की नहीं, बल्कि हम सभी की साझी जिम्मेदारी व कर्तव्य है। यहां बड़ी संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु आते हैं, इसलिए इसकी सफाई और रखरखाव निरंतर होते रहना बेहद आवश्यक है। वहीं जिला गंगा समिति के सदस्य मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि, धार्मिक व ऐतिहासिक कुंडों और नदियों को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने के लिए जन-सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। 17 सितंबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले इस स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े में सभी नागरिकों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए और स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। साथ ही स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में नगर निगम के सुपरवाइजर, सफाई कर्मचारी एवं जल निगम ग्रामीण के कर्मचारी, संदीप कुमार, शिव, रविंदर, रवि, अमन कुमार तथा दिनेश यादव, मंदिर के पुजारी आदि स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

## लेखपाल संघ सोहावल अध्यक्ष सुशील कुमार के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन



**अयोध्या।** तहसील लेखपाल संघ सोहावल अध्यक्ष सुशील कुमार के नेतृत्व में मुख्य सचिव उप्र शासन को सम्बोधित 8 सूत्रीय ज्ञापन उप-जिलाधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आदित्य विक्रम अग्रवाल को दिया। इस अवसर पर लेखपाल संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश के अनुसार आज ये ज्ञापन दिया गया है। मौजूद पदाधिकारियों ने बताया कि यदि उनकी मांगों को न माना गया तब 22 सितम्बर से अतिरिक्त क्षेत्रों का कार्य बहिष्कार किया जायेगा।

## बाबा डाकवर दास की कुटी उर्फ झंडहवा बाबा मन्दिर की सदियों पुरानी मूर्ति हुई चोरी



**अयोध्या।** रौनाही थाना के सत्ती चौरा पुलिस चौकी क्षेत्र अन्तर्गत देवराकोट के निकट पुरानी डाकवर दास की कुटी के नाम से प्रसिद्ध अब झंडहवा बाबा के नाम से जाने जाना वाले मन्दिर से सदियों पुरानी वेशकीमती मूर्ति को बीती रात चोरो पार कर दिया। स्थानीय लोगों व मन्दिर से जुड़े भक्तों का कहना है कि सदियों पुरानी राम परिवार राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, सीता, लड्डू गोपाल, की वेश कीमती और सदियों पुरानी मूर्ति थी। यह मन्दिर अयोध्या राम के राम जानकी मन्दिर से संबन्धित है। और पुरातत्व विभाग के खाते में दर्ज है। मन्दिर में चोरी की घटना की सूचना क्षेत्र में जंगल की आग की तरह फैली की क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोगों का जमवाडा शुरू होने लगा और चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। और स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दिया। मन्दिर में चोरी की खबर मिलते ही पुलिस प्रशासन के हाथ पाँव फूल गये सी ओ सदर प्रतीक कुमार व थाना प्रभारी रतन शर्मा के साथ चौकी प्रभारी आलोक सिंह ने फारनसिक टीम की मदद से छानबीन शुरू कर दिया है।

## खबरें एक नजर में

### 1.35 किग्रा अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



**महाराजगंज।** पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में नेपाल सीमा से मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना नौतनवा पुलिस एवं एस एस बी की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई जारी है। 20 सितंबर 2026 को कंचनघाट के पास संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल होंडा शाइन यूपी 56 पी 48931 से 1.35 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। मौके से एक अभियुक्त अमरनाथ चौधरी पुत्र रामसुमेर चौधरी, निवासी पिपरा मौनी, थाना फरेंदा, जनपद महराजगंज को गिरफ्तार किया गया है ।उक्त बरामदगी के संबंध में थाना नौतनवा पर मुअसं. 186/2026, धारा 8/20/23 एन डी पी एस एक्टके तहत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। बरामद करने वाली पुलिस टीम/एस एस बी टीम मे उनि जय प्रकाश सिंह, मनीष कुमार, हेकां. सतीश कुमार, कां. गोपाल कुशवाहा,सहायक कमाण्डेन्ट समरजीत सिंह एसआई/जीडी चशनप्रीत सिंह, हेकां./जीडी जय प्रकाश सिंह, कां./जीडी भूपेन्द्र कुमार यादव, शिवम व मु. अजीम अंसारी शामिल रहे।

### कोठीभार पुलिस ने वांछित को किया गिरफ्तार



**महाराजगंज।** पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी द्वारा अपराध की रोकथाम तथा वांछित/वारंटियों की गिरफ्तारी के संबंध में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी निचलौल रविन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी अखिलेश कुमार वर्मा थाना कोठीभार के नेतृत्व में आज दिनांक 20 सितंबर 2026 को थाना कोठीभार पुलिस टीम द्वारा मुअसं. 296/26 धारा 318(4), 316(5), 352, 351(3), 61(2) बी. एन. एस. से संबंधित वांछित अभियुक्त सूर्यप्रकाश भारती को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार अभियुक्त सूर्यप्रकाश भारती ग्राम सिहांचवर कला थाना गड़वार, जनपद बलिया का निवासी है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विनीत कुमार यादव, कां. विवेक कुमार व नीरज कुमार शामिल रहे।

### पुलिस ने गुमशुदा बालिका को बरामद कर परिजनों को सौंपा



**गाज़ीपुर** । थाना जमानिया मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा बालिका को सकुशल बरामद कर परिजन को सुपुर्द किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद गाजीपुर के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत आज दिनांक 20.09.2026 को आवेदक अजय चौहान पुत्र राजेश्वर चौहान निवासी दवालियां थाना रामगढ़ जिला कैमूर (बिहार) द्वारा थाना स्थानीय पर सूचना दिया गया कि वह अपनी पुत्री को इलाज हेतु बरुईन मोड़ स्थित हॉस्पिटल लेकर आया था, जहाँ खेलते-खेलते बच्ची कहीं चली गयी है, काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिलरही है। उक्त सूचना पर तत्काल थाना जमानिया की मिशन शक्ति टीम व चौकी रेलवे स्टेशन पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए संभावित स्थानों पर सघन खोजबीन की गयी। अथक प्रयास से उक्त गुमशुदा बच्ची को रेलवे स्टेशन जमानिया से सकुशल बरामद किया गया तथा उसके पिता अजय चौहान को सकुशल सुपुर्द किया गया। अपनी बच्ची को पाकर पिता द्वारा गाजीपुर पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

### आरोग्य मेले में 223 मरीजों का हुआ निःशुल्क उपचार



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के हलिया, मतवार व मुड़पेली, बरौधा, ड्रमण्डगंज स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को 'मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला' का आयोजन किया गया। इलाज के बाद प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने मरीजों को आवश्यक सलाह दी ।मेले में तैनात चिकित्सकों की टीम ने मौसमी बीमारियां, त्वचा रोग, पेट दर्द, बुखार, रक्तचाप व शुगर से पीड़ित मरीजों की जांच कर उपचार किया। वहीं केंद्र पर मौजूद लैब कर्मियों द्वारा शुगर, हीमोग्लोबिन व मलेरिया की जांच की गई हलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ. विवेक खरे ने 53 मरीजों का उपचार कर उन्हें आवश्यक दवाएं दीं। मतवार स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ. कामेश्वर तिवारी ने 41 मरीजों का इलाज किया गया। इसी प्रकार मुड़पेली में 41 बरौधा में डॉक्टर शालिनी सिंह ने 43 ड्रमण्डगंज में बालकृष्ण मिश्रा ने 47 मरीजों को मुड़पेली में डॉक्टर मनीष कुमार ने 39 मरीजों को चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं ।साथ ही प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल 223 मरीजों का इलाज किया गया व दवाएं दी गयी है। लोगों से बरसात में सुद्ध पानी उबाल कर पीने की सलाह दी।

# यूपी के स्मार्ट गन्ना किसान पोर्टल एवं ई-गन्ना एप का अध्ययन करेगा बिहार का प्रतिनिधिमंडल

**डिजिटल गन्ना प्रबंधन ऑनलाइन पर्ची वितरण का होगा अध्ययन**

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा विकसित 'स्मार्ट गन्ना किसान' पोर्टल एवं 'ई-गन्ना एप' की एकीकृत एवं पारदर्शी डिजिटल व्यवस्था का अध्ययन करने के लिए बिहार सरकार के ईख पदाधिकारी, गन्ना उद्योग विभाग तथा तकनीकी एजेंसी Dexian India Technology Pvt. Ltd. के तीन सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल द्वारा 21 एवं 22 सितम्बर को उत्तर प्रदेश का दो दिवसीय भ्रमण करेगा। उक्त जानकारी जिला गन्ना अधिकारी हूदा सिद्धिकी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में देते हुए बताया कि भ्रमण के दौरान प्रतिनिधिमंडल द्वारा उत्तर प्रदेश में लागू डिजिटल गन्ना प्रबंधन प्रणाली का जमीनी स्तर पर अध्ययन करेगा। इसमें ऑनलाइन गन्ना सर्वेक्षण, बेसिक कोटा, बेसिक सट्टा आगणन, गन्ना कैलेंडरिंग, समानुपातिक एवं पारदर्शी पर्ची निर्गमन, गन्ना आपूर्ति, गन्ना मूल्य भुगतान, ऑनलाइन पर्ची वितरण तथा रियल-टाइम गन्ना आपूर्ति ट्रैकिंग जैसी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल द्वारा किसानों की शिकायतों के ऑनलाइन पंजीकरण एवं उनके त्वरित निस्तारण की प्रक्रिया के साथ-साथ चीनी मिलों एवं गन्ना समितियों के स्तर पर संचालित डिजिटल कार्यप्रणाली का भी अध्ययन किया जाएगा। इस दौरान उत्तर प्रदेश में डिजिटल माध्यम से गन्ना किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, पारदर्शिता तथा प्रभावी अनुश्रवण एवं नियंत्रण की व्यवस्था के संबंध में जानकारी साझा की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में लगभग 48 लाख गन्ना आपूर्तिकर्ता सदस्यों के गन्ने की सुगम एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 158 सहकारी गन्ना विकास समितियों, 28 चीनी मिल समितियों एवं 121 चीनी मिलों के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए स्मार्ट गन्ना विकास प्रोजेक्ट का संचालन किया जा रहा है। बिहार सरकार का प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश की इस डिजिटल व्यवस्था के तकनीकी एवं प्रशासनिक पक्षों को समझने के साथ ही अंतर-राज्यीय डिजिटल ज्ञान साझाकरण के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों एवं तकनीकी विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श करेगा।

# दि आयुष्मान फाउंडेशन की टीम ने सीडीओ से की मुलाकात

**समृद्धि न्यूज़, अयोध्या।**



दि आयुष्मान फाउंडेशन के संस्थापक पवन पटेल के नेतृत्व में संस्था की टीम ने मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह से औपचारिक मुलाकात कर सामाजिक सरोकारों एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर संवाद किया। इस दौरान जरूरतमंद एवं वंचित लोगों तक शासन की मूलभूत सुविधाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा उन्हें संबंधित विभागों से जोड़ने के लिए सामाजिक संस्थाओं और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय पर चर्चा हुई। पवन पटेल ने कहा कि प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं के समन्वित प्रयासों से जरूरतमंद लोगों तक योजनाओं का लाभ और अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है। इस अवसर पर फाउंडेशन की टीम ने स्मृति चिन्ह एवं पटका भेंट कर सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह का सम्मान किया। मुलाकात के दौरान इति सोनकर, सत्यप्रकाश गांधी पांडेय, पुष्पेंद्र पांडेय, नीलम श्रीवास्तव एवं काजल सागर आदि मौजूद रहीं।

## हथेड़ा गांव में महिलाओं को किया जागरूक



**हलिया (मिर्जापुर)।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के द्वितीय चरण के तहत थाना हलिया क्षेत्र के ग्राम हथेड़ा में रविवार को महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया ।कार्यक्रम में पुलिस टीम द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, हेल्पलाइन नंबरों और महिला संबंधी कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं को महिला सशक्तिकरण और आत्मरक्षा के प्रति भी जागरूक किया गया ।इस दौरान निम्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उप निरीक्षक रमाशंकर, कांस्टेबल राजेश कुमार मौर्य एवं महिला आरक्षी सलोनी दिवाकर मौजूद रहीं।

# जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**डीएम की अध्यक्षता में जनगणना कार्मिकों को दी गई जिम्मेदारी**

कुशीनगर। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के सुचारु एवं व्यवस्थित संचालन के लिए की जा रही अग्रिम तैयारियों के क्रम में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद में दो दिवसीय कार्यशाला, प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों, कार्मिकों एवं ऑपरेटरों को द्वितीय चरण की तैयारियों, कार्यप्रणाली एवं दायित्वों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में लखनऊ निदेशालय से नामित जिला जनगणना प्रभारी लवलीन पटेल द्वारा जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, तहसीलदार, जनगणना कर्मियों एवं ऑपरेटरों को जनगणना -2027 के द्वितीय चरण से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान जनगणना कार्य के लिए प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की तैनाती, उनके दायित्वों एवं कार्यक्षेत्र, संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारियों तथा कार्यों के समन्वय के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य को निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपादित किए जाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही जनगणना संबंधी कार्यों में आपसी समन्वय, अभिलेखों के व्यवस्थित संधारण, निर्धारित प्रपत्रों, डाटा की शुद्धता तथा तकनीकी संसाधनों एवं ऑपरेटरों की भूमिका के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। जिसके आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं, नीतियों एवं विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रभावी नियोजन में महत्वपूर्ण आधार प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों को अपने-अपने दायित्वों को गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निभाने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनगणना की तैयारियों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिया।

# हत्यारे को सश्रम आजीवन कारावास की सजा

**10 हजार रुपए का लगा अर्थदण्ड**

**कुशीनगर।** जनपद के कप्तानगंज थाना क्षेत्र में वर्ष 2021 में हुए हत्या के मामले में न्यायालय द्वारा एक अभियुक्त को सश्रम आजीवन कारावास एवं दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत कुशीनगर पुलिस द्वारा निरन्तर प्रभावी पैरवी कर दोषियों को सजा दिलाए जाने के क्रम में थाना कप्तानगंज पर पंजीकृत मुअसं-341/2021 धारा 302 भादवि में दोषी अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय पुलिस, मॉनिटरिंग सेल व अपर जिला शासकीय अधिवक्ता के द्वारा प्रभावी पैरवी व सार्थक कार्यवाही किया गया। जिसके फलस्वरुप अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश- 2 द्वारा अभियुक्त राजेश नट पुत्र दुद्धी नट निवासी कोटवा कप्तानगंज, थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर (हाल मुकाम- सामुदायिक विकास भवन पचार कप्तानगंज, थाना कप्तानगंज के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर अपराध सिद्ध करते हुए उपरोक्त अभियुक्त को सश्रम आजीवन कारावास व कुल 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियुक्त को सजा दिलाने में विवेचक निरीक्षक संजय कुमार सिंह व निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, एडीजीसी संजीव कुमार सिंह, थानाध्यक्ष कप्तानगंज धीरेन्द्र राय, पैरोकार कां. पुनीत कुमार बिन्द का सराहनीय योगदान रहा है।

# 2027 का चुनाव लोकतंत्र बचाने का हैः अशोक यादव

**बिरोही में आयोजित हुआ पीडीए पंचायत एवं जनसवांद**

**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।**



समाजवादी पार्टी ने मिर्जापुर सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बिरोही में पीडीए पंचायत एवं जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक यादव की अध्यक्षता में कार्यक्रम रखा गया था। इस दौरान सैकड़ो लोगो को अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कैलाश चौरसिया, मुन्री यादव, राजेश भारती, रोहित शुक्ला, झल्लू यादव, मकबूल भारती, अभय यादव, सत्यप्रकाश यादव मौजूद रहे। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने पीडीए पंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि 2027 का चुनाव देश के संविधान और और लोकतन्त्र को बचाने का चुनाव है भाजपा देश में हिंदू मुस्लिम करके नफ़रत की राजनीति कर रही है जिस को सफ्ल नहीं होने दिया जाएगा। पीडीए समाज के लोगों से एक जुट होकर समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी जिस को भी टिकट दे सभी मिलकर उसका चुनाव लड़ाएंगे। इस अवसर पर बड़ी तादाद में पीडीए के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोजगार मेला 23 को

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के तहत जनपद के सभी सात विधानसभाओं में वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया जाना है, जिसमें जनपद के रोजगार तलाशने वाले युवकों को सेवायोजित किया जायेगा। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के उद्देश्यो के सापेक्ष सदर विधानसभा में दिनांक 23 सितम्बर, 2026 को जिला सेवायोजन कार्यालय एवं स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर के संयुक्त तत्वाधान में वृहद रोजगार मेला का आयोजन प्रातः दस बजे से स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर में आयोजित होगा। इस मेले में देश भर की विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियाँ/नियोजक प्रतिभाग करेंगे। प्रतिभागी कम्पनियों में मुख्य रूप से प्रमोकाश आउटसोर्स सर्विस प्रा. लि., उत्कर्ष स्मॉल फाईनेंस बैंक वाराणसी, बीआईएह सिक्योरिटी गार्ड, क्वैस कार्पोरेशन प्रा.लि., सेफ एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स, अशोक लिलैण्ड लि.,एम आर एफ टायर्स, लाउन्ड्री मेट, हिन्डाल्को रेनूकोट, नर्स केयर 24, खेतिहर आर्गेनिक, इन्नोवसोस सर्विसेज प्रा.लि., पीएनबी मेट लाईफ, आदि सहित 30 से अधिक कम्पनियों/नियोजकों द्वारा सुरक्षा गार्ड, आपरेशन एसिस्ट, मशीन आपरेटर, हेल्पर, कंस्ट्रक्शन वर्कर, सेल्स ट्रेनर, सेल्स आफिसर, सुपरवाईजर, टेक्निशियन, ईवी तीन पहिया चालक, नैप्स ट्रेनी आदि पदों पर चयन किया जायेगा। नियोजक/कम्पनियों द्वारा अपने रिक्तियों सम्बन्धी समस्त विवरण विभागीय वेबसाइट रोजगार संगम पोर्टल पर प्रदर्शित है। अकुशल श्रमिक, 8वीं, 10वीं, 12वीं, स्नातक/परास्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा, एएनएम, जीएनएम, जीडीए, कौशल प्रशिक्षित, कन्स्ट्रक्शन वर्कर आदि योग्यताधारी अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर अपना पंजीयन करा कर इच्छुक कम्पनियों में अपनी शैक्षिक योग्यता के अनुसार उक्त रोजगार संगम पोर्टल पर अपना आवेदन कर, उक्त मेला में प्रात दस बजे समस्त षैक्षिक योग्यता के मूल प्रमाण पत्रों/छाया प्रति के साथ प्रतिभाग करना सुनिष्चित करें।

# पोक्सो एक्ट में वांछित गिरफ्तार



**भांवरकोल/गाजीपुर।** स्थानीय पुलिस ने पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में वांछित बलिया जनपद के नरहीं निवासी आशीष गोंड़ उर्फ बगडू को रविवार की सुबह कोटवा नारायणपुर चट्टी से गिरफ्तार कर लिया। विधिक कार्रवाई के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर दिया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय ने बताया कि पीड़िता की मां ने गत जुलाई माह में पुत्री को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही थी। इसी बीच रविवार की सुबह मुखबिर से मिली सूचना पर उपनिरीक्षक दयाशंकर सिंह पुलिस टीम के साथ बलिया जनपद की सीमा पर स्थित कोटवा नारायणपुर चट्टी पहुंचे। वहां संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसने अपना नाम आशीष गोंड़ उर्फ बगडू तथा निवासी नरहीं, जनपद बलिया बताया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया।

# तेजी से घटती कृषिगत भूमि से भविष्य में खाद्यान्न व पर्यावरण संकट को क्या मिल रहा बढ़ावा?

**हरिनारायण पटेल**

**लैंड यूज़ मास्टर प्लान सख्ती से लागू करने की दरकार**

**महराजगंज।** नेपाल सीमा से सटे उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र महराजगंज में पिछले कुछ वर्षों से उपजाऊ खेती योग्य जमीन का गैर-कृषि कार्यों (आवासीय प्लाटिंग, ईंट-भट्ठों, व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स और ढाबों) में अंधाधुंध रूपांतरण जारी है। जो मिट्टी कभी देश का पेट भरने वाले धान और गेहूं के उत्पादन के लिए जानी जाती थी, वह अब कंक्रीट के जंगलों में तब्दील हो रही है। इस प्रवृत्ती से जनपद में न केवल तमाम किसानों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो रहा है, बल्कि आने वाले समय में गंभीर सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय दुष्परिणाम झेलने पड़ सकते हैं। गैर-कृषि उपयोग से खाद्यान्न उत्पादन में गिरावट और खाद्य सुरक्षा पर खतरा बढता जा रहा है। महराजगंज की मिट्टी और आबोहवा धान, गेहूं और गन्ना उत्पादन के लिए अत्यंत मुफीद मानी जाती है।कई गन्ना मिलों की बंदी से गन्ना उत्पादन का रकबा घटना गया।वहीं खेती योग्य जमीन के लगातार घटने से जिले का कुल खाद्यान्न उत्पादन प्रभावित हो रहा है। 2948 वर्ग किलोमीटर भौगोलिक क्षेत्रफल वाले जनपद के करीब पौने दो लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में गेहूं, धान, मसूर, सरसों आदि की खेती की जा रही है। जिसमें से तमाम कृषिगत भूमि का अन्य कार्यों में उपयोग बढ़ता जा रहा है। यही स्थिति रही, तो आने वाले दशकों में स्थानीय स्तर पर अनाज और हरी सब्जियों की भारी किल्लत हो सकती है।इस बीच छोटे और सीमांत किसानों के पलायन की स्थिति बढ़ रही है। जमीन के बढ़ते दामों के लालच या बड़े बिल्डरों के दबाव में आकर छोटे किसान अपनी उपजाऊ जमीनें बेच रहे हैं। एक बार जमीन बिक जाने पर किसानों के पास आय का स्थायी जरिया खत्म हो जा रहा है, जिससे वे खेती छोड़ मजदूरी करने और बड़े शहरों की ओर पलायन करने पर मजबूर हो रहे हैं। इसके साथ ही तराई क्षेत्र होने के कारण महराजगंज में भूजल का पुनर्भरण काफी हद तक खुले खेतों और ताल-पोखरे की जमीन से होता है। कंक्रीट के पक्के निर्माण के कारण वर्षा जल जमीन के नीचे नहीं पहुंच पा रहा है। इसके साथ ही, प्राकृतिक जल निकासी के रास्ते बंद होने से हल्की बारिश में भी ग्रामीण और कस्बाई इलाकों में जलभराव की समस्या विकराल रूप ले रही है। काफी संख्या में खुल रहे ईंट-भट्ठों से उपजाऊ मिट्टी और पर्यावरण को नुकसान बढता जा रहा है।जिले में कृषि भूमि पर बिना पुख्ता मानक के ईंट-भट्ठों और औद्योगिक इकाइयों का संचालन हो रहा है। ईंट बनाने के लिए खेतों की ऊपरी 2 से 3 फीट तक की सबसे उपजाऊ मिट्टी निकाल ली जाती है, जिसे पुनः उपजाऊ बनने में सैकड़ों साल लग जाता हैं। भट्ठों से निकलने वाले धुएं से आसपास की फसलों की पैदावार भी प्रभावित हो रही है।जिले मे जमीन की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी और सामाजिक विवाद के बीच अवैध प्लाटिंग और बिना लैंड यूज़ बदलवाए कृषि भूमि को व्यावसायिक दरों पर बेचने के कारण जिले में भू-माफियाओं का वर्चस्व बढ़ा है। इससे फर्जी बैनामे, अवैध कब्जे और आए दिन खूनी भूमि-विवाद के मामले तहसीलों व पुलिस थानों तक पहुंच रहे हैं। इन समस्याओं को लेकर विशेषज्ञों और प्रबुद्ध वर्ग एवं स्थानीय कृषि वैज्ञानिकों और समाजशास्त्रियों का मानना है कि यदि शासन-प्रशासन द्वारा अनियंत्रित लैंड-यूज़ चेंज और अवैध प्लाटिंग पर तुरंत नकेल नहीं कसी गई, तो तराई क्षेत्र का यह धान का कटोरा कहे जाने वाला हरा-भरा जनपद अपनी कृषिगत पहचान खो देगा। ऐसे में कृषि प्रधान जिले के बेहतरी के लिए लैंड यूज़ मास्टर प्लान को सख्ती से लागू किया जाए, ताकि केवल बंजर या कम उपजाऊ भूमि का ही गैर-कृषि उपयोग हो सके।साथ ही अवैध प्लाटिंग पर सख्त कार्रवाई की दरकार है। इसके क्रम में बिना विकास प्राधिकरण/तहसील की अनुमति के खेतों को प्लाटों में काट कर बेचने वाले भू-माफियाओं पर कठोर वैधानिक कार्रवाई किया जाना समय की मांग बन गया है। शासन कृषि योग्य भूमि के गैर उपयोग को सीमित करने के लिए ऊर्ध्वगामी विकास के तहत आवास और दुकानों के लिए क्षैतिज फैलाव के बजाय बहुमंजिला इमारतों को बढ़ावा दिलाए ताकि ज़मीन की बचत हो सके। वरना जनपद का कृषि उत्पादन तथा पर्यावरणीय संतुलन पूरी तरह से बिगड़ जायेगा ।